राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

वर्ष : 13 , अंक : 192, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 26 जनवरी 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 18 वर्ष पूरे कर चुके नौजवानों से मतदाता पहचान पत्र बनवाने और सभी .... पेज 03

नेचर एवं बर्ड फेस्टिवल का आयोजन कराएगी योगी सरकार, 27 जनवरी से दो फरवरी तक .... पेज 05

बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष युगल के फाइनल में .... पेज 07

## मेघवाल ने राष्ट्रपति के साथ डाक टिकट का किया विमोचन

नयी दिल्ली। केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को यहां 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ समावेशी चुनाव विषय पर एक डाक टिकट का विमोचन किया। मेघवाल ने कहा कि चुनाव आयोग ने निष्पक्ष चुनाव कराने का जो कार्यभार लिया था उसमें आयोग की भूमिका काफी सराहनीय रही है। उन्होंने बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के वन पर्सन वन वोट और वन वैल्यू के सिद्धांत की सराहना करते हुये कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर के सहयोग से ही सबको मताधिकार प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा, भारत में जितनी भी समितियां बनी सभी ने चुनाव सुधार की प्रक्रिया के बारे में हमें सजग किया और मैं भारतीय संसद का भी आभार प्रकट करता हूँ क्योंकि हमारे सांसदों ने समय-समय पर चुनाव सुधार के लिये आवाज उठायी। वर्ष 2014 में चुनाव आयोग ने पहली बार उभय लिंगी को सूची में शामिल करके उन्हें मतदान का अधिकार दिया गया जो कि एक बड़ा कदम था साथ ही इस वर्ष से 80 वर्ष के ऊपर के मतदाता और दिव्यांग मतदाताओं के लिये पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की गयी है।

## भारत की आर्थिक वृद्धि दर आगे भी सबसे तेज बनी रहेगी: मुर्मु

### मुर्मु ने 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आकाशवाणी और दूरदर्शन से राष्ट्र के नाम संबोधित किया

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को विश्वास जताया कि इस समय दुनिया में सबसे तेज गति से वृद्धि कर रही भारतीय अर्थव्यवस्था इस वर्ष और इसके बाद भी यह असाधारण प्रदर्शन जारी रखेगी।



मुर्मु ने 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आकाशवाणी और दूरदर्शन से राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को सरकार की 'दूरगामी योजना-दृष्टि' से गति मिली है और आर्थिक वृद्धि को हर तरह से समावेशी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा, हाल के वर्षों में, सकल घरेलू उत्पाद की हमारी वृद्धि दर, प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक रही है। ठोस आकलन के आधार पर हमें पूरा विश्वास है कि यह असाधारण प्रदर्शन, वर्ष 2024 और उसके बाद भी जारी रहेगा। आज का भारत, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। सुदृढ़ और स्वस्थ अर्थव्यवस्था इस आत्मविश्वास का कारण भी है और परिणाम भी।

उन्होंने कहा, यह बात मुझे विशेष रूप से उल्लेखनीय लगती है कि जिस दूरगामी योजना-दृष्टि से अर्थव्यवस्था को गति प्राप्त हुई है, उसी के तहत विकास को हर दृष्टि से समावेशी बनाने के लिये सुविचारित जन कल्याण अभियानों को भी बढ़ावा दिया गया है। इसी संदर्भ में राष्ट्रपति ने कोविड19 महामारी के दिनों में, समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिये लागू योजनाओं का दायरा बढ़ाये जाने का विशेष रूप से उल्लेख किया।

मुर्मु ने कहा, बाद में (महामारी का संकट हटने के बाद), कमजोर वर्गों की आबादी को संकट से उबरने में सहायता प्रदान करने हेतु इन कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखा गया। इस पहल को और अधिक विस्तार देते हुए, सरकार ने 81 करोड़ से अधिक लोगों को अगले पांच साल तक मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि संभवत: यह इतिहास में यह अपनी तरह का सबसे बड़ा जन-कल्याण कार्यक्रम है। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि सरकार की ओर से सभी नागरिकों के जीवन-यापन को सुगम बनाने के लिये अनेक समयबद्ध योजनाएं भी क्रियान्वित की जा रही हैं।

शिलान्यास समारोह



बुलंदशहर में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्य मंत्री वीके सिंह और अन्य लोगों के साथ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी।

## कैंसर पीड़ित बच्चे को डुबाकर मार देने का आरोप

नई दिल्ली/ देहरादून। उत्तराखंड के हरिद्वार में एक परिवार द्वारा अपने 5 साल के कैंसर पीड़ित बच्चे को गंगा में डुबाने का वीडियो वायरल हुआ था। कहा जा रहा था कि पानी में ज्यादा देर तक डूबे रहने के कारण बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद हरिद्वार पुलिस ने बच्चे के माता-पिता और उसकी चाची को गिरफ्तार कर लिया।

हरिद्वार शहर के पुलिस चीफ स्वतंत्र कुमार ने पहले बताया कि आरोपी चाची बच्चे को लेकर गंगा में ले गई थी। उसने बच्चे को पानी के अंदर डुबा दिया। वहीं पर बच्चे के माता-पिता मंत्र का जाप कर रहे थे। वहां मौजूद लोग कुछ देर उन्हें देखते रहे। पुलिस के मुताबिक, परिवार को लगा था ऐसा करने से बच्चे की बीमारी ठीक हो जाएगी।

हालांकि, 24 जनवरी को रात 11: 56 बजे हरिद्वार पुलिस ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि हर की पैड़ी पर महिला द्वारा बच्चे को डुबोकर मारने की बात गलत है।

## शाहजहांपुर में सड़क हादसे में 12 की मौत

### टेंपो को टक्कर लगी तो 6 लोग उछलकर गिरे, टैंकर ने कुचल दिया

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में गुरुवार को हुए भीषण सड़क हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई। यहां टैंकर ने सामने से टेंपो को टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो में सवार करीब 6 सवारियां उछलकर हाईवे पर गिर गई। भागने के चक्कर में टैंकर उनको रौंदता हुआ निकल गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों में 8 पुरुष, 3 महिलाएं और 1 बच्चा है। इनमें से 10 मृतक मदनापुर थाने के दमगड़ा गांव के रहने वाले थे। वहीं, 2 लोग जलालाबाद रहने वाले थे। सभी गंगा स्नान के लिए ढाई घाट जा रहे थे। सुबह 11 बजे हादसा हुआ। एसपी का कहना है कि कोहरे के चलते हादसा हुआ।

हाईवे पर करीब लाशें करीब 50 मीटर तक सड़क पर बिखर गईं। टक्कर से टेंपो कई हिस्सों में बंट गया। छत उड़ गई। कुछ सवारी टेपों में अंदर फंस गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से उनको बाहर निकाला। अल्हागंज के गांव सुगसुगी के पास हादसा हुआ।





### 25 मीटर दूर गिरा ऑटो, सवारिया हाईवे पर

हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टेंपो में सवार कोई भी शख्स नहीं बचा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टैंकर की स्पीड तेज थी, उसने सामने से ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर से करीब 25 मीटर तक ऑटो पीछे की तरफ उछल गया। अंदर बैठी करीब 5-6 सवारियां हाईवे पर गिर गई।

इसके बाद टैंकर चालक ने भागने की कोशिश की। इसमें वह सड़क पर गिरी सवारियों को रौंदते हुए निकल गया। प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि अगर टैंकर नहीं रौंदता तो सवारियों की जान बच सकती थी।

ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। चालक का पता लगाया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक, हादसे में 4 परिवार के दो-दो लोगों की मौत हुई है। इनमें लालाराम और उनके भाई पुत्तू लाल, सियाराम और उनके भाई सुरेश, रंपा और बेटे राहुल, ऑटो ड्राइवर अनंतराम और उनकी मां बसंता की मौत हो गई।

## तेलंगाना में अधिकारी के पास 100 करोड़ की संपत्ति मिली

### एसीबी ने 40 लाख कैश, 2 किलो सोना, महंगी घड़ियां और गैजेट्स जब्त किए

हैदराबाद। तेलंगाना सरकार में अधिकारी शिव बालाकृष्ण के ठिकानों से 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है। उनके पास से 40 लाख रुपए कैश, 2 किलो सोना, 60 महंगी घड़ियां, 14 स्मार्ट फोन, 10 लैपटॉप, अचल संपत्तियों से संबंधित कई दस्तावेज और नोट गिनने वाली मशीनें मिली हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो की 14 टीमों ने बुधवार (24 जनवरी) को बालाकृष्ण और उनके रिश्तेदारों के राज्य भर में 20 ठिकानों पर रेड की थी। बालाकृष्णा तेलंगाना रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी के सेक्रेटरी हैं। बालाकृष्ण हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के डायरेक्टर भी रह चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एसीबी ने बालाकृष्ण को गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ पद का दुरुपयोग करते हुए आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का केस दर्ज किया गया है। आज उन्हें कोर्ट के सामने पेश किया जाएगा। एसीबी का आरोप है कि हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के डायरेक्टर के पद पर रहते हुए बालाकृष्ण ने अकूत संपत्तियां अर्जित कीं। उन्होंने कई रियल एस्टेट कंपनियों के लिए परमिट की सुविधा देकर करोड़ों रुपए कमाए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक एसीबी के अधिकारियों को बालाकृष्ण के पास से और ज्यादा पैसा और संपत्ति मिलने की उम्मीद है। उनके नाम 4 बैंकों में लॉकर मिले हैं, जिन्हें खोला जाएगा। एसीबी ने बताया है कि वे बालकृष्ण से जुड़े अधिकारियों से भी पूछताछ करेंगे।



## उज्जैन में सरदार पटेल की मूर्ति को ट्रैक्टर चढ़ाकर गिराया

### दो पक्षों में पथराव, गाड़ियां जलाई, तोड़फोड़; 6 राउंडअप, टीआई निलंबित

उज्जैन। उज्जैन के माकड़ोन में गुरुवार सुबह दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति उखाड़कर तोड़फोड़ करने पर हुआ। एक पक्ष के लोगों ने ट्रैक्टर चढ़ाकर मूर्ति गिरा दी। फिर रॉड और पत्थर मारकर मूर्ति में तोड़फोड़ की। इससे दूसरा पक्ष नाराज हो गया।

दोनों पक्षों में पथराव हुआ और लाठियां चलीं। उग्र भीड़ ने कई गाड़ियों में भी तोड़फोड़ कर दी। कुछ गाड़ियों में आग लगा दी। कई दुकानों में भी पथराव किया गया है। पथराव में सब इंस्पेक्टर लालचंद शर्मा घायल हुए हैं। कुछ और लोगों को भी चोट आई हैं।



माकड़ोन के अलावा उज्जैन और तराना से भी भारी तादाद में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। हल्का बल प्रयोग कर उग्र भीड़ को तितर-बितर किया। 6 लोगों को राउंडअप किया है। बवाल के बाद माकड़ोन के झड्डु भीम सिंह देवड़ा को निलंबित कर दिया गया है। एहतियातन मौके पर पुलिस फोर्स तैनात है।

माकड़ोन मंडी गेट और बस स्टैंड के पास जमीन खाली पड़ी है। भीम आर्मी चाहती है कि यहां डॉ. आंबेडकर की मूर्ति लगाई जाए।

जबकि, पाटीदार समाज के लोग सरदार पटेल की मूर्ति लगाने की मांग करते आ रहे हैं। मामला पंचायत में विचाराधीन है। बुधवार रात असामाजिक तत्वों ने इस जमीन पर सरदार पटेल की मूर्ति स्थापित कर दी।

## पाकिस्तान खुद की लगाई आतंक की आग में जल रहा है : भारत

नयी दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों द्वारा लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी शाहिद लतीफ की हत्या के पीछे भारतीय खुफिया एजेंसियों की भूमिका के पाकिस्तान सरकार के आरोपों को खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान ने आतंक एवं हिंसा की जो आग लगाई आग लगाई है, आज वह उसी में भस्म हो रहा है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने पाकिस्तान विदेश सचिव मुहम्मद साइरस सज्जाद काजी द्वारा की गई टिप्पणियों के संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, %हमने पाकिस्तान के विदेश सचिव की कुछ टिप्पणियों के संबंध में मीडिया रिपोर्टें देखी हैं।

## आईएसआईएस को फंडिंग कर रहा इंजीनियर गिरफ्तार

### 3 बार पैसा सीरिया भेजा; महाराष्ट्र एटीएस ने गिरफ्तार किया

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र एटीएस ने बुधवार (24 जनवरी) को नासिक से एक इंजीनियर को गिरफ्तार किया है। इस शख्स पर आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ ईराक एंड सीरिया का समर्थन और फंडिंग करने का आरोप है। एटीएस के मुताबिक 32 साल का यह आरोपी इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का बिजनेस करता है।

जांच के दौरान पता चला है कि उसने आईएसआईएस को तीन बार पैसा ट्रांसफर किया है। आतंकवाद निरोधी दस्ता अब इंजीनियर के दूसरे राज्यों में सहयोगियों की जानकारी खंगाल रही है।



### यूएपीए के तहत मामला दर्ज

एटीएस ने नासिक में इंजीनियर के ठिकाने की तलाशी ली। जहां से आपत्तिजनक दस्तावेजों के साथ मोबाइल फोन, सिम कार्ड, लैपटॉप और पेन ड्राइव समेत इलेक्ट्रॉनिक गैजेट भी जब्त किए। एटीएस के अधिकारी ने बताया कि आतंकी आरोपी को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी इंजीनियर के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की अदालत में पेश किया गया, जहां उसे 31 जनवरी तक 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### कई दिनों से नजर रखे थी एटीएस

महाराष्ट्र एटीएस की एक टीम को संदिग्ध आरोपी के बारे में इनपुट मिला था। जिसके बाद एक टीम इसकी हरकतों पर नजर रख रही थी। यह शख्स भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित संगठन आईएसआईएस से जुड़ी एक विदेशी यूनिट के साथ लगातार संपर्क कर रहा था। यह शख्स पिछले दिनों कट्टरपंथी पोस्ट भी कर चुका था। हालांकि टीम ने आरोपी की पहचान उजागर नहीं की है।

ठंड

'बिहार में ठंड से स्कूली बच्चे की मौत, अपर सचिव समेत 3 अफसरों पर एफआईआर

## दिल्ली-उत्तरप्रदेश सहित 5 राज्यों में ठंड का रेड अलर्ट जारी

नई दिल्ली। देश के 17 राज्य ठंड और घने कोहरे की चपेट में हैं। दिल्ली, यूपी, पंजाब, हरियाणा और बिहार में कोल्ड डे की स्थिति है।

यहां गुरुवार को भीषण ठंड को लेकर रेड अलर्ट है। आईएमडी ने बताया कि इन 5 राज्यों में 29 जनवरी तक ठंड से राहत की उम्मीद नहीं है।

मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी कोल्ड डे की स्थिति है। यहां अगले 2 दिन तेज सर्दी पड़ने का अनुमान है। बुधवार (24 जनवरी) को एमपी के कई शहरों का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से कम दर्ज किया गया।

(24 जनवरी) पचमढ़ी में तापमान 3 डिग्री, सतना में 3.9 डिग्री, खजुराहो में



3.4 डिग्री रहा। हिमाचल प्रदेश में अगले 5 दिनों तक बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, 25 से 27 जनवरी तक प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होगी। 28 और 29 जनवरी को ज्यादा क्षेत्रों के साथ साथ मध्यम ऊंचाई वाले इलाकों में भी बारिश-बर्फबारी की संभावना है।

वहीं बिहार में कड़ाके की ठंड में सकूल खुले हुए हैं। ठंड की चपेट में आने से मुजफ्फरपुर के बोंचहा में छठी कक्षा के छात्र मो. कुर्बान की मौत की बात सामने आई है।

मामले में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक, शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव और जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार सिंह पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज हुआ है।

### अगले 24 घंटे के दौरान मौसम का हाल

प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, 25 जनवरी को पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में कोल्ड डे से लेकर सीवियर कोल्ड डे की स्थिति बन सकती है। पश्चिमी हिमालय में 25 से 28 जनवरी के बीच हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ जगहों पर घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति जारी रहने की उम्मीद है। उत्तरी मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के कुछ हिस्सों में कोहरा छा सकता है।

पश्चिम बंगाल, दक्षिणी झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाना लक्ष्य, मिल कर करना होगा काम : पीएम मोदी

बुलंदशहर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करना है और इसके लिये सभी को मिल कर काम करना होगा।

बुलंदशहर और मेरठ मंडल को 20 हजार 700 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देने के बाद पुलिस शूटिंग रेंज मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न होने के बाद अब राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय है। हमें देव से देश और राम से राष्ट्र के मार्ग को और प्रशस्त करना है। हमारा लक्ष्य साल 2047 तक भारत को



विकसित राष्ट्र बनाना है और लक्ष्य बड़ा हो तो उसके लिए हर साधन जुटाना होता है, सबको मिल करके प्रयास करना पड़ता है। विकसित भारत का निर्माण भी यूपी के तेज विकास के बिना संभव नहीं है। इसके लिए हमें खेत-खलिहान से लेकर ज्ञान-विज्ञान, उद्योग-उद्यम तक हर शक्ति को जगाना है। उन्होने कहा कि आज पश्चिमी यूपी को विकास के लिए 19 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट भी मिले हैं। ये प्रोजेक्ट्स रेल लाइन, हाईवे, पेट्रोलियम पाइपलाइन, पानी, सीवेज, मेडिकल कॉलेज और औद्योगिक शहर से जुड़े हुए हैं। आज यमुना और राम गंगा की स्वच्छता से जुड़े प्रोजेक्ट्स का भी लोकार्पण हुआ है।

इस क्षेत्र ने तो देश को श्री कल्याण सिंह जैसा सपूत दिया है, जिन्होंने रामकाज और राष्ट्रकाज, दोनों के लिए अपना जीवन समर्पित किया। आज वो जहां हैं, अयोध्या धाम को देखकर बहुत आनंदित हो रहे होंगे। ये हमारा सौभाग्य है कि देश ने कल्याण सिंह और उनके जैसे अनेकों लोगों का सपना पूरा किया है।

## शार्ट न्यूज

### स्टालिन ने मछुआरों की सुरक्षित रिहाई के लिए जयशंकर से किया आग्रह

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने श्रीलंकाई नौसेना द्वारा राज्य के मछुआरों की लगातार गिरफ्तारी पर चिंता व्यक्त करते हुए उनकी शीध्र रिहाई सुनिश्चित करने के लिए और तत्काल राजनयिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल देते हुए बुधवार को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर से संयुक्त कार्य समूह की बैठक बुलाने का आग्रह किया। स्टालिन ने डॉ. जयशंकर को एक अर्ध-आधिकारिक पत्र में, जिसकी प्रतियां बुधवार शाम मीडिया को जारी की गईं, 22 जनवरी को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा मछली पकड़ने वाली नौकाओं के साथ रामनाथपुरम जिले के छह मछुआरों की गिरफ्तारी पर उनका ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में, श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा तमिल मछुआरों को गिरफ्तार करने की परेशान करने वाली प्रवृत्ति देखी गई है, जिससे एक चिंताजनक स्थिति पैदा हो गई है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। स्टालिन ने कहा,गिरफ्तारियां इन अधिकारों को खतरे में डालती हैं, जिससे तमिल मछली पकड़ने वाले समुदायों के सांस्कृतिक और आर्थिक ताने-बाने को खतरा होता है। मैं आपसे भारतीय मछुआरों और श्रीलंकाई नौसेना के बीच लंबे समय से लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए संयुक्त कार्य समूह बुलाने के लिए उचित राजनयिक चैनलों के माध्यम से आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध करता हूं ताकि निर्दोष मछुआरों की गिरफ्तारी से बचा जा सके।

### त्रिपुरा में किया नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन

अगरतला। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने अपने राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर त्रिपुरा के सभी 60 विधानसभा क्षेत्रों में नव नामांकित मतदाताओं के साथ नवमतदाता सम्मेलन आयोजित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल मोड में नये मतदाताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर भाजयुमो अध्यक्ष सुशांत देव ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नये मतदाताओं को उज्जवल भारत के लिए बेहतर विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करना है। भाजपा के युवा कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव नजदीक आने के साथ 'नमो नवमतडेटा' वेब पोर्टल पर नये मतदाताओं को पंजीकृत करने के लिए राज्य भर में युवाओं के बीच सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। देव ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने विशेष रूप से युवाओं के बीच पार्टी की उपस्थिति को मजबूत बनाने और जीवंत लोकतंत्र के साथ इसके संबंध को गहरा करने के लिए 13 जनवरी को नये मतदाताओं के पंजीकरण के लिए डिजिटल पोर्टल लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नये मतदाताओं को जागरूक करने और पोर्टल पर उनके पंजीकरण की सुविधा प्रदान के लिए लगन से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजयुमो ने 2014 के बाद से मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा किये गये विकास कार्यों को चित्रित करते हुए प्रत्येक नवमतदाता सम्मेलन में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया है।

### मतदाता दिवस पर पुलिस कर्मियों को दिलाई शपथ

सिरसा। हरियाणा के सिरसा जिला पुलिस द्वारा गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर तथा विभिन्न थानों एवं चौकियों में जिला पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर मे सहायक पुलिस अधीक्षक दीप्ति गर्ग ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि वर्ष 2011 से ही भारत के निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस ,यानी 25 जनवरी 1950 को चिन्हित करने के लिए पूरे भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि विवव में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाने लगा था। सहायक पुलिस अधीक्षक दीप्ति गर्ग ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराना पुलिस का परम दायित्व है, इसलिए चुनाव के दौरान पुलिस अधिकारी एवं कमज़्चारी आमजन को निभीज़्क होकर मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इसके मनाए जाने के पीछे निवाज़्चन आयोग का उद्देश्य था, कि देश भर के सभी मतदान केंद्र वाले क्षेत्रों में प्रत्येक वषज़् उन सभी पात्र मतदाताओं की पहचान की जाएगी जिनकी उम्र एक जनवरी को 18 वर्ष हो चुकी होगी।

### ठंड व कोहरे के मद्धेनजर यातायात पुलिस ने वाहनों को लगाए रिफ्लेक्टर

सिरसा। ठंड व कोहरे के कम पड़ी दृश्यता के चलते यातायात पुलिस ने बस स्टैंड सिरसा क्षेत्र में वाहनों को रिफ्लेक्टर लगाकर लोगों को यातायात नियमों बारे अवगत करवाया। यातायात थाना प्रभारी धर्मचंद ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वाहनों पर रिफ्लेक्टर अवश्य लगाएं और दूसरों को भी रिफ्लेक्टर लगाने के लिए प्रेरित करें। यातायात थाना प्रभारी ने वाहनों को रिफ्लेक्टर लगाते हुए कहा की ठंड व कोहरे ने दस्तक दे दी है,जिसके चलते सभी वाहन चालकों को अपने वाहन के आगे व पीछे रिफ्लेक्टर अवश्य लगाना चाहिए। ठंड के मौसम में रिफ्लेक्टर पर लाइट पडने् से वाहन चालक को अच्छी तरह से पता लग सके की सामने से कोई वाहन आ रहा है, जिसके चलते वाहन चालक अच्छी तरह से सतर्क व सावधान हो जाए,ताकि किसी प्रकार की वाहन दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने पाए। थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर धर्मचंद ने कहा कि यातायात नियमों का सही प्रकार से पालना नहीं करने के कारण अधिकतर सड़क पर वाहनों की दुर्घटनाएं होती है,इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व बनता है कि,यातायात नियमों की पूर्ण जानकारी हासिल कर खुद भी यातायात नियमों की पालन करें और दूसरों को भी यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित करें,ताकि भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

### लोक निर्माण मंत्री ने केंद्रीय सड़क,परिवहन व राजमार्ग मंत्री से की मुलाकात

नयी दिल्ली/शिमला। हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने गुरुवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी से मुलाकात की और हिमाचल में लगातार बारिश और भूस्खलन से हुई क्षति तथा नुकसान से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने रुपये की धनराशि जारी करने का आश्वासन दिया। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य सड़कों की मरम्मत और उन्नयन के लिए तुरंत 152 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछले मानसून के दौरान प्राकृतिक आपदा से हुई तबाही के बाद केंद्रीय मंत्री ने खुद कुल्लू और मनाली का दौरा कर एनएच को हुए नुकसान का जायजा लिया था। इस दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से एनएच से एक किलोमीटर की दूरी तक निकलने वाली राज्य लिंक सड़कों की बहाली के लिए धन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि तब, राज्य ने रुपये की धनराशि के लिए अनुरोध किया था। एनएचएआई से 152 करोड़ रु. रुपये का अतिरिक्त अनुमान. चार प्रमुख राज्य सड़कों और राजमार्गों के जीर्णोद्धार और निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि के लिए 23.08 करोड़ जमा किए गए।

### सरकार की 100 दिन की कार्य योजना में 60 दिन निकल चुके है : टीकाराम जूली

अलवर। राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली कहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 100 दिन की कार्य योजना बनाई है, 60 दिन निकल चुके हैं, लेकिन कोई कार्य अभी तक नहीं हुये हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद गुरुवार को पहली बार अलवर पहुंचे जूली का कार्यकर्ताओं ने जोश खरोश के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुये उन्होंने कहा कि राज्य में पर्ची की सरकार काम कर रही है, दिल्ली से जब तक कोई समाचार नहीं आता, जब तक कोई नेता नहीं बोलना है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने पूर्ववती अशोक गहलोत सरकार द्वारा चालू की गयी जनकल्याणकारी सभी योजनाओं को रोक दिया गया है। जूली ने कहा कि वह अलवर की जनता और कांग्रेस आला कमान का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने एक छोटे से कार्यकर्ता को एक बड़ी जिम्मेदारी दी है और अलवर से पहली बार प्रतिपक्ष का नेता चुना गया है।

# नोएडा और दिल्ली मेट्रो में एक कार्ड से होगी यात्रा

## 5वें स्थापना दिवस पर चंद्रयान-3 की थीम पर हुआ लॉन्च

नोएडा। नोएडा और दिल्ली मेट्रो से सफर करने वाले मुसाफिर एक ही एक्सिस कार्ड से यात्रा कर सकेंगे। इसके लिए नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) और दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) दोनों कंपनियां मिलकर एक साथ काम कर रही है। एनएमआरसी के एमडी लोकेश एम ने बताया कि सभी टेक्निकल इशू दूर किए जा चुके है। जल्द ही इस नए कार्ड को लॉन्च किया जाएगा।

आज एनएमआरसी अपना पांचवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस मौके पर एनएमआरसी ने अपना नया एक्सिस कार्ड (एसबीआई कार्ड) भी लॉन्च किया। ये कार्ड चंद्रयान-3 की थीम पर बना है। जल्द ही ये कार्ड लोगों को मिलने शुरू होंगे। उन्होंने बताया कि नोएडा में 1 जनवरी 2023 से करीब 8 हजार मुसाफिर एक्सिस कार्ड का प्रयोग कर रहे है। नया कार्ड पर चंद्रयान-3 की फोटो भी शामिल की गई है। जिसे हम सभी देश सफलता के तौर पर देखते है।



एमडी ने कहा कि एनएमआरसी यहां तीन नए रूट जल्द बनाए जाएंगे। पहला सेक्टर-142 से बोटेनिकल गार्डन तक इसकी डीपीआर शासन को भेजी जा चुकी है। दूसरा मेट्रो डीपो से बोडाकी तक इसकी डीपीआर भी शासन के पास है और तीसरा नॉलेज पार्क ये प्रोसेस में है। जितनी ज्यादा राइडर शिप होगी एक्वा मेट्रो को उतना राजस्व मिलेगा। इसके लिए प्रयास किए जा रहे है।

एमडी ने कहा कि अब सभी मेट्रो स्टेशन पर टिकट वेंडिंग मशीन लगा दी जाएगी। बार कोड स्कैनर लगाए गए, स्टेशनों पर चार्जिंग स्टेशन और लगेज काउंटर बनाए गए। मेट्रो स्टेशन पर क्योस्क भी बनाए जा रहे है ताकि राजस्व को बढ़ाया जा सके।

### राइडर शिप बढ़ाने के लिए चलें गी फीडर बस

लोकेश एम ने कहा के एक संस्था तब ही चल सकती है जब उसके पास राजस्व के संसाधन पर्याप्त हो। वर्तमान में हम नोएडा प्राधिकरण से 110 करोड़ रुपए लेते है। इसे समाप्त कर अब आत्मनिर्भर बने जा रहे है। हमारे लिए राइडर शिप सबसे महत्वपूर्ण है। इसके लिए हम फीडर बस भी चलाएंगे। इसे नोएडा प्राधिकरण चलाएगा। जिसे लास्टमाइल कनेक्टिविटी के लिहाज से बनाया जाएगा। इससे मुसाफिर की मेट्रो तक रीच बढ़ेगी।

### मेट्रो एप से बुक करे ई रिक्शा और बस में सीट

इसी तरह एनएम आरसी एक मेट्रो एप लॉन्च करने जा रहा है। जिसके जरिए ई रिक्शा, ऑटो और बाइक के अलावा बसों में सीट तक बुक की जा सकती है। ये एप बनकर लगभग तैयार है। इसे भी लॉन्च किया जाएगा। इससे उन मुसाफिर को आसानी होगी जो मेट्रो से आते है और उनको स्टेशन के नीचे लोकल ट्रांसपोर्ट नहीं मिलता। उनके लिए ये काफी बेहतर ऑप्शन होगा।

### ईडी की ओर से भेजे गए पत्र का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जवाब दिया

रांची। झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से भेजे गए पत्र का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जवाब दिया है। सीएमओ का कर्मी गुरुवार को पत्र लेकर ईडी ऑफिस पहुंचा। मौके पर पत्रकारों ने सीएमओ कर्मी से पत्र के बारे में पूछा तो कर्मी ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। जमीन घोटाला मामले में ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बीते 22 जनवरी को फिर से पत्र ( समन )भेजा था । ईडी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर 27 जनवरी से 31 जनवरी के बीच पूछताछ के लिए जगह बताने को कहा था । बीते 20 जनवरी को ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर जाकर सात घंटे तक पूछताछ की थी।

## राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री हरिशंकर भाभड़ा का निधन

जयपुर। (पी एम ए) राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा का गुरुवार को निधन को गया। वे कई दिनों से बीमार चल रहे थे और उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। वे 96 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को जयपुर में किया जाएगा।

राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा का गुरुवार को निधन को गया। वे कई दिनों से बीमार चल रहे थे और उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। वे 96 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को जयपुर में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित कई नेताओं ने उनके निधन पर संवेदना व्यक्त की है। भाभड़ा का जन्म 6 अगस्त 1928 को नागौर जिले के खिड़की दरवाजा, डीडवाना में हुआ था। वे दो बार विधानसभा अध्यक्ष और एक बार उपमुख्यमंत्री रहे। उन्होंने 16 मार्च 1990 से 5 अक्टूबर 1994 तक (दो बार) विधानसभा अध्यक्ष का पद संभाला। 1985, 1990 और 1993 में चूरू जिले के रतनगढ़ से विधायक बने। 6 अक्टूबर 1994 से 1 दिसंबर 1998 तक राजस्थान के उपमुख्यमंत्री भी रहे। भाभड़ा को वित्तीय मामलों का एक्सपर्ट भी माना जाता था। भाभड़ा 1978-84 में राज्य सभा के सदस्य रहने के साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कोषाध्यक्ष और भाजपा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। भाभड़ा 1981 में प्रदेशाध्यक्ष बने और जनवरी 1986 तक प्रदेश में बीजेपी की कमान संभाली थी।

भाभड़ा के निधन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी संवेदना जताई। सीएम ने कहा कि भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य, राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा का निधन राजस्थान के लिए अपूरणीय क्षति है।

## गणतंत्र दिवस पर हाई अलर्ट, पुलिस ने जारी की एडवाइजरी



**नोएडा।** गणतंत्र दिवस परेड और बुलंदशहर में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम के मद्देनजर यातायात पुलिस ने जिले में मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। बृहस्पतिवार सुबह 7 बजे से 26 जनवरी की परेड खत्म होने तक रोक लागू रहेगी। बुधवार को ट्रैफिक पुलिस ने इस बाबत संशोधित नो एंट्री प्लान जारी कर दिया। इससे पहले जारी प्लान में सुबह और दोपहर को वाहनों को रोक से छूट दी गई थी।

### नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की

डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव के मुताबिक बुलंदशहर में पीएम के कार्यक्रम की वजह से बृहस्पतिवार सुबह से ही दिल्ली से बुलंदशहर मार्ग पर वीआईपी व वीवीआईपी मूवमेंट रहेगा।

कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोपहर से शाम तक बुलंदशहर से दिल्ली रूट पर एक बार फिर वीवीआईपी मूवमेंट रहेगा। इसी तरह 25 जनवरी की रात 10 बजे से दिल्ली में भी सभी प्रकार के मालवाहक वाहनों की नो एंट्री लागू हो जाएगी। इसे देखते हुए विभाग ने 25 जनवरी की सुबह सात बजे से लेकर 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस कार्यक्रम खत्म होने तक जिले में नो एंट्री लागू करने का निर्णय लिया है। पुलिस ने दोपहर के समय मिलने वाले नो एंट्री से छूट को भी खत्म कर दिया है।

डीसीपी यातायात के मुताबिक दिल्ली में नो एंट्री के कारण नोएडा-दिल्ली की सीमा पर अधिक मालवाहक वाहनों के आ जाने से यातायात व्यवस्था बिगड़ने की आशंका और वीआईपी मूवमेंट को सुचारू बनाने के लिए नो एंट्री लगाने का फैसला किया है। यह आदेश नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे पर भी लागू होगा।

### इन वाहनों को मिलेगी छूट

पुलिस के मुताबिक रसोई गैस सिलिंडर, ऑक्सीजन ले जा रहे वाहनों वाहनों के अलावा दूध, दही, दवा, सब्जी लेकर आनेजाने वाले वाहनों और एंबुलेंस समेत अन्य आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों पर रोक लागू नहीं होगी।

### दिल्ली के बॉडरों पर कड़ी सुरक्षा

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से सटे होने के कारण नोएडा में खास सतर्कता बरती जा रही है।

पुलिस और एटीएस की टीम सक्रिय हो गई है। जनपद की सीमाओं की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। शहर में सुरक्षा की कमान क्षेत्र के हिसाब से पुलिस क्षेत्राधिकारियों को सौंप दी गई है। सीसीटीवी, सर्विलांस और पुलिस कंट्रोल रूम को भी पूरी तरह से एक्टिव कर दिया गया है।

### सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन के गेट के पास मिला बैग

सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन के गेट के पास बुधवार दोपहर को संदिग्ध अवस्था में बैग मिलने की सूचना मिलते ही उस स्थान को खाली करा दिया गया।दोपहर करीब 12: 20 बजे सीआईएसएफ और नोएडा पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। मौके पर डॉग और बम स्क्वॉयड को बुलाया गया। बैग की जांच में कोई विस्फोटक नहीं मिला। अहम है कि 26 जनवरी और बुलंदशहर में प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर हाई अलर्ट पर है।

## दो पीएमजी पदक और 275 कर्मियों को वीरता पदक से किया जायेगा सम्मानित

- सीआरपीएफ के 65 कर्मियों को गणतंत्र दिवस पर दिया जायेगा मेडल
- विशिष्ट सेवा के लिए 102 राष्ट्रपति पदक प्रदान किए जायेंगे

**दिल्ली।** (पी एम ए) गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन सेवा, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवा के कुल 1132 कर्मियों को वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया जायेगा।

वीरता के लिए राष्ट्रपति पदक (पीएमजी) दो को और वीरता पदक (जीएम) 275 कर्मियों को सम्मानित किया जायेगा। 277 वीरता पुरस्कारों में से अधिकांश में, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के 119 कर्मियों, जम्मू और कश्मीर क्षेत्र के 133 कर्मियों और अन्य क्षेत्रों के 25 कर्मियों को उनकी वीरतापूर्ण कार्रवाई के लिए सम्मानित किया जायेगा।

277 वीरता पदकों में से 275 जीएम जम्मू-कश्मीर पुलिस के 72 कर्मियों, महाराष्ट्र के 18 कर्मियों, छत्तीसगढ़ के 26 कर्मियों, झारखंड के 23 कर्मियों, ओडिशा के 15 कर्मियों, दिल्ली के 8 कर्मियों, सीआरपीएफ के 65 कर्मियों, 21 कर्मियों को प्रदान किए जायेंगे।

एसएसबी से और शेष कर्मी अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों से। वहीं विशिष्ट सेवा के लिए 102 राष्ट्रपति पदक में से 94 पुलिस सेवा, 4 अग्निशमन सेवा और 4 नागरिक सुरक्षा एवं होम गार्ड सेवा को प्रदान किए जायेंगे।

इसके अलावा सराहनीय सेवा के लिए 753 पदकों में से 667 पुलिस सेवा को, 32 अग्निशमन सेवा को, 27 नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड सेवा को और 27 सुधार सेवा को प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

### कांग्रेस की सिरसा में जनसंदेश रैली 27 को

सिरसा। भारत जोड़ो यात्रा के तहत सिरसा की अनाज मंडी में 27 जनवरी को जनसंदेश रैली का आयोजन रखा गया है। इस रैली को पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा,पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुर्जेवाला,हरियाणा की पूर्व मंत्री किरण चौधरी,पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी के अलावा पार्टी के कई वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरभान मेहता ने बताया कि रैली आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सभा स्थल में मंच व अन्य बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। रैली में आने वाले वाहनों की पार्किंग के लिए सभा स्थल से कुछ ही दूरी पर अलग से जगह निर्धारित की गई है।

## सूर्य मिशन : मैग्नेटोमीटर बूम एल-1 हेलो कक्षा में स्थापित

चेन्नई । भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को कहा कि आदित्य एल-1 उपग्रह पर लगे मेग्नेटोमीटर बूम को एल-वन हेलो कक्षा में सफलापूर्वक स्थापित कर दिया गया है।

इसरो ने एक अपडेट में कहा कि आदित्य एल -1 उपग्रह पर लगे छह मीटर लंबे मेग्नेटोमीटर बूम को हेलो कक्षा में स्थापित कर दिया गया है। हेलो कक्षा में लैंगरेज पॉइन्ट एल-1 पर 11 जनवरी 2024 को स्थापित कर दिया गया ।

आदित्य-एल1 लॉन्च के बाद से 132 दिनों तक बूम स्थिर स्थिति में था। बूम में दो अत्याधुनिक, उच्च सटीकता वाले फ्लक्सगेट मेग्नेटोमीटर सेंसर लगे हैं जो अंतरिक्ष में कम तीव्रता वाले अंतरग्रहीय चुंबकीय क्षेत्र को मापेंगे।

सेंसर अंतरिक्ष यान से तीन और छह मीटर की दूरी पर तैनात किए गए हैं। इन्हें इन दूरियों पर स्थापित करने से अंतरिक्ष यान से उत्पन्न होने वाले चुंबकीय क्षेत्र का प्रभाव माप पर कम हो जाता है और उनमें से दो का उपयोग सटीक अनुमान लगाने में सहायता करता है।

इसरो ने जारी बयान में कहा किदोहरी सेंसर प्रणाली अंतरिक्ष यान के चुंबकीय प्रभाव को रद्द करने की सुविधा प्रदान करती है।

## जम्मू-कश्मीर में बारिश और बर्फबारी के आसार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में अगले 24 घंटों के दौरान बारिश और अलग-अलग ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि शुक्रवार की सुबह तक दो महीने से चला आ रहा शुष्क दौर समाप्त होने के आसार हैं क्योंकि गुरुवार की रात तक मौसम आम तौर पर बादल छाए रहेगा और अलग-अलग ऊंचाई वाले स्थानों पर हल्की बर्फबारी होगी, जबकि मैदानी इलाकों में हल्की बारिश होगी और सुबह में अलग-अलग ऊंचाई वाले स्थानों पर हल्की बर्फबारी होगी।

मौसम कार्यालय ने कहा कि 27 जनवरी को मौसम में नमी जारी रहने के आसार हैं और 30-31 जनवरी के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी के आसार हैं और एक से दो फरवरी को कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी होने के अनुमान हैं। मौसम कार्यालय ने पूर्वानुमान के मद्देनजर एक सलाह जारी करके बताया कि 28 से 31 जनवरी के दौरान सिंथन दर्रा, मुगल रोड, साधना और राजदान दर्रा, ज़ोजिला आदि सहित ऊंचे इलाकों और महत्वपूर्ण दर्रों में सड़कें अस्थायी रूप से बंद हो सकती हैं इसलिए यात्रियों को तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी गई है। कश्मीर घाटी में गुरुवार को रात के तापमान में सुधार हुआ क्योंकि श्रीनगर में पिछली रात -5.3 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले -3.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम कार्यालय ने कहा कि मौसम की इस अवधि के दौरान जम्मू और कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी के लिए तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस कम था। बीते दिन श्रीनगर का अधिकतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य 6.9 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 4.7 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

प्रदेश में पहलगाम सबसे ठंडा स्थान रहा और गुरुवार को लगातार दूसरे दिन तापमान -6.3 डिग्री सेल्सियस रहा। दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल के लिए तापमान अभी भी सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है। श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में एक दिन पहले के तापमान -5.4 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले -4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में पिकनिक स्पॉट पर पिछली रात के -2.3 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले -1.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

### नये मतदाता लोक सभा चुनाव में मतदान करें : भाजपा

श्रीनगर । जम्मू -कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महासचिव अशोक कौल ने गुरुवार को नये मतदाओं से आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़ का हिस्सा लेने की अपील की। कौल ने श्रीनगर में मीडियाकर्मियों से कहा, नए मतदाता, जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं और मतदाता सूची में जोड़े गए हैं, उन्हें मतदान करना करना चाहिए और भाजपा मतदान के प्रति उनकी जागरूकता के लिए बड़े पैमाने पर कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव होंगे क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश हैं और नए मतदाता भी वोट डालेंगे। भाजपा नेता ने कहा कि नरेंद्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में वापसी का अभियान भी शुरू होगा। इंडिया गठबंधन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक फोटो सेशन के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा, हमारे नेताओं ने कहा था कि भारत का महागठबंधन सिर्फ एक फोटो सेशन है, जिन्होंने इसे एक साथ क्लिक किया और कुछ नहीं। जैसा कि आप ने कहा कि बंगाल के बाद दिल्ली और पंजाब भी इस गठबंधन से किनारा कर रहे हैं । ऐसे में बतायें कि यह गठबंधन है कहां। हमने इसके अस्तित्व में आने के दिन ही कहा था कि इसका अस्तित्व नहीं रहेगा।

## नोएडा हाट में दिख रहा प्रदेश का अक्स

- बुधवार से शुरू हुए यूपी दिवस में तीन दिवसीय आयोजन में लगी प्रदर्शनी में एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) में शामिल अलग-अलग जिलों के उत्पादों को रखा गया

नोएडा। भदोई की कालीन, मुरादाबाद की धातु की बनी मूर्तियां, चंदौली की जरी-जरदोजी और सहारनपुर की काष्ठ कला सहित पूरे प्रदेश की खूबियां और पहचान को नोएडा हाट में देखा जा सकता है। बुधवार से शुरू हुए यूपी दिवस में तीन दिवसीय आयोजन में लगी प्रदर्शनी में एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) में शामिल अलग-अलग जिलों के उत्पादों को रखा गया है। इन उत्पादों को खरीदा भी जा सकता है। इसके अलावा यहां झारखंड, जम्मू-कश्मीर, गुजरात और राजस्थान की झलक भी देखने को मिलेगी। जिले के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने आयोजन का शुभारंभ किया। इस दौरान लखनऊ में रहे मुख्य आयोजन का सजीव प्रसारण भी किया गया।

पहले ही दिन काफी लोग नोएडा हाट में खरीदारी करने और अलग-अलग खान-पान का स्वाद लेने पहुंचे। मोटा अनाज (मिलेट्स) के बने उत्पाद यहां खासतौर पर लोगों के लिए आकर्षण रहे। फूड स्टॉल में मिलेट्स की खूबियों भी बताई गई हैं।प्रदर्शनी में 200 से अधिक स्टॉल लगे हैं। इसमें स्थानीय उद्योगों के भी स्टॉल शामिल हैं जिसमें नोएडा-ग्रेनो में हो रहे औद्योगिक विकास की झलक दिखती है।

डीएम ने बताया कि आयोजन 26 जनवरी तक चलेगा। इसमें जिले के विकास कार्यों के अलावा विभिन्न विभागों की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। डीएम ने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदान करने की शपथ भी दिलाई।

### प्रदर्शनी में दिख रहा राम उत्सव

उत्तर प्रदेश दिवस की थीम इस बार समृद्ध, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत है। ऐसे में अयोध्या में बने राम मंदिर और रामलला के विराजमान होने का जश्न भी नोएडा हाट में दिख रहा है।

प्रदर्शनी में अयोध्या के विकास और राम मंदिर बनने को बखूबी दिखाने का प्रयास है, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी राम मंदिर बनने और अयोध्या के गौरव को लौटने की गाथा भी बताई जा रही है। जगह-जगह राम मंदिर, श्रीराम की तस्वीर और होर्डिंग लगाए गए हैं। मंच से भी राम मंदिर बनने के बारे में वक्ता बोले।

### औद्योगिक विकास का प्रतीक बना गौतमबुद्ध नगर

मुख्य अतिथि बृजेश सिंह ने कहा कि प्रदेश में जितना निवेश हो रहा है, उसमें सबसे बड़ा निवेशक गौतमबुद्ध नगर है। प्रदेश 35 लाख करोड़ का निवेश आया है, इसमें से 18.2 प्रतिशत का निवेश अकेले गौतमबुद्ध नगर में होने जा रहा है। ऐसा तीनों प्राधिकरणों के औद्योगिक विकास के लिए संयुक्त प्रयास से ही संभव हो सका है।

जिला अब औद्योगिक विकास का प्रतीक बन गया है। बृजेश सिंह ने इस दौरान नोएडा प्राधिकरण द्वारा आवंटित 11 व्यावसायिक भूखंडों के आवंटन पत्र भी उद्यमियों को वितरित किए। इसके अलावा ओडीओपी में 21 लाभार्थियों को टूलकिट, कृषि विभाग द्वारा मशीनरी बैंक के 10 लाभार्थियों को प्रमाणपत्र, आयुष्मान भारत योजना में तीन लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड दिए। जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नोएडा विधायक पंकज सिंह, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम., जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## शार्ट न्यूज

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 18 वर्ष पूरे कर चुके नौजवानों से मतदाता पहचान पत्र बनवाने और सभी चुनावों में निष्पक्ष होकर मतदान करने का आह्वान



भारतीय लोकतांत्रिक मतदाता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के 2019 पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने महासंघ के मुख्यालय बरवाला में आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ ली कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वत्स ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 18 वर्ष पूरे कर चुके नौजवानों से मतदाता पहचान पत्र बनवाने और सभी चुनावों में निष्पक्ष होकर मतदान करने का आह्वान किया।

### गाजियाबाद में भाई ने बहन को गोली मारी

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना कविनगर क्षेत्र में 12वीं की छात्रा को गोली मार दी गई। पुलिस को घटना की जानकारी अस्पताल के जरिए मिली। पुलिस के मुताबिक पीड़िता के पिता ने बताया कि उनकी पुत्री स्कूल जा रही थी उसी समय स्कूटी सवार दो बदमाशों ने गोली मार दी। पुलिस की आगे की छानबीन के पता चला कि छात्रा के भाई ने उसको गोली मारी है। पुलिस ने आरोपी भाई को हिरासत में ले लिया है और उसके कब्जे से तमंचा भी बरामद हुआ है। गाजियाबाद में एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि थाना कविनगर क्षेत्र के रजापुर में रहने वाली 12वीं की छात्रा भूमि चौधरी के गोली लगने की खबर पुलिस को मिली। यह खबर पुलिस को सर्वोदय अस्पताल से मिली। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहां भूमि चौधरी के पिता जयवीर चौधरी मिले। जयवीर ने पुलिस को बताया कि जब सुबह उनकी बेटी स्कूल जा रही थी उसी समय स्कूटी सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उनकी बेटी को गोली मार दी। पुलिस ने तत्काल इस मामले में मुकदमा दर्ज किया और आगे की छानबीन शुरू करी। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव के मुताबिक वारदात वाली जगह पर पूछताछ एवं आसपास के सीसीटीवी से यह पता चला है की भूमि चौधरी को गोली उसके ही भाई ध्रुव चौधरी ने मारी है। पुलिस ने ध्रुव चौधरी को हिरासत में ले लिया है साथ ही उससे तमंचा भी बरामद किया है।

### होटल में ले जाकर 10वीं की छात्रा से रेप

मोदीनगर। गाजियाबाद के मोदीनगर थाना क्षेत्र में 10वीं की छात्रा को होटल ले जाकर मकान मालिक के बेटे ने चाकलेट में नशीला पदार्थ देकर रेप किया। पीड़िता ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद पीड़िता ने परिजनों को पूरी बात बताई। उनकी शिकायत पर एसीपी ने होटल पर छापेमारी की। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। एक गांव निवासी एक व्यक्ति किराए के मकान में रहते हैं। उनकी 17 वर्षीय पुत्री कक्षा दस की छात्रा है। किशोरी के पिता ने बताया कि मकान मालिका का शादीशुदा पुत्र 20 दिन पहले मेरी पुत्री को घुमाने की बात कहकर अपने साथ ले गए। वह उसे लेकर एक ओयो होटल में ले गया और चाकलेट में नशीला पदार्थ देकर रेप किया। होश में आने पर किशोरी ने विरोध किया तो आरोपी ने परिवार सहित किशोरी को जान से मारने की धमकी दी। जिस कारण किशोरी ने चुप्पी साध ली। इसके बाद आरोपी ने दोबारा होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। तीसरी बार संबंध बनाने पर आरोपी ने छात्रा को मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। आरोपी तीन बच्चे का पिता है। पिता किशोरी को लेकर मोदीनगर थाने पहुंचे और तहरीर दी। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश ने होटल में छापेमारी की। जिससे हड़कंप मच गया।

### प्राथमिक विद्यालय में घटिया निर्माण सामग्री का विरोध

मोदीनगर। मुरादनगर ब्लॉक के गांव महम्मदपुर में प्राथमिक विद्यालय के पुनर्निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का मामला सामने आया है। घटिया सामग्री के विरोध में ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। मामला उजागर होने के बाद निर्माणाधीन भवन का लिंटर गिरा दिया गया। गांव महम्मदपुर में प्राथमिक विद्यालय का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने निर्माण कार्य अनुज मित्तल की फर्म मित्तल जनरेटर्स को दिया हुआ है। 15 लाख रूपये से अधिक की लागत से यहां दो कमरे, एक बरामदा और एक प्रधानाचार्य कक्ष बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की मिलीभगत से मानक के विपरीत सरियों का जाल बनाकर नकली सीमेंट से लिंटर डाल दिया। घटिया सामग्री इस्तेमाल के विरोध में ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा। सूचना के बाद पूर्व जिला पंचायत सदस्य विकास यादव भी मौके पर पहुंच गए और उन्होने मामले की शिकायत शिक्षा विभाग के अधिकारियों से की। सूचना के बाद खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता कर्मवीर सिंह मौके पर पहुंचे। उत्तेजित लोगों उनके सामने जोरदार नारेबाजी की।

### गाजियाबाद पुलिस की ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

गाजियाबाद । गणतंत्र दिवस पर कर्तव्यपथ दिल्ली में होने वाली मुख्य परेड के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है। 25 जनवरी रात नौ बजे से गाजियाबाद की सीमा से दिल्ली की ओर व्यावसायिक वाहन नहीं जा सकेंगे। रूट डायवर्जन 26 जनवरी को कार्यक्रम समाप्ति तक रहेगा। सभी 12 प्वाइंट पर पुलिस बल तैनात रहेगा। एडीसीपी यातायात विरेंद्र कुमार का कहना है कि रूट डायवर्जन के दौरान हल्के, मध्यम और भारी व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश दिल्ली में बंद रहेगा। ये वाहन यूपी गेट/गाजीपुर बॉर्डर, दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे यूपी/गाजीपुर बॉर्डर, महाराजपुर/आनंद विहार बॉर्डर, सीमापुरी बॉर्डर, डीएलएफ भोपुरा बॉर्डर, लोनी बॉर्डर, ईडीएम मॉल रोड, सूर्यनगर शाहदरा बॉर्डर, तुलसी निकेतन बॉर्डर, सेवाधाम चौकी तिराहा, अंकुर विहार बॉर्डर और सभापुर तिराहे की ओर से दिल्ली नहीं जा सकेंगे। किसी भी परेशानी की स्थिति में यातायात हेल्पलाइन नंबर- 9643322904, 0120-2986100, यातायात निरीक्षक यूपी गेट- मनोज कुमार सिंह - 8130674912, यातायात निरीक्षक मोहननगर/सीमापुरी/भोपुरा बॉर्डर अजय कुमार- 9219005151, प्रभारी उपनिरीक्षक यातायात लोनी/लोनी बॉर्डर अर्जुन सिंह- 9690118728 पर संपर्क कर सकते हैं।

### इंजीनियर से क्रिप्टो करंसी खरीदने बेचने के बहाने ठग लिए 50 लाख

कौशांबी। थाना क्षेत्र में एक साफ्टवेयर इंजीनियर को एप के माध्यम से जीवन साथी चुनना महंगा पड़ गया। आरोप है कि एक युवती ने इंजीनियर को क्रिप्टो करेंसी की खरीद और बिक्री में मुनाफे का सपना दिखाकर 50 लाख रुपये ठग लिए। बाद में उन्होंने निवेश की रकम और क्रिप्टो करेंसी का मुनाफा मांगा तो युवती ने अकाउंट और फोन बंद कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर ठगी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि कौशांबी के कैलाश टावर में रहने वाले एक साफ्टवेयर इंजीनियर का परिवार शादी के लिए युवती की तलाश कर रहा था। इंजीनियर ने शादी डॉट कॉम पर अपनी डिटेल और फोटो के साथ आवेदन किया था। वहां से जानकारी लेकर एक युवती ने उनसे संपर्क किया। फोन पर दोनों की बातचीत में एक दूसरे की खासियत समेत महत्वपूर्ण जानकारी साझा हो गयी। कुछ दिनों तक दोनों के बीच शादी को लेकर बातचीत और एक दूसरे की पसंद-नापसंद पर भी चर्चा हुई। कुछ दिनों तक यह सिलसिला ऐसे ही चलता रहा। जब इंजीनियर को युवती पर विश्वास हो गया तो उसका फायदा उठाकर ठगी की योजना बनाई। आरोप है कि युवती ने क्रिप्टो करंसी में मुनाफा कमाने की बात कहकर उन्हें कई तरह की योजना बताई। बातचीत में युवती ने शादी के बाद अपना और इंजीनियर का भविष्य अच्छा होने का सपना दिखाया।

# गणतंत्र दिवस पर 14000 जवानों के घेरे में होगी दिल्ली, कमांडो और एस डब्लूएटी भी रखेंगे नजर

## गणतंत्र दिवस को लेकर राजधानी दिल्ली पूरी तरह तैयार है. चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों की होगी तैनाती

नई दिल्ली 25 जनवरी (पी एम ए) गणतंत्र दिवस को लेकर पूरा देश तैयार है. इस बार भारत 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा है. यही वजह है कि तैयारियां भी कुछ खास हैं. देश-विदेश से मेहमान आ रहे हैं तो वहीं सेना की तीनों टुकड़ियां अपनी अनूठी प्रस्तुति के लिए तैयार है.

जल, थल और वायु सेना अपना पराक्रम का प्रदर्शन करेगी वहीं कर्तव्य पथ पर राज्यों की ओर से झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी.

इस बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली कड़े सुरक्षा घेरे में होगी. वीआईपी और वीवीआईपी के पहुंचने की वजह से चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों के साथ-साथ स्पेशल टास्क फोर्स भी तैनात की जा रही है. जानते हैं 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर कैसी रहेगी दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था.

### 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर ऐसी होगी दिल्ली की सुरक्षा

1. 77000 से ज्यादा अतिथियों को किया गया आमंत्रित
2. 14000 पुलिसकर्मी चप्पे-चप्पे पर होंगे तैनात
3. QRT यानी क्विक रिएक्शन टीम भी रखेगी नजर
4. कमांडो, PCR वैन भी सुरक्षा में होंगी तैनात
5. SWAT दल पर भी होगी सुरक्षा की बड़ी जिम्मेदारी

### 28 जोन में बांटी गई दिल्ली




गणतंत्र दिवस के जश्न में किसी तरह का खलल न पड़े इसको लेकर खास सुरक्षा व्यवस्था की गई है. स्पेशल कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर मधूप तिवारी की मानें तो दिल्ली को 28 जोन में बांटा गया है. हर जोन पर एक डीसीपी या फिर एडिशनल डीसीपी लीड करेंगे.

### मिसिंग बूथ और हेल्प डेस्क भी

इसके अलावा विजिटर्स की सुविधा को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने भी तैयारियां की हैं. इसमें कई प्रमुख जगहों पर लापता लोगों के लिए मिसिंग बूथ के साथ-साथ हेल्प डेस्क भी बनाए गए हैं.

ताकि किसी भी तरह की मिस हैपनिंग न हो. वहीं किसी को चोट लगने या घायल होने की स्थिति में फर्स्ट एड और गाड़ियों की चाबियां भी जमा करने के लिए सेंटर बनाए गए हैं.

### विजिटर्स से पुलिस की खास अपील

गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने वाले अतिथियों और विजिटर्स से दिल्ली पुलिस ने खास अपील की है. इसके तहत लोगों से सुबह 8 बजे तक समारोह स्थल पर पहुंचने की बात कही है. ताकि उन्हें चेकिंग प्रक्रिया से गुजरने में किसी तरह की दिक्कत न हो.

### सील होंगी दिल्ली की सीमाएं

दिल्ली पुलिस के मुताबिक गणतंत्र दिवस 2024 को देखते हुए एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को रात 10 बजे से राजधानी दिल्ली की सीमाओं को सील कर दिया जाएगा.

इस दौरान भारी वाहनों और माल ढोने वाली गाड़ियों की आवाजाही भी बंद होगी. यही नहीं गुरुवार से 26 जनवरी की परेड खत्म होने तक कर्तव्य पथ से विजय चौक और इंडिया गेट तक किसी भी तरह का ट्रैफिक मूवमेंट नहीं होगा.

# रामराज्य की अवधारणा से प्रेरणा लेकर चला रहे सरकार : केजरीवाल



नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देशवासियों को गुरुवार को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'आज हम उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को सलाम करते हैं जिन्होंने बड़ी से बड़ी शहादत देकर देश को आजादी दिलाई।'


केजरीवाल ने आज यहाँ छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित समारोह में कहा, आज हम अपने उन सभी जाबाज सैनिकों को सलाम करते हैं जिन्होंने आजादी के बाद 75 साल हमारे देश की सीमा पर अपनी जान की बाजी लगाकर लोगों की रक्षा की। हम उन किसानों, मजदूरों, उद्योगपतियों और व्यापारियों, वैज्ञनिकों, महिलाओं और युवाओं को भी सलाम करते हैं, जिन्होंने इन 75 साल में देश का विकास करने के लिए अपना योगदान दिया।

उन्होंने कहा ,बाइस जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। यह पूरे देश और विश्व के लिए एक बेहद गर्व, खुशी और बधाई की बात थी। चारों तरफ लोगों ने खूब उत्सब मनाया। एक तरफ जहां हमें श्री रामचंद्र जी की भक्ति करनी है, वहीं, दूसरी तरफ हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके संदेश को अपने जीवन में ढालने की कोशिश करनी है। उनका जीवन बेहद प्रेरणादायी है। उनके जीवन से हमें कई किस्से मिलते हैं जो हमें बड़े से बड़े त्याग, प्यार और मोहब्बत का संदेश देते हैं। केजरीवाल ने कहा, रामायण के अंदर रामराज्य की जो परिभाषा दी गई है उसे हमने 10 सिद्धांतों में संजोया है। इन 10 सिद्धांतों पर दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार चल रही है जिनमें कोई भूखा नहीं सोए, सबको समान और अच्छी शिक्षा मिले, सबको समान और अच्छा इलाज मिले, सबको 24 घंटे बिजली मिले, सबको पीने का साफ पानी मिले, बुजुर्गों का सम्मान, सभी को सुरक्षा, सभी को रोजगार मिले, महंगाई कम करना और सभी को समान अधिकार और अवसर मुहैया कराना शामिल है।

उन्होंने कहा,आने वाले समय में हम कोशिश करेंगे कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को अयोध्या दर्शन कराने के लिए लेकर जाएं। एक तरफ जहां हमें भगवान राम की भक्ति करनी है और दूसरी तरफ अगर आप डॉक्टर हैं तो आप जनता की सेवा अच्छे से करें, अगर आप सफाई कर्मचारी हैं तो अपना काम अच्छे करें। इसी तरह आप जहां भी काम कर रहे हैं, अपना काम समाज के लिए अच्छे से कीजिए। हमें मेहनत, ईमानदारी और देशभक्ति से समाज के लिए काम करना है और भगवान राम की भक्ति करनी है। मुझे पूरा यकीन है कि अगर हम भगवान राम के बताए हुए रास्ते पर चलेंगे तो भारत को नंबर एक देश बनने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है।

# गणतंत्र परेड में दिल्ली पुलिस दल का नेतृत्व करेंगी महिला टुकड़ी

एजेंसी



नयी दिल्ली। गणतंत्र दिवस की परेड में दिल्ली पुलिस की सभी महिला टुकडियां हिस्सा लेंगी और नेतृत्व करेंगी।

आईपीएस श्वेता के. सुगाथन 2023 के बाद एक बार फिर दिल्ली पुलिस दल का नेतृत्व करेंगी। वह आईपीएस किरण बेदी के बाद दिल्ली पुलिस दल का नेतृत्व करने वाली दूसरी महिला हैं।

दिल्ली पुलिस ने यहां जारी बयान में कहा है कि यहां यह उल्लेख करना उचित है कि 57 वर्षीय पुलिस अधिकारी एसआई किरण सेठी बैंड दल में मार्गदर्शक के रूप में शामिल होने के साथ ही सबसे भारी बैंड वाद्ययंत्र ले जाने के लिए स्वेच्छा से भाग लेंगी। इतिहास में यह पहली बार है कि दिल्ली पुलिस गणतंत्र दिवस परेड में अपनी पूरी तरह से महिला परेड और बैंड दल के साथ भाग ले रही है। बयान के मुताबिक परेड के लिए महिला स्टाफ का चयन पिछले वर्ष अप्रैल में शुरू हुआ और 350 महिला स्टाफ का चयन करने के बाद अक्टूबर तक प्रत्येक शुक्रवार को अभ्यास किया गया। इसके बाद नवंबर से मुख्य ड्रिल प्रशिक्षक इंस्पेक्टर बिशन दास ठाकुर के मार्गदर्शन में नियमित रूप से परेड अभ्यास किया गया, जो पिछले 36 वर्षों से परेड टुकड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं।

# गाजियाबाद में प्रतिबंधित ब्लैक स्पॉट कछुए बरामद

एजेंसी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में पीपल फ़ॉर एनिमल की टीम ने मुखबिर के सहारे ब्लैक स्पॉट कछुए बरामद किए हैं। इस दौरान पुलिस और वन विभाग की टीम भी मौजूद रही। एक तस्कर भी गिरफ्तार हुआ है।

वहीं इन कछुओं का तस्करी करने वाला मास्टरमाइंड अभी फरार है। यह कछुए सिर्फ ब्रह्मपुत्र और गंगा नदी में मिलते हैं। वहां से इनको तस्करी करके दिल्ली एनसीआर में लाया जाता है। लोग इन कछुओं को घर में वास्तु और सजावट के लिए रखते हैं। गाजियाबाद में पीपल फॉर एनिमल की अध्यक्ष सुरभि रावत ने बताया कि उनको जानकारी मिली की रवि भटनागर नाम का एक शख्स वन्य जीव संरक्षण के अंतर्गत आने वाले ब्लैक स्पॉट कछुआ की तस्करी कर रहा है। पीपल फॉर एनिमल की टीम ने जब रवि भटनागर के साथी प्रमोद को फोन करके यह कछुए खरीदने की बात करी तो प्रमोद 6 कछुए लेकर थाना नंदग्राम क्षेत्र में आ गया। पीपल फॉर एनिमल की टीम ने वन विभाग और पुलिस को इसकी सूचना पहले ही दे दी थी। प्रमोद 6 कछुआ के साथ आया तो उसको गिरफ्तार किया गया है।

### हापुड़ में दरोगा की सड़क हादसे में मौत, डिवाइडर से टकराई थी कार

हापुड़। थाना हापुड़ देहात क्षेत्र की चौकी भीमनगर पर तैनात दरोगा रामपाल सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। दरोगा बुधवार रात अपनी कार से बुलंदशहर जा रहे थे। बुलंदशहर के सिकंदराबाद में घने कोहरे के चलते देर रात उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई। दरोगा के सिर और नाक में चोट लगने से घायल हो गए थे। चिकित्सक को दिखाने के बाद वे होटल जाकर सो गए। लेकिन सुबह मृत अवस्था में पर गए। अधिकारियों ने बताया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में ड्यूटी के लिए जा रहे थे। मृतक देगा मूल रूप से जिला मुज्जफरनगर जिले के रहने वाले थे। पुलिस महकमें में शोक की लहर है।

# युवती के साथ रेप कर बनाया वीडियो

## भाई के साथ की मारपीट, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



नोएडा। नोएडा के थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में युवक ने युवती से रेप किया। उसका वीडियो बनाया। इसके बाद उसे ब्लैक मेल करने लगा। इस दौरान पीड़िता ने अपने भाई को वीडियो की जानकारी दी। पीड़िता के भाई ने आरोपी से वीडियो डिलीट करने को कहा। इस पर आरोपी ने पीड़िता के भाई के साथ मारपीट की। पीड़िता ने इस पूरे मामले की जानकारी 24 जनवरी को थाना सेक्टर-63 में दी।

पुलिस ने सर्विलांस और मैनुअल इनपुट के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान जुबेर के रूप में हुई। इसे एसजेएम तिराहा अंडर पास के नीचे से गिरफ्तार किया। आरोपी भागने की फिराक में था। आरोपी गाजियाबाद का रहने वाला है और युवती को जानता था। वो उसे बहला फुंसला कर ले गया और उसके साथ रेप किया। पीड़िता ने इसका विरोध किया तो उसको वीडियो बना लिया। जिसके बाद वो उसे ब्लैकमेल करना चाह रहा था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इसी थाने के एक अन्य मामले में पुलिस ने 14 घण्टे के अंदर अपहृत को सकुशल बरामद किया है। दरअसल पीड़िता के परिजनों की ओर से थाना सेक्टर-63 को सूचना दी गई थी उसकी नाबालिग बेटी को अज्ञात युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। जिसके संबंध में पुलिस टीम का गठन किया और नाबालिग को बरामद करते हुए आरोपी आकिल पुत्र फजरुद्दीन को छिजारसी अंडर पास से गिरफ्तार किया गया है।

# गणतंत्र दिवस पर नवहिंद स्कूल की छात्राओं ने जागरूक नागरिक बनने का लिया संकल्प







नई दिल्ली। 75 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा परेड व देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए द्यविद्यालय के चेयरमैन कीर्ति शर्मा ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि आपके स्कूल का शिलान्यास तत्कालीन भारत के राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने वर्ष 1953 में किया था। विधालय की प्रथम चेयरपर्सन स्वतंत्रता सेनानी श्रीमती सुचेता कृपलानी बनी। यह विधालय 1959 से लेकर 1961 तक राजपथ पर स्कूल विधार्थियों की परेड को लीड करता रहा।

कार्यक्रम में सभी छात्राओं व अध्यापिकाओं को आह्वान किया किया कि वो ? सभी भारतीय संविधान में मिले महिलाओं और बच्चों को मिले अधिकारों को जाने तथा समझें।

अपनी पढ़ाई के साथ साथ कौशल विकास के अंतर्गत किसी भी विषय में पारंगत होने के लिए मेहनत करें ताकि स्वयं और भारत को आर्थिक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने में सक्रिय योगदान कर सकें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली के प्रतिष्ठित व्यवसायी और झंडेवालान देवी मंदिर के सचिव कुलभूषण आहुजा ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्र पर बलिदान हुए शहीदों से प्रेरणा लेते हुए देश के लिए समर्पण की भावना को अपनाएं। अपने कर्तव्यों का निर्वाह ईमानदारी से करें। विशिष्ट अतिथि आर्य अनाथालय के प्रधान सुधीर गुप्ता तथा रविन्द्र सिंह प्रसिद्ध उद्योगपति व समाज सेवी , अधिवक्ता राकेश भल्ला, मीना गोयल , शिक्षाविद् मैत्रीय भट्टाचार्य, मंदीप बक्शी , वागीश ईसर, संजय ग्रोवर, चारू दुआ, प्रेम प्रकाश, इन्दु जैन, ऊषा मन्नचदा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बनाया।

विधालय की प्रधानाचार्या सीमा खरबंदा ने अतिथियों का धन्यवाद प्रस्तुत किया और विधार्थियों को शपथ दिलाई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनो में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# यूपी दिवस में 'उद्यमी गोष्ठी' का हुआ आयोजन



नोएडा। यूपी दिवस के दूसरे दिन निवेश को बढ़ाने के लिए आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जनपद के उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ उद्यमी गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के औद्योगिक विकास को किस तरीके से बढ़ाया जा सकता है, इस विषय पर गहन विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने उद्यमी संगठन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि जनपद के औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने में जिला प्रशासन के द्वारा आपका पूर्ण सहयोग किया जाएगा।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजित हो रहे कार्यक्रम में उपस्थित सभी उद्यमीय, गणमान्य व्यक्तियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के कलाकारों को मतदान करने की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर यह भी बताया कि मतदाता, मतदाता सूची में अपना नाम किस तरीके से जांच कर सकते हैं। इसकी पूर्ण जानकारी विस्तार परक रूप से उपलब्ध कराई।

दूसरे दिन के कार्यक्रमों को आगे बढ़ते हुए उद्यमी गोष्ठी के उपरांत संस्कार भारती द्वारा प्रायोजित देशभक्ति गीत, वंदे मातरम एकल गायन, राग गायन, ऐ जय नंदिनी समूह गायन, उन्नत भारत की कहानी पर नाटक, गणेश वंदना, विजयी भव- कार्यक्रम, गुरु चरण पर शीश नवाऊं, माल कौश तराना, अवधी रामलला सोहर, मौर्य फिल्म और थिएटर द्वारा नाटक प्रस्तुति व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम मंच का संचालन जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह के द्वारा किया गया। वहीं शाम को लाफ्टर शो और पार्श गायक विशाल श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

# संपादकीय

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौतियों का हल

राजनीतिक और आर्थिक रूप से तेज उथल-पुथल के दौर में अलग-अलग देशों के बीच जिस तरह के विभाजन खड़े हो रहे हैं, उसके रहते वैश्विक शांति और सद्भाव कायम करना संभव नहीं होगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि मौजूदा विश्व में भारत को अब एक ऐसी शक्ति के रूप में देखा जाने लगा है जो अंतरराष्ट्रीय पटल पर खड़ी होने वाली समस्याओं का हल निकालने में एक अहम भूमिका निभा सकता है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान वैश्विक स्तर पर सहयोग और समाधान के मकसद से बनाए गए कई समूहों के सम्मेलनों में मजबूत उपस्थिति से लेकर जी20 का नेतृत्व करने और उसके जरिए एक व्यापक दृष्टि सामने रखने के रूप में दुनिया भर के देशों ने भारत की स्पष्टता देखी है। यही वजह है कि अब भू-राजनीतिक स्तर पर खड़ी होने वाली समस्याओं के समाधान को लेकर भी भारत से उम्मीद की जाती है। अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि खुद संयुक्त राष्ट्र की ओर से भी भारत को इस मामले में एक महत्त्वपूर्ण देश के रूप में देखा जा रहा है। मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत को इस विश्व निकाय का अहम सदस्य बताया। उन्होंने कहा कि वे भारत को मिसाल पेश करते हुए नेतृत्व करते रहने, संवाद और कूटनीति के जरिए स्थायी शांति का रास्ता निकालने के अपने सैद्धांतिक रुख को कायम रखने और दुनिया भर में विभाजनों को भरने के मकसद से काम करने के लिए कहेंगे। जाहिर है, पिछले कुछ वर्षों से विश्व भर में अलग-अलग मोर्चों पर जिस तरह की जटिलताएं और मुश्किलें खड़ी हुई हैं, कई स्तर पर खेमों के रूप में देशों के समूह बन रहे हैं, उनमें खाई बढ़ रही है, उसमें किसी ऐसी कड़ी की जरूरत साफ दिखती है, जिसकी स्वीकार्यता आम हो और वह हल का रास्ता तैयार करने में मददगार साबित हो। यह छिपा नहीं है कि पिछले कुछ समय से ऐसी स्थितियों में भारत ने कूटनीतिक मोर्चे पर कई बार अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज की है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के अलावा इजराइल और हमास की जंग के संदर्भ में भी भारत ने किसी पक्ष में खड़ा होने के बजाय मानवीयता के हक में न्याय और औचित्य को अपने रुख की कसौटी बनाया। युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, इस सूत्रवाक्य के साथ भारत ने शांति और संवाद को ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौतियों का हल बताया है। संयुक्त राष्ट्र के ढांचे के भीतर भी भारत ने हर संवेदनशील मसलों पर अपना स्पष्ट रुख कायम रखा और कूटनीति और संवाद के जरिए एक बेहतर विश्व बनाने की व्यापक दृष्टि के साथ हस्तक्षेप किया। यह सही है कि राजनीतिक और आर्थिक रूप से तेज उथल-पुथल के दौर में अलग-अलग देशों के बीच जिस तरह के विभाजन खड़े हो रहे हैं, उसके रहते वैश्विक शांति और सद्भाव कायम करना संभव नहीं होगा। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक निकाय और उसके तहत स्पष्टता के साथ नीतिगत फैसला लेकर ठोस पहल की जरूरत महसूस की जा रही है। कूटनीतिक मोर्चे से लेकर सतत विकास के मामले में ठोस योजनाओं के साथ अपने अनुभवों और बेहतर तौर-तरीकों के जरिए विभिन्न देशों के साथ सहयोग और संवाद कायम करने के मामले में भारत की अहमियत अब सभी समझते हैं। यह बेवजह नहीं है कि राजनयिक स्तर पर संवाद, कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के साथ ही मानवाधिकारों से संबंधित कानूनों को बरकरार रखते हुए दुनिया भर में शांति लाने के प्रयासों में भारत से महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद की जाने लगी है। गौरतलब है कि बीते वर्ष सितंबर में नई दिल्ली में आयोजित जी20 सम्मेलन के समय भी संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भरोसा जताया था कि भारत यह सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास करेगा कि मौजूदा भू-राजनीतिक विभाजन मिट सके।

## महत्त्वाकांक्षाओं का टकराव

गठबंधन में शामिल कुछ दलों के बीच स्पष्ट मतभेद और दूरी के संकेत तब सामने आए, जब बुधवार को तृणमूल कांग्रेस की शीर्ष नेता ममता बनर्जी ने बंगाल में सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी तो दूसरी ओर पंजाब में आम आदमी पार्टी ने भी यही राग दोहराया।

देश में राजनीतिक गठबंधनों का बनना और बिखरना कोई नई बात नहीं है। विडंबना यह है कि महज चुनाव की चुनौतियों का सामना करने के मकसद से इस तरह के साथ कई बार तात्कालिक नफा-नुकसान के गठजोड़ साबित होते हैं। कुछ समय पहले जब कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों को साथ मिला कर 'इंडिया' नाम से एक समूह का गठन किया गया था, तब लगा था कि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को आगामी आम चुनावों में खासी चुनौती मिल सकती है।

मगर उससे पहले ही नए बने विपक्षी गठबंधन में कुछ दलों की ओर से जिस तरह की जद्दोजहद, चुनावी सीटों की संख्या को लेकर खींचतान देखने में आ रही है, उससे यही लगता है कि इस समूह में सिद्धांत के आधार पर साथ आने की सहमति शायद नहीं बन पाई है, बल्कि इसमें शामिल कुछ दलों पर फिलहाल अपनी सीटें बढ़ा कर राजनीतिक शक्ति बढ़ाने की मंशा हावी है।

गठबंधन में शामिल कुछ दलों के बीच स्पष्ट मतभेद और दूरी के संकेत तब सामने आए, जब बुधवार को तृणमूल कांग्रेस की शीर्ष नेता ममता बनर्जी ने बंगाल में सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी तो दूसरी ओर पंजाब में आम आदमी पार्टी ने भी यही राग दोहराया।


रअसल, राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के बंगाल में आयोजित किए जाने के बारे में शिष्टाचार के नाते भी सूचित नहीं करने से लेकर कांग्रेस की ओर से अपने कई प्रस्ताव ठुकरा दिए जाने के दावे के साथ ममता बनर्जी ने एक तरह से अपनी नाराजगी छिपाई नहीं। उन्होंने सख्त भाषा में यहां तक कह डाला कि मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि देश में क्या किया जाएगाज बंगाल में तृणमूल कांग्रेस एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी है और वह अकेले ही भाजपा को हरा देगी।

जाहिर है, यह नए बने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लिए एक तरह से झटका है, क्योंकि देश की राजनीति में ममता बनर्जी का अपना एक प्रभाव रहा है और अब वे विपक्ष की राजनीति के लिए एक महत्त्वपूर्ण कड़ी मानी जाती हैं। शायद यही वजह है कि उनके ताजा रुख और उससे जुड़ी आशंकाओं के सामने आते ही कांग्रेस सहित विपक्ष के कई अहम नेताओं की ओर से ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस को गठबंधन का महत्त्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए इस मसले का हल निकाल लेने की बात कही गई है। मगर इसके अलावा भी खबर आई कि गठबंधन में शामिल आम आदमी पार्टी के नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री ने राज्य की सभी तेरह लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की बात कही है।

सवाल है कि जब आम चुनावों के दिन करीब रहे हों और उसी मुताबिक विपक्ष को अपनी तैयारी करने की जरूरत है, वैसे में इस तरह की स्थितियां क्यों पैदा हो रही हैं, जिसमें गठबंधन के भविष्य को लेकर आशंकाएं पैदा हो रही हैं! देश के राजनीतिक परिदृश्य में जैसी चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, उसमें एक सशक्त विपक्ष लोकतंत्र को मजबूत करने में मददगार साबित हो सकता है।

फिलहाल भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन अपने सामने कोई चुनौती नहीं मान रहा है। अगर विपक्षी दलों ने मिल कर उसका सामना करने के लिए कोई समूह बनाया है, तो उसकी प्राथमिकताएं क्या होनी चाहिए? पिछले कुछ समय से 'इंडिया' समूह में जैसी खींचतान देखी जा रही है, उससे यही लगता है कि इसमें शामिल सभी पार्टियों को सबसे पहले सैद्धांतिक कसौटी पर साथ होने को लेकर प्रतिबद्धता कायम रखनी होगी। मगर राजनीतिक दलों के गठबंधनों के भीतर पद और कद को लेकर जिस तरह की महत्त्वाकांक्षाओं का टकराव देखा जाता रहा है, वह अभी से 'इंडिया' समूह में साफ दिखने लगा है।

# नरेन्द्र मोदी के राम एवं राष्ट्र को समझें



ललित गर्ग



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम मंदिर के सफल प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और एक धन्यवाद प्रस्ताव में कहा कि लोगों द्वारा उनके प्रति दिखाए गए प्यार और स्नेह ने उन्हें 'जननायक' के रूप में स्थापित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा पढ़े गए इस प्रस्ताव में मोदी को एक नए युग का अग्रदूत बताया गया। क्योंकि उन्हीं की अगुवाई में सोमवार को अयोध्या में संपन्न कार्यक्रम में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रस्ताव में यह भी कहा गया, हम कह सकते हैं कि 1947 में इस देश का शरीर स्वतंत्र हुआ था और अब इसमें आत्मा की प्राण-प्रतिष्ठा हुई है। निश्चित ही मोदी अब इस नए युग के प्रवर्तन के बाद, नवयुग प्रवर्तक के रूप में भी सामने आए हैं। श्रीरामलला के नूतन विग्रह में प्राण-प्रतिष्ठा की अपूर्व एवं अलौकिक घटना भारत के लिये युगांतरकारी है। हम एक नये युग में पदार्पण कर रहे हैं। यह नवयुग एवं नया दौर आशा और विश्वास के साथ ही जिम्मेदारियों से भरा है।

नरेन्द्र मोदी के महान एवं ऊर्जस्वल व्यक्तित्व को एक राजनीतिक दल के सर्वोच्च नेता के सीमित दायरे में बांधना उनके व्यक्तित्व को सीमित करने का प्रयत्न है। उन्हें नए राष्ट्र का निर्माता कहा जा सकता है। मोदी जैसे व्यक्ति दो-चार नहीं, अद्वितीय होते हैं। उनका गहन चिन्तन राष्ट्र के आधार पर नहीं, वरन् उनके चिन्तन में राष्ट्र अपने को खोजता है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के माध्यम से स्वस्थ मूल्यों को स्थापित करके राष्ट्र को सजीव एवं शक्तिसम्पन्न बनाने का प्रयत्न किया है। राष्ट्र-निर्माण की कितनी नयी-नयी कल्पनाएं उनके मस्तिष्क में तरंगित होती रहती हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम के 'भव्य, दिव्य मंदिर' की प्राण-प्रतिष्ठा उनके ही संकल्पों की निष्पत्ति है। इसके साथ ही प्राण-प्रतिष्ठा की यह तारीख आने वाले हजारों वर्षों के लिये एक उजाला एवं संकल्प बनते हुए नये इतिहास का सृजन करने वाली शुभ एवं श्रेयस्कर गति है। जैसा कि नरेन्द्र मोदी ने कहा है, 'यह नये इतिहास-चक्र की भी शुरुआत' है। इस अवसर पर दिये गये संबोधन में मोदी ने अपने संकल्प 'सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास' को एक नया आयाम भी दिया है। नरेन्द्र मोदी केवल व्यक्तियों के समूह को राष्ट्र मानने को तैयार नहीं हैं। उनकी दृष्टि में राष्ट्र के सदस्यों में निम्न विशेषताओं का होना आवश्यक है जिस राष्ट्र के सदस्यों में इस्पात सी दृढ़ता, संगठन में निष्ठा, चारित्रिक उज्ज्वलता, कठिन काम करने का साहस और उद्देश्य पूति के लिए स्वयं को झोंकने का मनोभाव होता है, वह राष्ट्र अपने निर्धारित लक्ष्य तक बहुत कम समय में पहुंच जाता है। कहा जा सकता है कि नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र-चिंतन में जो क्रांतिकारिता, परिवर्तन एवं नये दिशाबोध हैं, वे राष्ट्र के चिंतकों को भी चिंतन की नयी खुराक देने में समर्थ हैं।

अयोध्या में मोदी ने अपने संबोधन में कहा है, 'राम विवाद नहीं, समाधान है'। उनके इस कथन को व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझा और स्वीकारा जाना चाहिए। यह भी समझा जाना चाहिए कि प्रधानमंत्री का यह कथन देश में संभावनाओं के नये आयाम भी खोल रहा है। राम और राष्ट्र के बीच की दूरी को पाटने का एक स्पष्ट संकेत भी प्रधानमंत्री ने दिया है। इस बात को भी समझने की ईमानदार कोशिश होनी चाहिए कि श्रीराम की महत्ता हिंदू समाज के आराध्य होने में ही नहीं है, बल्कि उन्हें सुशासन का प्रतीक पुरुष एवं शासक समझने में भी है। तभी हमारा राष्ट्र राजनीतिक विसंगतियों से मुक्त होकर सुशासन का आधार बन सकता है। जिसमें हर नागरिक को, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, वर्ण, वर्ग का हो, प्रगति करने का समान और पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए।

प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा इस सोच और संकल्प के साथ आयोजित हुआ है कि हमें कुछ नया करना है, नया बनना है, नये पदचिह्न स्थापित करने हैं। बीते वर्षों की कमियों पर नजर रखते हुए उन्हें दोहराने की भूल न करने का संकल्प लेना है। हमें यह संकल्प करना और शपथ लेनी है कि आने वाले वर्षों में हम ऐसा कुछ नहीं करेंगे जो हमारे उद्देश्यों, उम्मीदों, उमंगों और आदर्शों पर प्रश्नचिह्न टांग दे। अपनी उपलब्धियों का अंकन एवं कमियों की समीक्षा कर इस अवसर पर हर व्यक्ति अपनी विवेक चेतना को जगाकर अपने भाग्य की रेखाओं में राष्ट्रीयता और जिजीविषा के रंग भरें, सामंजस्य एवं सहिष्णुता को जीवन के व्यवहार में उतारने का अभ्यास करें। केवल अपनी भावनाओं को ऊंचा स्थान दे, वह स्वार्थी होता है। स्वार्थी होने की कीमत चुकानी ही पड़ती है। दूसरों की भावना के प्रति उदार बनें। उदार होने का मतलब है आप किसी के कहे बिना भी उनकी भावनाओं को समझें। उसके बारे में सोचें, विचारें। इससे आपके जीने का अंदाज बदल जायेगा। यही जीने की आदर्श शैली का प्रशिक्षण प्राण-प्रतिष्ठा महा-महोत्सव का हार्द है।

समूचा देश 'राममय' हो रहा है, इस ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय अवसर पर अपने-पराये का भेद मिटाने की आवश्यकता को भी समझना ज़रूरी है। धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर, अर्थ के नाम पर, भाषा के नाम पर होने वाला कोई भी विभाजन 'राम-राज्य' में स्वीकार्य नहीं हो सकता। सांस्कृतिक अथवा धार्मिक राष्ट्रवाद के नाम पर किसी को कम या अधिक भारतीय आंकना भी राम-राज्य की भावना के प्रतिकूल है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अयोध्या में नया मंदिर बनने के बाद हिंदू समाज में एक नया उत्साह है, जो स्वाभाविक भी है। पर हमें इस भाव की सीमाओं को भी समझना होगा। नदी जब किनारा छोड़ती है तो बाढ़ आ जाती है। सरसंघचालक मोहन भागवत ने प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर कहा भी था 'जोश के माहौल में होश की बात' करनी ज़रूरी है। यह होश ही वे किनारे हैं जो नदी को संयमित रखते हैं। जीवन का पड़ाव चाहे संसार हो या संन्यास, सीमा, संयम एवं मर्यादा जरूरी है। मर्यादा जीवन का पर्याय है। धरती, अंबर, समन्दर, सूरज, चांद-सितारें, व्यक्ति, धर्म एवं समाज सब अपनी-अपनी सीमाओं में बंधे हैं। जब भी उनकी मर्यादा एवं सीमा टूटती है, प्रकृति प्रलय एवं समाज अराजकता में परिवर्तित हो जाता है।

प्रभु श्रीराम के जीवन का कण-कण हमें मर्यादा की बात सिखा रहा है। अपेक्षा है, मानव अनुशासन और संयम को अपनाकर जीवन को संवारे। प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा का यह पावन अवसर सबको यही संदेश देता है कि संयम, सहिष्णुता एवं समानता से ही समस्याओं का निपटारा संभव है। पथभ्रान्त पथिक के लिये मर्यादा ही सच्चा पथदर्शन बनेगी। युग की उफनती समस्याओं की नदी मर्यादा की मजबूत नाव से ही पार की जा सकेगी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की इस भूमि पर मर्यादा को स्थापित करने और उसे गौरवान्वित करने की इस विलक्षण एवं अनूठी घटना से हम सभी प्रेरित हो, विनाश का ग्रास बनती इस ऊर्वरा भारत-भू को विकास के शिखर पर चढ़ाएं। सहिष्णुता यानि सहनशीलता। दूसरे के अस्तित्व को स्वीकारना, सबके साथ रहने की योग्यता एवं दूसरे के विचार सुनना- यही शांतिप्रिय एवं सभ्य समाज रचना एवं रामराज्य का आधारसूत्र है और इसी आधारसूत्र को नये भारत का संकल्पसूत्र बनाना है। परिवार, गांव, समाज जैसी संस्थाएं टूट रही हैं। रिश्ते समाप्त हो रहे हैं। आत्मीयता समाप्त हो रही है। तथाकथित विकास के रास्ते पर जो हम चल रहे हैं वह केवल बाहरी/भौतिक है, जो सहिष्णुता के आसपास पनपने वाले सभी गुणों से हमें बहुत दूर ले जा रहा है। आधुनिक संचार माध्यमों के कारण जहां दुनिया छोटी होती जा रही है, वहीं मनुष्य ने अपने चारों तरफ अहम् की दीवारें बना ली हैं, जिसमें सहिष्णुता के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। राष्ट्र की वर्तमान परिस्थितियों में फैलता वैचारिक एवं अनैतिक प्रदूषण, आर्थिक अपराधीकरण, रीति-रिवाजों में अपसंस्कृति का अनुसरण, धार्मिक संस्कारों से कटती युवापीढ़ी का रवैया, समाज-राष्ट्र में बढ़ता सत्ता, प्रतिष्ठा और धन का अन्धाधुन्ध आकर्षण जैसे जीवन-सन्दर्भों के साथ किसी भी कीमत पर समझौता न कर हम समझ के साथ प्रभु श्रीराम के जीवन-आदर्शों को बहुमान दें। तभी रामराज्य की बुनियाद पर समाज एवं राष्ट्र को नई प्रतिष्ठा एवं नई दिशा मिल सकेगी।

## 'सबके राम, सबमें राम' की भावना को स्थापित करने से बनेगा 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत'

प्रो. संजय द्विवेदी


राम के लिए आए लाखों लोगों में बहुत कम लोग त्रिपाल या टाट में बैठे रामलला के दर्शन करते। लेकिन 22 जनवरी का नजारा अलग था। हर राह राममंदिर की ओर जा रही थी। आँखों में आँसू, चेहरे पर मुस्कान और पैरों में तूफान था।

अयोध्या में 22 जनवरी, 2024 को रामलला विराजे और तमाम आँखें सजल हो उठीं। ये आँसू यूं ही नहीं आए थे। ये भारत की लगातार आहत होती सभ्यता को एक सुनहरे पल में प्रवेश करते देखकर भर आई आँखें थीं। अयोध्या को इस तरह देखना विरल है। यह शहर सालों से सन्नाटे में था, गहरी उदासी और गहरे अवसाद में डूबा, शांत और उत्साहहीन। जैसे इतिहास और समय एक जगह ठहर गया हो और उसने आगे न बढ़ने की ठान रखी हो। दूरस्थ स्थानों से अयोध्या आते लोग भी हनुमान गढ़ी और कनक भवन जैसे स्थानों को देखकर लौट जाते। चौदहकोसी परिक्रमा करते और चले जाते। राम के लिए आए लाखों लोगों में बहुत कम लोग त्रिपाल या टाट में बैठे रामलला के दर्शन करते। लेकिन 22 जनवरी का नजारा अलग था। हर राह राममंदिर की ओर जा रही थी। आँखों में आँसू, चेहरे पर मुस्कान और पैरों में तूफान था। आखिर हमारे राम को उनके अपने घर और शहर में सम्मान मिलते देखना अद्भुत अनुभव था। सदियां गुजर गईं लेकिन सत्य स्थिर था। इसी सत्य को देखने सारी दुनिया टीवी, मोबाइल स्क्रीन पर आँखें गड़ाए बैठी थी। विवाद का अंत हुआ और सत्यमेव जयते का उद्घोष सार्थक हुआ। यह समाधान सर्वजनहिताय तो था ही। कभी त्रेता में वनवास गए राम कलयुग में भी एक दूसरी दुविधा के सामने थे। आजाद हिंदुस्तान में भी भारत के इस सबसे लायक बेटे के लिए मंदिर की प्रतीक्षा थी।

बाबर के सेनापति द्वारा गिराए मंदिर के सामने पूजा-अर्चना करके आहत समाज यह सोचते हुए लौटता था कि कभी राम का भव्य मंदिर बनेगा। 2024 की यह 22 जनवरी करोड़ों आँखों के सपने सच करने के लिए आई थी। राम भारत के राष्ट्रनायक हैं, जिन्होंने अयोध्या से रामेश्वरम् को जोड़ा। वे दीन-दुखियों के, जीवन जीने के लिए संघर्ष करती आम जनता के पहले और अंतिम सहायक हैं। रामचरित मानस और हनुमान चालीसा की पंक्तियों को दोहराते हुए यह संघर्षरत समाज राम के सहारे ही अपनी जीवनयात्रा को सरल बनाता रहा है। बावजूद इसके आजादी के बाद भी सबको मुक्त करने वाले नायक को मुक्ति नहीं मिली। लंबे समय तक तो वो ताले में बंद रहे। अखंड कीर्तन चलता रहा। किंतु राहें आसान नहीं थीं। अयोध्या आंदोलन की यादें आपको सिहरा देंगीं। 1990 और 1992 की यादें एक गहरी कड़वाहट घोल जाती हैं। राजनीति किस तरह आसान मुद्दों को भी जटिल बनाती है। इसकी कहानी अयोध्या आज भी बताती है। अयोध्या अब अपने सदियों के दर्द से मुक्त मुस्करा रही है। दुनिया के किसी पंथ, संप्रदाय के महानायक के साथ यह होता तो क्या होता? सोचकर भी सिहरन होती है। किंतु भारत में यह हुआ और हिंदू समाज के अपार धैर्य, सहनशीलता की कथा फिर से दोहराई गयी।

## लौट कर नहीं आती परछाइयां

उगते सूरज और धूप में
बनती कभी उभरती परछाई
लौटती नहीं,
सांझ होते ही लुप्त हो जाती,
काली स्याह परछाइयों की
कोई छवि नहीं होती,
सदैव निर्विकार होती हैं
परछाइयां,
परछाइयों के कोई विचार, शब्दावली
नहीं होती,
केवल ओझल होने
वाली सीमाएं होती हैं,
केवल उजालों की स्मृतियां
शेष रह जाती हैं,
हवा को दोनों हाथों से
नहीं समेट सका है कोई,
यादों की तरह परछाइयां भी
उड़ जाती हैं हवाओं में,
सूखी नदियां कभी
समंदर में नहीं मिलती,
छलकता पानी ही मिल पाता है,
छूट जाती है रेत बहुत पीछे,
इसी तरह आकाश की
कोई परछाई नहीं होती,
शायद बिंब भी नहीं,
लबालब नदी में पैरों के
निशान नहीं बनते,
बहते पानी में नहीं
लिख सकते नाविक का नाम,
परछाइयों के भी कोई
विचार नहीं होते हैं।
और सुखी नदिया, झरने,
वृक्ष हीन पर्वत,
नहीं गा सकते गीत।
सांझ में ढलती
परछाइयों की तरह।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# विपक्षी पार्टियां हक्की बक्की-क्या पक्ष की तीसरी बार 400 पार सीटें पक्की?



लोकसभा चुनाव 2024 मुहाने पर आया-पक्ष विपक्ष का वोटरों को लुभाने का मौसम छाया

राम मंदिर, भारतरत्न की घोषणा और दो पार्टियों के एकला चलो से विपक्ष थर्राया-पक्ष में गर्मजोशी से उत्साह छाया- फैसला जनता जनार्दन पर आया- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर दुनियां का सबसे अधिक जनसंख्या वाला और सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत पर पूरी दुनियां की नज़रें लगी हुई है, क्योंकि अगले दो-तीन महीनो में लोकसभा का सबसे बड़ा चुनावी पर्व होने जा रहा है जिसको जीतने की बिसात करीब करीब हर पार्टी ने बिछाना शुरू कर दिया है, चाहे वह भारत न्याय यात्रा हो या फिर विकसित भारत संकल्प यात्रा। परंतु पिछले दो दिनों से तीन सबसे बड़े वक्यात हुए उससे राजनीति का मुख्य रुख मुड़ने की आहट सुनाई दी, वह है 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम की प्राणप्रतिष्ठा, दिनांक 24 जनवरी 2024 को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न देने कीघोषणा और इसी दिन विपक्ष के दो प्रमुख मुख्यमंत्रीयों ने अगले लोकसभा चुनाव 2024 में एकला चलो के बयान पर विपक्षी पार्टियों के हक्का-बक्का होने का अंदेशा जताया जा रहा है। वहीं विपक्ष में गर्मजोशी का उत्साह नजर आ रहा है और जनता के मन में आ रहा है कि, क्या पक्ष तीसरी बार 400 सीटें ला रहा है? जिस तरह मैंने अपनी गोंदिया नगरी में प्राण प्रतिष्ठा के दिन ग्राउंड रिपोर्टिंग के जरिए और भारत के अनेक शहरों गांवों और नगरों सहित दुनियां के बहुतदेशों का टीवी चैनलों के माध्यम से जनता भक्तिगणों में भारी उत्साह देखा जो पूर्ण रूपेण राम की भक्ति में डूबे नजरआए मानो सारा देश थम सा गया हो, जो केवल प्रभु श्री राम को निहार रहें हो, जबकि पूरे विपक्ष ने अलग-अलग रूप प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आने की घोषणा कर दी थी जो, भक्तगणों जो वोटर भी हैं उनका अंदेशा समझा जा सकता है। दूसरी ओर जातिगत जनगणना की काट के रूप में और दो वजनदार मुख्यमंत्री ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा से जबरदस्त झटका महसूस किया जा रहा है। चूंकि लोकसभा चुनाव 2024 दो-तीन माह में होने के मुहाने पर है। वहीं पक्ष विपक्ष का वोटरों को लुभाने का मौसम आया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे राममंदिर भारतरत्न की घोषणा और दो पार्टियों के एकला चलो से विपक्ष थर्राया, पक्ष में गर्मजोशी से उत्साह भर आया, फैसला जनता जनार्दन पर आया।

साथियों बात अगर हम लोकसभा चुनाव 2024 के वर्तमान समय में दिख रहे माहौल की करें तो महागठबंधन को आज 24 जनवरी 2024 को बड़ा झटका तब लगा जब उनके दो महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री ने एकला चलो का राग अलापा तो प्राण प्रतिष्ठा वी भारत रत्न की घोषणा के रिएक्शन के रूप में पक्षी को अपार सफलता का बोध हुआ, जिसका असर 24 जनवरी 2024 को केंद्रीयकैबिनेट की बैठक में भी दिखा जहां पीएम के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं बहुत पहले से रणनीतिक रूप से प्रतिबद्ध 400 प्लस सीटों के लक्ष्य के अनुकूल माहौल बन जाने से पूरी पार्टी गदगद महसूस कर रही है। बता दें कि अभी पार्टी को 50 प्रतिशत प्लस वोटिंग शेयर पाने का टारगेट रखने का अंदेशा जताया जा रहा है, जो अभी तक किसी पार्टी को नहीं मिला है। 1984 में भी सबसे बड़ी पार्टी को 405सीटें जरूर मिली थी परंतु वोटिंग प्रतिशत 48प्रतिशत ही था अब सत्ता पक्ष 500 सीटों पर चुनाव लड़कर 400 प्लस सीटें 50 प्रतिशत से अधिक वोटिंग प्रतिशत से पानें का लक्ष्य रखने का सोच रही है।

साथियों बात अगर हम विपक्ष की करें तो, राम मंदिर के नैरेटिव को लोकसभा चुनाव में काउंटर करने का विपक्षी गठबंधन का कोई ठोस प्लान अभी तक नजर नहीं आया। 2024 लोकसभा चुनाव के लिए अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। ऐसे में राम मंदिर कहीं ना कहींपक्ष के हिंदुत्व के नैरेटिव को और मजबूत करेगा। पक्ष ऐसे मुद्दे को भुनाने की कोशिश जरूर करेगी, जिसके लिए उसने लंबा संघर्ष किया हो। विपक्ष भले ही महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे उठा रहा है, लेकिन राम मंदिर और राष्ट्रवाद के आगे वह उतना प्रभाव शायद ना छोड़ पाएं।राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ना जाकर विपक्ष ने बीजेपी को उसे हिंदू और राम विरोधी ठहरा देने का भी मौका दे दिया है। विपक्ष पर तो पक्ष पहले ही भगवान राम को काल्पनिक कहने को लेकर हमलावर रहती ही है और प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर पीएम ने कहा वो भी एक समय था जब कुछ लोग कहते थे कि राम मंदिर बना तो आग लग जाएगी, लेकिन ऐसे लोग भारत की धार्मिक और सामाजिक भाव को नहीं समझ पाए।माना जा रहा है कि इंडिया गठबंधन राम मंदिर के मुद्दे पर जनता की नब्ज पकड़ने में नाकामयाब रहा है। इस स्थिति के बाद अब पार्टी समेत बाकी विपक्षी दलों की स्थिति पक्ष के आगे फीकी पड़ सकती है। पक्ष से मुकाबला करने के लिए विपक्ष देश की जनता के आगे भी वह कोई ठोस एजेंडा पेश नहीं कर पाई है। देश में बनी हिंदू भावना को देखते हुए विपक्षी नेता सॉफ्ट हिंदुत्व का भी प्रयोग कर रहे हैं।

साथियों बात अगर हम एक राज्य में पक्ष के सियासी गुगली से विपक्ष को क्लीन बोर्ड करने करने के अंदेशा की करें तो यह तो रही कर्पूरी ठाकुर की सादगी की मिसाल।लेकिन अब बात कर्पूरी ठाकुर को इस समय भारत रत्न दिए जाने की लोकसभा चुनाव से पहले कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा के कई सियासी मायने भी हैं। केंद्र की मोदी सरकार के इस फैसले से भाजपा बिहार में मजबूत होगी. कर्पूरी ठाकुर ईबीसी समाज के सबसे बड़े नेता माने जाते हैं. लालू-नीतीश हमेशा उनकी राजनीति को आगे बढ़ाने का दावा करते रहे हैं।लेकिन पक्ष सरकार द्वारा कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने से बिहार में बीजेपी लालू-नीतीश के मजबूत वोटबैंक में सेंधमारी करने में सफल होगी।लोकसभा चुनाव में तो इसका फायदा दिखेगा ही साथ ही साथ अगले साल 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में भी पक्ष इस फैसले को भुनाने की भरसक कोशिश करेगी। हिंदी पट्टी के राज्यों में बिहार ही वो राज्य है जहां पक्ष अभी तक अकेले अपने दम पर सरकार नहीं बना सकी है। यहां पक्ष बिहार सीएम के साथ मिलकर सत्ता का सुख भोग चुकी है।लेकिन अब भाजपा बिहार में अपने दम पर सरकार बनाने की लंबी रणनीति पर काम कर रही है। बिहार के सवर्ण और वैश्य भाजपा को पहले से पसंद करते रहे हैं, अब कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर भाजपा ईबीसी वर्ग का साथ भी हासिल करने की कोशिश करेगी। बिहार में 36 फीसदी आबादी अतिपिछड़ी जातियों की हैं।जातीय जनगणना 2023 के अनुसार अति पिछड़ों में नाई के साथ-साथ लोहार, कुम्हार, बढ़ई, कहार, सोनार समेत 114 जातियां आती हैं। यह जातियां आज भी बिहार में आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़ी हुई हैं. लेकिन वोट बैंक के नजरिए से देखें तो सरकार बनाने और बिगाड़ने का दम रखती हैऐसे में कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने से बिहार में ओबीसी कैटेगरी की राजनीति पर अति पिछड़ों की राजनीति भारी पड़ सकती है। अति पिछड़ों के वोट भाजपा के खाते में जा सकते हैं. इसलिए भारतरत्न के फैसले को भाजपा का मास्टरस्ट्रोक कहा जा रहा है।

## शार्ट न्यूज

### हरदोई में पुलिस बूथ के पास हुई चोरी

**हरदोई।** हरदोई में पचदेवरा थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में लगे मोबाइल टावर से बुधवार की रात केबिन का ताला तोड़कर चोर लाखो की बैटरी चोरी कर ले गए। टावर टेक्नीशियन प्रमोद सिंह ने अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। वहीं पुलिस बूथ के पास स्थित गुमटी को भी चोरों ने निशाना बनाया है। सुल्तानपुर गांव निवासी विनोद सिंह चौहान के खेत में एक मोबाइल कंपनी का टावर लगा है। यहां त्नझ्ररुकम्पनी का टावर टेक्नीशियन पद पर प्रमोद सिंह तैनात है। बुधवार की शाम को वह केबिन में ताला बंद कर घर चले गये। दूसरे दिन गुरुवार को जब यहां पहुंचे तो केबिन का ताला टूटा पड़ा था। सभी 22 बैटरी गायब थी। चोरी गयी सभी बैटरियों की कीमत लगभग साढ़े 4 लाख रुपए बताई गई है। वहीं अनंगपुर चौराहे पर बने पुलिस बूथ के पास रखे लाले सिंह ऊर्फ सुधीर सिंह के गुमटी के पीछे से तखती तोड़ कर गुमटी में रखी चार हजार का सामान और गोलक की पेटी में रखे बारह सौ रुपयों समेत गोलक को नहर में फेंक कर चोर रूपये उड़ा लें गए। वहीं पुलिस बूथ में कल की रात निपेंद्र और पुष्पेंद्र कांस्टेबल की ड्यूटी थी। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस के जवान कल की रात ड्यूटी पर आये ही नही थे। वहीं घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### गणतन्त्र दिवस के मद्देनजर नेपाल सीमा पर अलर्ट

बस्ती। गणतन्त्र दिवस को लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश से सटी नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी किया गया है और सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा पर गश्त बढा दी है। बस्ती परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) रामकृष्ण भारद्वाज ने गुरूवार को बताया कि सीमा पर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये है। 424 सुरक्षा समितियां भी निरन्तर निगरानी कर रही है। बार्डर क्षेत्र की तरफ हर आने-जाने वाले व्यक्तियों से पुलिस एंव सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानो द्वारा पूछताछ की जा रही है। साथ ही उनके पहचान पत्र की भी जांच की जा रही है। सीमा से गुजरने वाली सभी गाड़ियो की चेकिंग किया जा रहा है चेकिंग के दौरान उनका बीडियो रिकार्डिंग भी कराया जा रहा है। नेपाल से सटे सीमाई इलाकों पर सुरक्षा बलों की विशेष नजर है। खुनुवा,बढ़नी, कपिलवस्तु सहित अन्य सीमाओं पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों द्वारा सुरक्षा बढ़ा दिया गया है साथ-साथ पुलिस भी बार्डर क्षेत्र में अपराधियों पर कड़ी नजर बनाये हुए है इटवा-ढेबरूआ मार्ग,शोहरतगढ़-ढेबरूआ मार्ग,बढ़नी ढेबरूआ मार्ग,खुनुवा मार्गो पर पुलिस द्वारा गस्त किया जा रहा है।

### मथुरा में जमीन के लिए चाचा का मर्डर

मथुरा। मथुरा में जमीन के विवाद में भतीजे ने चाचा को गोली मार दी। उसके बाद मौके से फरार हो गया। लोग घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे मरा हुआ घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली। मौके से साक्ष्य जुटाएं। उसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना गुरुवार दोपहर को फरह क्षेत्र की है। यहां के महुअन गांव का रहने वाला टुंडा अपने घर के आगे सीढ़ी और नाली बनवा रहा था। उसके चाचा शिब्बो (65 ) ने सीढ़ी बनवाने का विरोध किया। इसको लेकर टुंडा और शिब्बो में विवाद हो गया। कहासुनी इतनी ज्यादा बढ़ गई कि उनके बीच मारपीट होने लगी। भतीजा गुस्से में घर से बंदूक निकाल लाया। झगड़े के दौरान टुंडा की पत्नी उर्मिला भी आ गई। उर्मिला और टुंडा ने अपने चबूतरे पर बैठे शब्बो को पकड़ लिया। पड़ोसी टुंडा को रोकते तब तक उसने चाचा की पीठ में गोली मार दी। शिब्बो और टुंडा का मकान बगल में है। टुंडा बीते कई दिनों से अपने घर के बाहर सीढ़ी और नाली बनवा रहा है। उसके चाचा का आरोप है कि टुंडा जमीन से आगे बढ़कर निर्माण करा रहा है। इसके लेकर शिब्बो ने टुंडा से बात भी की थी लेकिन टुंडा ने उसकी बात नहीं मानी।

### झांसी में 4 बेटियां होने पर पिता ने किया सुसाइड

झांसी। झांसी में एक युवक ने सुसाइड कर लिया। वह एक के बाद 4 बेटियां पैदा होने से टेंशन में था। उसके पास सिर्फ 3 बीघा जमीन थी। चारों बेटियां की शादी कैसे होगी। इस बात की चिंता उसे सताने लगी थी। इसी के चलते उसने गुरुवार सुबह अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। उसे बेटा न होने का भी अफसोस रहता था। मामला चिरगांव थाना क्षेत्र के छिरौना गांव का है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उसके बाद मामले की जांच में जुट गई है। दीपक कुशवाहा (35) चिरगांव के छिरौना गांव का रहने वाला था। वह अपने पिता बृजकिशोर के साथ खेती करता था। उसके चाचा मनोहरलाल कुशवाहा ने बताया, मेरी मां मथुरादेवी चिरगांव मंडी में सब्जी बेचने जाती है। आज सुबह भतीजा दीपक सब्जी की डलिया लेकर उनको मंडी छोड़कर घर लौटा। चाय पीकर वह अपने कमरे में चला गया। जबकि उसकी पत्नी राजकुमारी, मां गिरजा और पिता खेत वाले घर पर काम कर रहे थे। चाचा ने आगे बताया, दीपक रोजाना अपनी बेटियों को स्कूल छोड़ने के लिए जाता है। सुबह जब दीपक खेत वाले घर पर नहीं पहुंचा तो पत्नी राजकुमार देखने के लिए घर पर आई। तब कमरा अंदर से बंद था। उसने दरवाजा खटखटाया और आवाज दी, लेकिन दीपक ने अंदर से कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद राजकुमारी ने आसपास के लोगों को सूचना दी।

### आवास दिलाने के नाम पर 55,500 की ठगी

हाथरस। हाथरस में आवास योजना के तहत मकान दिलाने के नाम पर आशा कार्यकर्ता से ऑनलाइन ठगी की गई है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया तो पीड़िता ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल किया। जिस पर कोर्ट ने पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के भदामई निवासी कमलेश कुमारी स्वास्थ्य विभाग में आशा कार्यकर्ता हैं। 4 जून को उनके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि मैं हाथरस से बोल रहा हूं। आवास विकास योजना का सेक्रेटरी हूं। आपका नाम आवास योजना में आ गया है। आपको सरकार मकान बनवा कर दे रही है। इसके लिए आपको कुछ पैसा जमा करना होगा। आशा कार्यकर्ता उसकी बातों में आकर मोबाइल पर दो अकाउंट डिटेल भेजी। इसके बाद अलग-अलग तिथियां में उन खातों में 55,500 डाल दिए। उसके बाद आशा कार्यकर्ता ने अज्ञात व्यक्ति को फोन कर बताया कि मैंने तुम्हारे कहने के अनुसार पैसा डाल दिया। अब तो मेरा मकान बन जाएगा तो अज्ञात व्यक्ति ने अपना नाम रमेश बताया। उसने कहा कि 15 दिन में तुम्हारा काम हो जाएगा। आशा कार्यकर्ता ने जब 15 दिन बाद लगातार उसके नंबर पर फोन मिलाया, लेकिन संपर्क नहीं हुआ। खाता धारकों का भी पता नहीं लगने पर आशा कार्यकर्ता थाने पर गई तो उसकी रिपोर्ट नहीं ली गई।

### सड़क किनारे मिला महिला का शव

बिजनौर। बिजनौर के कोतवाली देहात इलाके में आज उस वक्त हड़कम्प मच गया, जब घर जा रही एक महिला का सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थिति में शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और कार्रवाई में जुट गई। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। दरअसल, यह पूरा मामला बिजनौर के कोतवाली देहात इलाके का है। जहां के दहीरपुर की रहने वाली नजमा (45) का शव आज सुबह दोलतबाद कोतवाली देहात रोड पर सड़क किनारे मिला। महिला की मौत से इलाके में हड़कम्प मच गया। आसपास के काफी लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। बताया जा रहा है कि नजमा कल शाम को अपने मायके से ससुराल के लिए निकली थी। कोतवाली देहात में बस से उतरने के बाद घर नहीं पहुंची। जिसके बाद परिवार वालों उसकी ने काफी तलाश की ,काफी तलाश के बाद आज सुबह महिला का शव दोलता बाद कोतवाली देहात वाले रोड पर पड़ा मिला। महिला के कान से सोने कुंडल गायब है। परिवार वालों का आरोप है की महिला की हत्या कर आरोपी सोने के कुंडल ले गए।मृतक के पति सऊदी अरब में रहकर काम करता है। वहीं इस मामले में सीओ नगीना देश दीपक सिंह का कहना है कि महिला का शव मिला है, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।


# नेचर एवं बर्ड फेस्टिवल का आयोजन कराएगी योगी सरकार

## 27 जनवरी से दो फरवरी तक कई स्थानों पर होंगे विविध आयोजन

**लखनऊ।** आम जनमानस को आर्द्र भूमि के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करने के लिये प्रतिवर्ष दो फरवरी को विश्व आर्द्र भूमि दिवस मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के नेतृत्व में विश्व वेटलैण्ड दिवस पर बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में 27 जनवरी से दो फरवरी तक नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल-2024 मनाया जाएगा।

योगी सरकार की तरफ से पूरे सप्ताह कई जनपदों में योगी सरकार अनेक आयोजन कराएगी। 27 जनवरी को शहीद चन्द्र शेखर आजाद पक्षी विहार, नवाबगंज, उन्नाव में बर्ड फेस्टिवल का शुभारंभ होगा।

इसमें योगी सरकार की तरफ से वन राज्यमंत्री केपी मलिक मौजूद रहेंगे।



28 जनवरी को गोविन्द सागर बांध, ललितपुर वन प्रभाग ललितपुर, 29 जनवरी को राज्य पक्षी सारस अभ्यारण्य, बखिरा संतकबीरनगर वन प्रभाग में फेस्टिवल का आयोजन होगा। 30 जनवरी को लाखबहोसी पक्षी विहार, कन्नौज, लुप्तप्राय परियोजना, 31 जनवरी को सूरजपुर वेटलैण्ड, गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग, गौतमबुद्धनगर में राज्य स्तरीय आयोजन होगा। पहली फरवरी को प्रयागराज संगम क्षेत्र, सामाजिक वानिकी प्रभाग, प्रयागराज तथा दो फरवरी को हैदरपुर वेटलैण्ड, मुजफ्फरनगर वन प्रभाग में इससे जुड़े आयोजन होंगे।

### अनेक प्रतियोगिताओं का भी किया जाएगा आयोजन

बर्ड फेस्टिवल के आयोजन में वन विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों एवं संस्थाओं यथा शैक्षिक संस्थानों, वन्यजीव फोटोग्राफर्स आदि की सहभागिता रहेगी। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता, पेन्टिंग प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी आदि आयोजित की जाएगी।

## बहू को जिंदा जलाने सास-ससुर को उम्रकैद

अलीगढ़। अलीगढ़ में दहेज के लिए बहू की जिंदा जलाकर हत्या करने वाले सास ससुर को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। दोषी सास ससुर ने विवाहित के ऊपर केरोसिन का तेल डालकर जिंदा जला दिया था। विवाहिता 90 प्रतिशत से ज्यादा जल गई थी और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मौत से पहले विवाहिता का मजिस्ट्रेट ने बयान लिया था, जिसमें उसने बताया था कि सास और ससुर ने उसके ऊपर केरोसिन डालकर जिंदा जलाया था। सास ने उसके ऊपर केरोसिन डाला था, जबकि अन्य लोगों ने आग लगाई थी। एडीजे फास्ट ट्रैक प्रथम अनुपम सिंह ने दोषियों को सजा सुनाई है। दोनों आरोपी पहले से ही जेल में हैं। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमेंद्र जैन ने बताया कि लोधा के गांव रायट निवासी मृतका के पिता जान मोहम्मद ने 31 जनवरी 2019 चंडौस थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भिड़ी 4 गाड़ियां, 1 की मौत

कानपुर। यूपी में कड़ाके की ठंड से कोई राहत मिलती नहीं दिखाई दे रही है।

गुरुवार सुबह लखनऊ और कानपुर में घना कोहरा है। लखनऊ-कानपुर में विजिबिलिटी 20 मीटर तक रह गई। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश के 9 जिलों में गुरुवार को कोहरे का रेड और 21 जिलों में ऑरेंज अलर्ट दिया गया है।

प्रदेश में 24 घंटे में सबसे ठंडा जिला शाहजहांपुर रहा। यहां रात का तापमान 4.6 दर्ज किया गया। गोरखपुर में 4.9 और मेरठ में 5.1 दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान वाराणसी में 11.4 रिकॉर्ड किया गया। गुरुवार को सर्द हवाओं के चलते 18 जिलों में कोल्ड डे का अलर्ट जारी किया गया है।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कोहरे में भिड़ी 4 गाड़ियां

लखनऊ में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार सुबह कोहरे के चलते बड़ा हादसा हो गया। कोहरे के चलते एक ट्रक आगे चल रहे लोडर से टकरा गया। जिसके पीछे से कंटेनर और उसके पीछे प्राइवेट बस टकरा गई। इस हादसे में 8 यात्री घायल हो गए। वहीं ड्राइवर की मौत हो गई।

गोसाईगंज थाना पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। 3 गंभीर घायलों को ट्रामा सेंटर रिफर किया गया है। दुर्घटना के बाद गाड़ियों को क्रेन की मदद से हटवाया गया।

हालांकि, एक दिन पहले की तुलना में पारे में गिरावट आई है।

मंगलवार रात पहली बार इस सीजन में प्रदेश में मेरठ का पारा 1.5 दर्ज किया गया था।

जो कि बुधवार रात को 5.1 पर पहुंच गया। वहीं, अयोध्या का पारा भी 2.5 से 5.5 दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, आज मध्यम तीव्रता का पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है, जिससे ठंड में हल्की राहत मिल सकती है।

# बुलंदशहर में प्रधानमंत्री की सभा में छाया रहा ग्रेटर नोएडा

गौतम बुद्ध नगर। बुलंदशहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में ग्रेटर नोएडा एक बार फिर छाया रहा। प्रधानमंत्री ने जिस आईआईटीजीएनल टाउनशिप को देश को समर्पित किया है।

वह ग्रेटर नोएडा में ही स्थित है। करीब 1700 करोड़ रुपए की लागत की यह टाउनशिप देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप में से एक है। इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप को डीएमआईसी और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संयुक्त उपक्रम इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड (आईआईटीजीएनएल) द्वारा करीब 750 एकड़ में विकसित किया गया है।

इस टाउनशिप में अब तक 8 बड़ी कंपनियां निवेश कर चुकी हैं। इनमें हायर इलेक्ट्रॉनिक्स, फॉर्मी मोबाइल, सत्कृति इंफोटेनमेंट, चेनफेंग (एलईडी कंपनी), जे.वर्ल्ड इलेक्ट्रॉनिक्स, गुरु अमरदास शामिल हैं। इन कंपनियों की तरफ से अब तक 4000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया गया है और 11000 युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह स्मार्ट टाउनशिप दुनियां के श्रेष्ठ मैन्युफैक्चरिंग शहरों को टक्कर दे रही है।

इसमें उद्योग, व्यापार और कारोबार के लिए जरूरी सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस टाउनशिप में उद्योगपतियों को निवेश का अवसर तो मिल ही रहा है। साथ ही शिक्षण संस्थान, बड़े कॉमर्शियल प्रोजेक्ट और रिहायश के क्षेत्र में भी निवेश के अवसर मिल रहे हैं।

# 9वीं मंजिल से गिरकर मॉडल की मौत

## जिस लड़के के साथ लिव-इन में रही, उसी पर हत्या के आरोप

लखनऊ। लखनऊ के सेलिब्रिटी मीडोज अपार्टमेंट की 9वीं मंजिल से संदिग्ध हालात में गिरकर छात्रा की मौत हो गई थी। वह नीट की तैयारी करती थी। साथ में मॉडलिंग में करियर बनाने के लिए स्ट्रगल कर रही थी। इस मामले में बुधवार को नया मोड़ आ गया। छात्रा की मां ने बेटी के 1 दोस्त समेत 2 पर स्नड्डक्रदर्ज कराई है। उनका आरोप है कि बेटी को पार्टी के बहाने दोस्त एक फ्लैट पर लेकर गया।

वहां उसको शराब पिलाई। फिर बेटी के नशे में होने का फायदा उठाने का प्रयास किया।

जब उनकी बेटी ने विरोध किया, तो दोनों ने मिलकर फ्लैट की बालकनी से उसको नीचे फेंक दिया। फिर नशे की हालत में बालकनी से गिरने की कहानी



गढ़कर हत्या को हादसा बना डाला। पुलिस ने दो लड़कों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अब रेप की कोशिश के बाद हत्या करने के आरोप की जांच शुरू कर दी है।

### किराए के मकान में रहकर कर रही थी नीट की तैयारी

लड़की सीतापुर की रहने वाली है। गोमतीनगर के स्वाति अपार्टमेंट में किराए पर रहकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी। उसके साथ एक और लड़की रहती थी। दोनों साथ में नीट की कोचिंग करती थीं। लड़की की रूम मेट का भाई शुभम भी इसी फ्लैट में रहता था।

मां ने शुभम राय पर आरोप लगाया कि 21 जनवरी की रात को बहलाकर उनकी बेटी को सुशांत गोल्फ सिटी ले गया।

यहां सेलिब्रिटी मीडोज अपार्टमेंट में रहने वाले दोस्त समीर सिंह के फ्लैट नंबर 903 में पार्टी थी। इसी फ्लैट की बालकनी से मॉडल नीचे गिरी।

पूछताछ में समीर और शुभम ने बताया था कि छात्रा फोन पर बात करने के दौरान अधिक नशे में होने के चलते नीचे गिर गई। इसके बाद वो उसे लेकर मेदांता पहुंचे थे। यहां उसकी मौत हो गई। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद चौकी इंचार्ज ने 22 जनवरी को लड़की के परिवार को सूचना दी।

### मौत 21 जनवरी को, एफआईआर 3 दिन बाद

सीतापुर से सोमवार को परिजन लखनऊ पहुंचे। शुरुआत में उन्होंने कोई आरोप नहीं लगाए थे। मगर बुधवार को मॉडल की मां थाने पहुंची। उन्होंने तहरीर देकर हत्या और रेप के प्रयास का केस दर्ज कराया है। मां के मुताबिक उनकी बेटी को नीचे फेंका गया था।

# प्रेमिका के घर मिली प्रेमी की लाश

## प्रेमिका के घर मिली प्रेमी की लाश

3मेरठ। मेरठ में गुरुवार को प्रेमिका के घर पर प्रेमी की लाश मिली। प्रेमिका शादी शुदा है। उसके दो बच्चे हैं। हालांकि उसका पति से तलाक हो चुका है। जानकारी पर पुलिस टीम पहुंची। पुलिस को मौके पर लाश पर किसी प्रकार की चोट, कोई संघर्ष के निशान या खून नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि अभी से नहीं कह सकते की। हत्या हुई या अटैक से मौत हुई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल, पड़ोसी और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। वहीं, भाई फुरकान ने प्रेमिका पर हत्या का आरोप लगाया है। ये मामला लिसाड़ी में किदवई नगर के गली नंबर तीन का है।



### रात को घर गया था, सुबह मिली लाश

इरफान पुत्र नफीस निवासी रिहान गार्डन की लाश एक महिला के घर पर मिली है। यह महिला युवक की प्रेमिका बताई जा रही है। महिला शादी शुदा है और दो बच्चों की मां है।अब यहां लिसाड़ी गेट में रहती है। इरफान का इस महिला से अफेयर चल रहा था। अक्सर मिलने उसके घर आता है। बुधवार रात भी मिलने गया था। सुबह उसकी मौत हो गई।

इरफान के भाई फुरकान ने बताया कि महिला के एक बेटे की तबीयत खराब रहती है। इरफान ही उसकी दवा का खर्चा भी उठा रहा था। उसी भाई को रात में बुलाया था। इसके बाद साजिश करके मार डाला। वो भाई से सिर्फ रुपए ऐंठती थी।

वहीं, पड़ोसियों का कहना है कि इरफान दिल का मरीज था। दिल का दौरा पड़ने से युवक की मौत हुई होगी। सीओ कोतवाली ने बताया कि भाई फुरकान ने महिला पर हत्या का आरोप लगाया है। मामले की जांच की जा रही है।

### जहर देकर मारने का शक

भाई फुरकान ने बताया कि महिला ने ही मेरे भाई को मारा है। पुलिस का कहना है कि सही जानकारी रिपोर्ट आने पर ही मिलेगी। अभी पुलिस जहर देने के एंगल, शराब की ओवरडोज की वजह से मौत होने की शंका पर जांच कर रही है।

## कंबल से भरे चलते ट्रक में लगी आग

मेरठ। मेरठ के परीक्षितगढ़ स्थित खानपुर पुलिया के निकट कंबलों से भरे चलते ट्रक में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद ट्रक चालक ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई और मामले की जानकारी दमकल विभाग को दी जानकारी मिलने पर दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और किसी तरह आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक ट्रक और उसमें रखे कंबल जलकर राख हो चुके थे। पानीपत का रहने वाला सचिन ट्रक में पानीपत से कंबल भरकर सीतापुर जा रहा था। ट्रक जब परीक्षितगढ़ थाना स्थित खानपुर पुलिया के निकट पहुंचा तभी उसमें शॉर्ट सर्किट से भयंकर आग लग गई। ट्रक चालक सचिन ने किसी तरह चलते ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाई और मामले की जानकारी दमकल विभाग को दी।

# जालौन : रेप के आरोपी को उम्रकैद की सजा

**जालौन।** जालौन में डेढ़ साल पहले घर में अकेली किशोरी को देख गांव के एक युवक ने रेप की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में गुरुवार को जालौन की स्पेशल न्यायालय पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश ने युवक को साक्ष्य और गवाहों के आधार पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 40 हजार रुपए का आर्थिक दंड लगाया है। सजा सुनाए जाने के बाद दोषी को पुलिस ने हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। इस मामले की पैरवी करने वाले शासकीय अधिवक्ता बृजराज राजपूत ने बताया कि चुर्खी थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाली 12 वर्षीय किशोरी के साथ गांव के ही युवक पप्पू कुशवाहा पुत्र रामदास ने 1 जून 2022 को रेप की वारदात को अंजाम दिया था। इस घटना को तब अंजाम दिया जब दोपहर के वक्त किशोरी अकेली थी और उसके पिता घर के काम से उरई गए हुए थे, जबकि उसकी पत्नी चाचा के यहां गई हुई थी। घर आने पर किशोरी ने अपने माता-पिता को दुष्कर्म की घटना के बारे में बताया था, जिसके बाद चुर्खी थाने में किशोरी के पिता ने पप्पू कुशवाहा के खिलाफ पुलिस से शिकायत की, जिस पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किए। गुरुवार को इसकी सुनवाई पूरी हुई।

# सौतेले पिता ने 7 साल के बच्चे का गला रेता

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में सौतेले बाप ने 7 साल के बेटे की गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी मोहम्मद इदरीश गन्ना तोड़ने के बहाने बच्चे को खेत में ले गया और वहीं मुंह दबाकर गला रेत दिया। इसके बाद खुद पुलिस के पहुंचा और बच्चे की गुमशुदगी दर्ज कराई। शक होने पर पुलिस ने इदरीशस से पूछताछ की तो पहले तो गुमराह किया, लेकिन सख्ती के बाद टूट गया। इदरीश ने गुनाह कबूल कर लिया है। डेड बॉडी बरामद कर ली गई है। आरोपी इदरीश को गिरफ्तार कर लिया गया है।

घटना मुरादाबाद के कांठ थाना क्षेत्र में ऊमरी कस्बे के मोहल्ला नसीराबाद की है। बच्चे की हत्या 18 जनवरी को की गई थी। 19 जनवरी को इदरीश ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 23 जनवरी को पुलिस को बच्चे की डेडबॉडी जंगल में मिली थी।

एसएसपी हेमराज मीणा ने बताया कि इदरीश सौतेले बच्चे की हत्या करके अपने दुश्मन को फंसाना चाहता था। उसकी मंशा अपनी दूसरी बीवी को सबक सिखाने की भी थी। इदरीश ने पुलिस को बताया कि उसकी दूसरी




बीवी अंजुम उसकी पहली बीवी के बेटे को अपना बेटा नहीं मानती थी। इसलिए उसने अंजुम के पहले पति के बेटे की हत्या कर दी। 7 साल के सौतेले बेटे हसन की हत्या करने के बाद इदरीश उसे ढूंढने का नाटक करता रहा। पहले गुमशुदगी लिखाई फिर अपने दुश्मन पर शक जाहिर कर पुलिस को गुमराह भी किया।

### रेप केस में जमानत पर छूटा था, बेटा अभी भी जेल में

इदरीश ने पुलिस को बताया, कुछ दिन पहले उसके कस्बे के ही एक व्यक्ति ने अपनी बेटी से रेप के आरोप में उसे, पत्नी अंजुम और पहली पत्नी के बेटे यूसुफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में इदरीश और अंजुम की जमानत हो गई। जबकि यूसुफ अभी भी जेल में बंद है।

## अलीगढ़ में एक ही नंबर की दो गाड़ियां

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में अपराधियों की धरपकड़ लगातार जारी है। अकराबाद पुलिस ने गुरुवार को एक ही नंबर पर चल रही दो गाड़ियां पकड़ी हैं। दोनों गाड़ियों पर एक ही नंबर था और आरोपी बेखौफ होकर इसे चला रहे थे। हाईवे पर पुलिस की नजर इन गाड़ियों पर पड़ी तो उन्होंने इन्हें रोकने की कोशिश की। पुलिस को पीछे देखकर आरोपियों ने गाड़ी भगाने की कोशिश की। जिसके बाद पुलिस की गाड़ियां आरोपियों के पीछे लग गई और हाईवे पर नाकाबंदी करके आरोपियों को दबोच लिया गया है। आरोपियों को पकड़ने के बाद पुलिस अब उनसे पूछताछ कर रही है, इसके साथ ही मुकदमा भी दर्ज किया जा रहा है। अलीगढ़ के अकराबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत की थी कि उसकी गाड़ी का नंबर लगाकर दूसरे लोग गाड़ियां चला रहे हैं। इसी कारण उसकी गाड़ी का चालान भी हो गया है। जिसके बाद पुलिस ने कंट्रोल रूम पर शिकायत प्रसारित कर दी थी और आरोपियों की तलाश की जा रही थी। क्षेत्र में गश्त के दौरान गुरुवार को पीआरवी ने एक ही नंबर की दो गाड़ियां देखी तो उन्हें रोककर पूछताछ करने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने वहां से भागने की कोशिश की।

# इटावा में पुलिस और बदमाश की मुठभेड़

## बदमाश ने कटीले तार लगाकर सब्जी व्यापारी से की थी लूट, पुलिस ने आरोपी के पैर में मारी गोली

इटावा। इटावा में पुलिस ने मुठभेड़ में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। कुख्यात अपराधी शिवम पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया है। अपराधी के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन, नकदी और अवैध तमंचा, कारतूस बरामद किए गए हैं। इसके दो अन्य साथी फरार है। मुठभेड़ बकवेर इलाके के नगला पलटू के पास हुई है। आरोपी ने पुलिस के ऊपर तमंचे से फायर कर दिया जिससे पुलिस कर्मी बाल बाल बच गया।

बता दें बीते 19 जनवरी को देर रात्रि करीब साढ़े तीन बजे सब्जी व्यापारी के साथ रास्ते में कटीलें तार लगाकर मोटरसाइकिल सवार व्यापारी को दुर्घटनाग्रस्त करके मोबाइल, नकदी लूटकर के तीन बदमाश फरार हो गए थे।

पीड़ित व्यापारी के भाई नीरज पुत्र अमरपाल सिंह निवासी इंद्रावखी ने पुलिस को सूचना दी कि उसके भाई के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया गया।

मौके पर पहुंची बकेवर पुलिस ने घायल व्यापारी को उपचार के लिए भर्ती करवाया और आरोपियों की तलाश में जुट गई।



### आरोपी ने सब्जी व्यापारी के साथ घटना की बात को स्वीकारा

मुखबिर की सूचना के आधार पर बकेवर पुलिस ने करवा को करीब 8 बजे रात्रि को चेकिंग के दौरान एक आरोपी शिवम पुत्र सुरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने सब्जी व्यापारी के साथ घटना करने की बात स्वीकार की थी। असलहा के बारे में पूछताछ में आरोपी ने नगला देशराज के नगला पलटू पुलिया तिराहा के पास तमंचा छुपाने की बात की थी। जिस पर पुलिस आरोपी के बताए स्थान पर पहुंची तो बदमाश ने छुपा रखे तमंचे से फायर कर दिया जिससे पुलिस कर्मी बाल बाल बच गए। जवाबी कार्यवाई में पुलिस ने गोली चलाई जिसमे बदमाश के पैर में गोली लग गई।

### पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार एक फरार, तलाश में जुटी पुलिस

इटावा एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि एक बदमाश जिसने बीते दिनों। अपने दो साथियों के साथ एक सब्जी व्यापारी को कटीले तार लगाकर रोककर उससे लूट की घटना को अंजाम दिया था। इसमें व्यापारी से नगदी, मोबाइल लूट लिए गए थे। व्यापारी को काफी गंभीर चोटे भी आई थी। जिसके चलते उसकी भर्ती कराया गया था।

बकेवर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इस बदमाश को गिरफ्तार किया है। फिलहाल इसके दो साथी फरार हैं पुलिस उनकी तलाश में भी जुटी हुई है। बकेवर पुलिस को दस हजार का इनाम देने की घोषणा की है।

## शार्ट न्यूज

### निसान और अक्षय पात्र फाउंडेशन ने दिल्ली में उपलब्ध कराई 50 लाख से ज्यादा मील

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) और गैर-लाभकारी संगठन द अक्षय पात्र फाउंडेशन (टीएपीएफ) की साझेदारी में दिल्ली में स्कूली बच्चों को 50 लाख मील उपलब्ध कराये गये हैं। कंपनी ने आज यहां कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों की भोजन एवं पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए दोनों जनवरी 2023 से साथ काम कर रहे हैं। निसान मोटर इंडिया और अक्षय पात्र फाउंडेशन की यह पहल मजबूत एवं शिक्षित पीढ़ी को बढ़ावा देते हुए देश के लिए स्वस्थ भविष्य के निर्माण की दोनों की साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है। निसान के सहयोग से द अक्षय पात्र फाउंडेशन ने 2023 में छात्रों को 50 लाख भोजन (मील) उपलब्ध कराए। इस पहल ने जनवरी से दिसंबर, 2023 के बीच निम्न आय वर्ग के 49,000 से ज्यादा बच्चों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। प्रोग्राम आउटरीच के तहत 300 से ज्यादा स्कूलों में भोजन बांटा गया। हर भोजन ने एक बच्चे के स्वास्थ्य एवं कल्याण में योगदान दिया और स्वस्थ बचपन की नींव रखी।अच्छा पोषण पाने वाले बच्चों की न केवल पढ़ाई अच्छी होती है, बल्कि उनका संपूर्ण प्रदर्शन निखरता है और भविष्य में उनके लिए ज्यादा अवसर भी बनते हैं।

### पीएनबी का मुनाफा 253 प्रतिशत उछला

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में 2223 करोड़ रुपये का एकल लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 629 करोड़ रुपये की तुलना में 253 प्रतिशत अधिक है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अतुल कुमार गोयल ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में वित्तीय लेखाजोखा पेश करते हुये कहा कि इस तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय 10293 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की 9923 करोड़ रुपये की तुलना में 12.13 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि इस तिमाही में विभिन्न मदों में किये जाने वाले प्रावधान में 41.8 प्रतिशत की कमी आयी है। कुल 2739 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 4713 करोड़ रुपये रहा था। उन्होंने कहा कि सकल गैर निष्पादित परिसंपत्तियों (जीएनपीए) दिसंबर तिमाही में 6.24 प्रतिशत रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 9.76 प्रतिशत की तुलना में 352 आधार अंक कम है। इसी तरह से शुद्ध एनपीए भी 234 आधार अंक कम होकर 0.96 प्रतिशत पर आ गया जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 3.30 प्रतिशत पर रहा था।

### कैग नियुक्ति प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब, एस्सेल समूह की कंपनियों पर ईडी के छापे

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने नियंत्रक व महालेखा परीक्षक (कैग) की नियुक्ति की प्रक्रिया को इस आधार पर चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर गुरुवार को केंद्र से जवाब मांगा कि यह स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वालों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह की दलीलों पर संज्ञान लिया कि कैग की नियुक्ति करने वाली कार्यपालिका की मौजूदा प्रणाली में पारदर्शिता का अभाव है। पीठ ने अनुपम कुलश्रेष्ठ और अन्य की जनहित याचिका पर केंद्रीय विधि व न्याय मंत्रालय तथा वित्त मंत्रालयों को नोटिस जारी किया। याचिका में यह घोषित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि कैग की नियुक्ति के लिए अपनाई गई प्रक्रिया भारत के संविधान के जनादेश के खिलाफ है और यह स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं है। याचिका में कहा गया है कि मौजूदा व्यवस्था के तहत केंद्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाला कैबिनेट सचिवालय शीर्ष सरकारी ऑडिटर की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री के विचार हेतु छांटे गए नामों की एक सूची प्रधानमंत्री के पास भेजता है। जनहित याचिका में कहा गया है कि प्रधानमंत्री छांटे गए नामों पर विचार करते हैं और उनमें से एक की सिफारिश राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए राष्ट्रपति से करते हैं और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद चुने गए व्यक्ति को कैग नियुक्त किया जाता है।

### एयर इंडिया जून तक पांच और ए350 विमानों को बेड़े में शामिल करेगी, सीईओ ने दी जानकारी

नई दिल्ली। एयर इंडिया जून तक अपने बेड़े में पांच और ए350 विमान शामिल करेगी। साथ ही 40 पुराने बोइंग 787 और 777 विमानों को उन्नत करने की प्रक्रिया भी जुलाई में शुरू की जाएगी। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी व प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि वर्ष 2024 में औसतन हर छह दिन में एक विमान एयरलाइन के बेड़े में शामिल होगा। घाटे में चल रही एयर इंडिया का टाटा समूह ने दो साल पहले 27 जनवरी को अधिग्रहण किया था। उसके बाद से ही इस एयरलाइन को फिर से चाकचौबंद करने की कोशिशें चल रही हैं। विल्सन ने कर्मचारियों को भेजे एक संदेश में कहा कि एयर इंडिया के बेड़े में पांच और ए350 विमान शामिल होंगे, जो जनवरी से जून के बीच उड़ान भरना शुरू कर देंगे। एयरलाइन ने 22 जनवरी को मुंबई से चेन्नई की उड़ान के साथ अपने पहले ए350 विमान का वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया। इसके अलावा एयर इंडिया 17 ए320 और 46 बी737 विमानों को भी अपने बेड़े में शामिल करेगी।

### 'सामाजिक योजनाओं का लक्ष्य पूरा होने के करीब'

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को बताया कि सरकार गरीबों को बुनियादी जरूरतें मुहैया कराने के लिए बनाई गई सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन के मामले में 'पूर्ण लक्ष्य' तक पहुंचने के करीब है। सीतारमण ने दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, ''अब समय आ गया है कि भारत आर्थिक रूप से 'आत्मनिर्भर' बने और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर आगे बढ़े।'' पहले योजनाओं पर तेजी से काम नहीं होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''हमने एक विकसित भारत के लिए नींव रखी है और सभी को बुनियादी जरूरतें प्रदान करके लोगों को सशक्त बनाया है।'' उन्होंने कहा कि पहले भी सरकार के पास घर, सड़क आदि उपलब्ध कराने की योजनाएं थीं, लेकिन उनपर तेजी से काम करने की भावना गायब थी। आजादी के 50 या 60 साल बाद भी लगभग 50 प्रतिशत आबादी बुनियादी चीजों से वंचित थी। वित्त मंत्री ने कहा, ''यह साफ है कि 2014 लेकर अबतक हमने तेजी के साथ काम किया है और योजनाओं को लक्ष्य तक पहुंचाने पर ध्यान दिया। हमने मानदंड आगे बढ़ाया है तथा आप इसे और आगे ले जाएंगे। सुनिश्चित करें कि हर कोई जो वास्तव में इसे पाने के योग्य है, उसे यह मिलना चाहिए...सरकार का उद्देश्य लोगों को सशक्त बनाना, उन्हें कौशल प्रदान करना, पहुंच प्रदान करना और यह सुनिश्चित करना है कि सभी को इलाज की अच्छी सुविधाएं तथा अन्य चीजें मिलें।''

# झूठ की सुनामी थी, ईश्वर की कृपा, साथियों की मदद ने बचाया: अदाणी

नयी दिल्ली। अदाणी समूह के खिलाफ अमेरिका की मंदडिया फर्म हिंडेनबर्ग की विवादास्पद रिपोर्ट के एक वर्ष पूरे होने पर समूह के प्रमुख गौतम अदाणी ने कहा है उनकी कंपनियों की ठोस हकीकत 'झूठ की सुनामी' से ध्वस्त होती नजर आ रही थी लेकिन 'ईश्वर की कृपा' और तमाम साथियों के सामूहिक प्रयास से समूह संकट से उबरने में सफल रहा।

अदाणी ने हिंडेनबर्ग रिपोर्ट से उठे भूचाल के बारे में कहा है कि उस समय मीडिया में कुछ लोगों की सहायता और प्रोत्साहन से हमारे खिलाफ झूठ इतना प्रभावी था कि हमारे पोर्टफोलियो की जमीनी वास्तविकतायें धूल धूसरित होती महसूस हो रही थीं।

उन्होंने कहा कि यह किसी भी देश के लिये एक भयावह स्थिति होती, लेकिन ईश्वर की कृपा और तमाम साथियों की सामूहिक कोशिशों से हम इस संकट से उभरे और मजबूत स्थिति में पहुंच गये।

बंदरगाह, हवाईअड्डा, बिजली, सीमेंट और मीडिया जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे अदाणी समूह के प्रमुख ने एक विस्तृत लेख में कहा है, इस मुश्किल वक्त में वित्तीय निवेशक, ऋणदाता और रेटिंग एजेंसी सहित वित्तीय क्षेत्र के विशेषज्ञ, इस झूठ की सुनामी में भी पूरी ताकत से हमारे सच की पतवार को थामे रहे।

उल्लेखनीय है कि 24 जनवरी , 2023 को हिंडेनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट मीडिया में आने के बाद अदाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर बुरी तरह धराशायी हो गये थे। इस रिपोर्ट में कंपनी पर शेयर बाजार में घड़ल्ले से हेराफेरी और लेखा-जोखा में गड़बडी करने का आरोप लगाया गया था। इसके असर से समूह को अपनी मुख्य कमंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज का अनुवर्ती सार्वजिनक शेयर निर्गम (एफपीओ) वापस लेना पड़ा, जिसमें उसे 20 हजार करोड़ रुपये जुटाने थे। रिपोर्ट के एक साल बाद से अदाणी समूह के शेयरों भाव उठ खड़े हुये हैं और इस मामले में न्यायालय का निष्कर्ष समूह के अनुकूल आया है।

अदाणी ने कहा है, हमें अतीत में जीना नहीं चाहिये लेकिन उससे सीख लेते हे निरंतर आगे बढ़ना चाहिये। आज का दिन भी ऐसा ही मौका है।

ठीक एक साल पहले न्यूयार्क स्थित शार्ट सेलर फर्म ने तथाकथित शोध रिपोर्ट पेश करते हुए अदाणी समूह के खिलाफ आरोपों का संकलन सार्वजनिक किया था। उन्होंने इस बात को दोहरया है कि अमेरिकी मंदिया




फर्म हिंडेनबर्ग ने जो भी रिपोर्ट दी थी, उसमें उल्लिखित तमाम आरोप, हमारे विरोधी समय-समय पर पहले भी लगाते रहे थे।

उन्होंने कहा है, कुल मिलाकर, यह प्रकट और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी से प्राप्त चुनिंदा अर्धसत्यों का एक चालाकी से तैयार किया गया मसौदा भर ही था। इन आरोपों को सिरे से खारिज कर हमने त्वरित प्रतिक्रिया दी लेकिन हमारी प्रतिक्रिया पर इस बार तथ्यहीन आरोप हावी हो रहे थे।

उन्होंने कहा कि शेयर बाजार और राजनीतिक बयानबाजी ने हमें कुछ ही समय में मामले की गंभीरता का अहसास करा दिया था। शॉर्ट-सेलिंग हमलों का प्रभाव आम तौर पर वित्तीय बाजारों तक ही सीमित होता है, लेकिन यह एक अनोखा द्वि-आयामी हमला था – एक वित्तीय और दूसरा राजनैतिक।

अदाणी ने कहा है कि सामान्यत- पूंजी बाजार तर्कसंगत से अधिक भावनात्मक होते हैं। उन्होंने कहा, मुझे अधिक चिन्ता इस बात की हो रही थी कि हजारों छोटे निवेशकों अपनी बहुमूल्य बचत खो रहे थे। साथ ही, देश के लिहाज से भी चिंता का विषय यह था कि यदि हमारे विरोधियों की योजना पूरी तरह से सफल हो जाती तो डोमिनो प्रभाव (एक के प्रभाव से दूसरे का गिरना) से बंदरगाहों, हवाई अड्डों से लेकर बिजली उत्पादन-आपूर्ति श्रृंखला तक कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की संपत्तियों को नुकसान पहुंच सकता था।

उन्होंने कहा कि यह किसी भी देश के लिए एक भयावह स्थिति ही होती, लेकिन ईश्वर की कृपा और तमाम साथियों की सामूहिक कोशिशों से हम इस संकट से उभरे और मजबूत स्थिति में पहुंच गये।

उन्होंने कहा है कि उस समय अदाणी समूह का साथ देने वालों को कंपनी की मजबूत वित्तीय स्थिति एवं संचालय व्यवस्था की गहराई से जानकारी थी।

इस हमले से निपटने की रणनीति के बारे में उन्होंने कहा है, हमने दशकों से अपनाई पारदर्शी तथ्य और सत्य पर आधारित कार्यपद्धति को ही रणनीति का आधार बनाया। हमारा पहला निर्णय अपने निवेशकों की सुरक्षा करना था।

बीस हजार करोड़ रुपये का एफपीओ पूरा सब्सक्राइब हो जाने के बाद भी हमने वह राशि निवेशकों को वापस लौटाने का फैसला लिया।

उन्होंने इसे दुनिया के कॉर्पोरेट इतिहास में अभूतपूर्व इस कदम बताया है। उन्होंने कहा है कि इस लड़ाई में समूह का 30 हजार करोड़ रुपये का नकदी भंडार उनके पास सबसे बड़ा हथियार था। इसके अलावा, कंपनियों हमने अपनी हिस्सेदारी को घटाकर अतिरिक्त 40 हजार करोड़ रुपये जुटाये, इससे हमारी वित्तीय स्थिति और मजबूत हुई तथा कंपनी अगले दो वर्षों के लिए कर्ज चुकाने की स्थिति में आ गयी।

उन्होंने कहा है, हमने अपने वित्तीय और गैर-वित्तीय हितधारकों के लिए एक व्यापक जुड़ाव कार्यक्रम भी चलाया। अकेले वित्तीय टीम ने शुरुआती 150 दिनों में दुनिया भर में करीब 300 बैठकें कीं, जिससे नौ रेटिंग एजेंसियों द्वारा 104 संस्थाओं की रेटिंग की पुष्टि सुनिश्चित की गयी।

उन्होंने कहा है, इस चुनौतीपूर्ण रहे एक वर्ष में, कंपनी के शेयरधारकों में 43 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हम अभी भी अपनी विकास गति को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। समूह ने अपना निवेश जारी रखा, जिसका प्रमाण हमारी परिसंपत्ति आधार में 4.5 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि है।

अदाणी समूह के प्रमुख ने कहा, राष्ट्र निर्माण के यज्ञ में हम अपने उच्च नैतिक मूल्यों, पारदर्शी कार्यप्रणाली और विश्व स्तरीय गुणवत्ता के उपक्रमों के माध्यम से आहुति देने के लिये सदैव तत्पर रहेंगे।

# टेक महिंद्रा में भारी बिकवाली से बाजार लुढ़का

मुंबई । चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के कमजोर परिणाम के दबाव में टेक महिंद्रा के छह प्रतिशत से अधिक लुढ़कने से शेयर बाजार ने आज पिछले दिवस की तेजी गंवा दी और करीब आधे प्रतिशत की गिरावट पर रहा।

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टेक महिंद्रा का वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर शुद्ध मुनाफा 60.6 प्रतिशत कम होकर 510 करोड़ रुपये पर आ गया। इससे हतोत्साहित निवेशकों की भारी बिकवाली से गुरुवार को टेक महिंद्रा के शेयर छह प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए।



इससे बाजार पर दबाव बना और बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 359.64 अंक अर्थात 0.51 प्रतिशत का गोता लगाकर 70,700.67 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 101.35 अंक यानी 0.47 प्रतिशत टूटकर 21,352.60 अंक रह गया।

वहीं, बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत छोटी कंपनियों में लिवाली हुई जबकि मझौली कंपनियों के शेयर फिसल गए। मिडकैप 0.36 प्रतिशत उतरकर 37,746.29 अंक पर आ गया जबकि स्मॉलकैप 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 44,363.74 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3899 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1681 में गिरावट जबकि 2130 में तेजी रही वहीं 88 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 34 कंपनियां लाल जबकि 16 हरे निशान पर बंद हुई।

बीएसई के नौ समूहों पर बिकवाली का दबाव रहा। इससे एफएमसीजी 1.01, वित्तीय सेवाएं 0.36, हेल्थकेयर 0.89, आईटी 1.23, दूरसंचार 1.21, बैंकिंग 0.58, कंज्यूमर डयूरेबल्स 0.44, तेल एवं गैस 0.52 और टेक समूह के शेयर 1.39 प्रतिशत गिर गए। वहीं, कमोडिटीज 0.50, यूटिलिटीज 1.63, पावर 1.76, रियल्टी 0.69 और सर्विसेज समूह में 0.76 प्रतिशत की तेजी रही।

विश्व बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.03 और जर्मनी का डैक्स 0.33 प्रतिशत फिसल गया। वहीं, जापान का निक्केई 0.03, हांगकांग का हैंगसेंग 1.96 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 3.03 प्रतिशत का उछाल रहा।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 38 अंक फिसलकर 71,022.10 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 71,049.46 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर बाद 70,319.04 अंक के निचले स्तर पर आ गया। संभलने की तमाम कोशिशों के बावजूद अंत में पिछले दिवस के 71,060.31 अंक के मुकाबले 0.51 प्रतिशत गिरकर 70,700.67 अंक रह गया।

निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 21,454.60 अंक पर सपाट खुला। सत्र के दौरान यह 21,459.00 अंक के उच्चतम जबकि 21,247.05 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,453.95 अंक की तुलना 0.47 प्रतिशत उतरकर 21,352.60 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 19 कंपनियों में से टेक महिंद्रा ने सबसे अधिक 6.12 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही भारती एयरटेल 2.57, आईटीसी 1.78, विप्रो 1.68, एशियन पेंट 1.67, एचसीएल टेक 1.54, एक्सिस बैंक 1.48, एचडीएफसी बैंक 1.41, नेस्ले इंडिया 1.35, कोटक बैंक 1.21, टाटा स्टील 1.11, टीसीएस 1.03, एसबीआई 0.87, मारुति 0.84, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.57, सन फार्मा 0.54, पावरग्रिड 0.30, इंफ़ोसिस 0.22 और अल्ट्रासिमको के शेयर 0.09 प्रतिशत कमजोर रहे।

वहीं, एनटीपीसी 1.84, आईसीआईआई बैंक 1.07, इंडसइंड बैंक 1.00, रिलायंस 0.81, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.49, बजाज फाइनेंस 0.37, बजाज फिनसर्व 0.33, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.29, टाइटन 0.14, टाटा मोटर्स 0.07 और एलटी के शेयर 0.04 प्रतिशत लाभ में रहे।

# उत्तराखंड के 51 शहरों में पहुंची जियो एयरफाइबर सर्विस

देहरादून। रिलायंस जियो की एयर फाइबर सर्विस उत्तराखंड के 51 शहरों में लॉन्च कर दी गई है। शुरुआत में इस सेवा को राजधानी देहरादून सहित हरिद्वार, रूड़की, ऋषिकेश, मसूरी, रुद्रपुर, हलद्वानी, काशीपुर और रामनगर जैसे नौ प्रमुख शहरों में लॉन्च किया गया था। ग्राहकों से मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद कंपनी ने इस सेवा का विस्तार उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में फैले 42 अतिरिक्त शहरों में कर दिया है। सर्विस की बुकिंग 26 जनवरी से शुरू होगी।

जियो एयरफाइबर से हालिया जुड़े शहरों में नैनीताल, भीमताल, चकराता, बड़कोट, टिहरी गढ़वाल और जोशीमठ जैसे शहर पर्यटकों के बीच खासे लोकप्रिय हैं, तो वहीं धार्मिक मान्यताओं वाले शहर उत्तरकाशी, नानकमत्ता, उखीमठ, कोटद्वार, बढेरी राजपुतान और मोतीसारी भी जियो एयरफाइबर सर्विस से जुड़ गए हैं। उत्तराखंड के प्रमुख शहरों में विकासनगर, चमोली, नरेंद्रनगर, खटीमा और जसपुर शहर भी जियो एयरफाइबर सर्विस से कनेक्ट हो चुके हैं। जियो एयरफाइबर उन इलाकों के लिए वरदान है जहां ऑप्टिकल फाइबर के जरिए 'लास्ट माइल कनेक्टिविटी' यानी अंतिम परिसर तक कनेक्शन पहुंचाने में दिक्कत आती है। इससे लाखों परिसर ब्रॉडबैंड से नहीं जुड़ पाते। जियो एयरफाइबर इस जटिलता को दूर कर, उन घरों और छोटे व्यवसायों को ब्राडबैंड से जोड़ती है जहां ऑप्टिकल-फाइबर के जरिए ब्रांडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना मुश्किल और चुनौती भरा है । कंपनी का दावा है कि जियो एयरफाइबर सर्विस से ग्राहकों को वॉयर कनेक्टिविटी जैसी ही शानदार स्पीड मिलेगी। उत्तराखंड के 51 शहरों के ग्राहक अब इस सेवा के माध्यम से विश्व स्तरीय घरेलू मनोरंजन, ब्रॉडबैंड और डिजिटल सेवाओं का आनंद ले सकेंगे। 'जियो एयरफाइबर' के लिए कंपनी ने 599 रु, 899 रु और 1199 रु वाले तीन प्लान बाजार में उतारे हैं। 599 रु वाले प्लान में 30 एमबीपीएस, तो वहीं 899 रु और 1199 रु वाले प्लान में 100 एमबीपीएस स्पीड पर अनलिमिटेड डेटा मिलेगा। इसके अलावा 599 रु और 899 रु वाले प्लान के साथ 13 ओटीटी ऐप्स और 1199 रु वाले प्लान के साथ नेटफ्लिक्स, अमेज़न प्राइम और जियो सिनेमा प्रीमियम जैसे 15 ओटीटी ऐप्स का सब्सक्रिप्शन फ्री मिलेगा।

### केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने आईसिलेक्ट गारंटीड फ्यूचर प्लस लॉन्च किया

Canara HSBC LIFE INSURANCE

नयी दिल्ली। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने आईसिलेक्ट गारंटीड फ्यूचर प्लस लॉन्च किया है जो जीवन बीमा और गारंटी के लाभों के साथ भविष्य की जरूरतों को पूरा करता है। कंपनी ने आज यहां कहा कि यह प्लान लोगों एवं उनके परिवारों को जीवन के विभिन्न पड़ाव व जरूरतों को पूरा करने के लिए आर्थिक सुरक्षा और स्थिरता भी देता है। यह कई फीचरों के साथ आता है। लाइफ कवर देता है जोकि पॉलिसीधारक और उनके अपनों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह काम करता है। किसी विपत्ति के समय यह प्रोडक्ट आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। सौ फीसदी लाभ मिलने की गारंटी के साथ यह प्लान वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने में मदद का आश्वासन देता है। इसके साथ ही, यह प्लान पॉलिसीधारकों को अलग-अलग जरूरतों जैसे शादी, सेवानिवृत्ति और बच्चों की पढ़ाई जैसे मौकों के लिए पैसे इकट्ठे करने में मदद करता है। पॉलिसी की अवधि पूरी होने के अंत में एकमुश्त फायदा मिलने की गारंटी होती है। उसने कहा कि ग्राहकों की जरूरतों के आधार पर, इस प्लान में लोगों को विभिन्न प्रकार के प्लान विकल्पों में से चुनाव करने की सुविधा मिलती है। एंडोमेन्ट ऑप्शन पॉलिसीधारक को एकमुश्त राशि इकट्ठी करने की सुविधा देता है, जिससे शादी, सेवानिवृत्ति और शिक्षा जैसे लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आर्थिक सहयोग मिल पाता है। इसके साथ पॉलिसी की अवधि खत्म होने पर गारंटीड लाभ मिलते हैं।

### सैमसंग इंडिया की गैलेक्सी एस 24 सीरीज की 10 मिनट में डिलीवरी की तैयारी

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने भारत में अपनी हाल ही में लॉन्च की गई गैलेक्सी एस 24 सीरीज के स्मार्टफोन की 10 मिनट में डिलीवरी के लिए क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई के ग्राहक ब्लिंकिट पर गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस24 प्लस और गैलेक्सी एस24 स्मार्टफोन ऑर्डर कर सकते हैं और उन्हें 10 मिनट से भी कम समय में उनके फोन की डिलीवरी मिल जाएगी। ब्लिंकिट पर गैलेक्सी एस24 सीरीज खरीदने वाले ग्राहकों को एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड के माध्यम से खरीदारी करने पर 5000 रुपये इंस्टैंट कैशबैक मिलेगा। ब्लिंकिट के साथ साझेदारी से सैमसंग को भारत में अपनी प्रमुख एस24 सीरीज की मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी।

# रियायती कर वाली कंपनियों को विनिर्माण शुरू करने को मार्च, 2027 तक समय हो : फियो

एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्यातकों के शीर्ष मंच 'फियो' ने सरकार से विनिर्माण क्षेत्र और निर्यात में अधिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अंतरिम बजट में 15 प्रतिशत रियायती आयकर दर का लाभ उठाने वाली कंपनियों के लिए विनिर्माण शुरू करने की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2024 से बढ़ाकर 31 मार्च, 2027 किए जाने की सिफारिश की है।

इस बार चुनावी वर्ष में अगले माह के प्रारंभ में लोकसभा में पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट से पहले फियो ने विनिर्माण और निर्यात क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए कंपनियों के अनुसंधान एवं विकास पर खर्च पर कर प्रोत्साहन बढ़ाए जाने की सिफारिश की हैं।

फियो के कार्यवाहक अध्यक्ष इसरार अहमद द्वारा सरकार को वित्त वर्ष 2024-25 के दिए गए सुझावों में यह भी कहा गया है कि सतत निर्यात वृद्धि के लिए अनुसंधान एवं विकास समर्थन महत्वपूर्ण।

फियो ने कहा है कि अनुसंधान एवं विकास भारत में विनिर्माण और नवाचार को सक्षम करने के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है, जो विशेष रूप से दवा, जैव-प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, विमानन, वाहन, उच्च दक्षता वाले इंजीनियरिंग उत्पाद जैसे ज्ञान आधारित क्षेत्रों के साथ-साथ सभी क्षेत्रों के निर्यात के लिए महत्वपूर्ण है।

फियो अध्यक्ष ने कहा है कि दुर्भाग्य से भारत में अनुसंधान एवं विकास पर खर्च जीडीपी के एक प्रतिशत से भी कम है। इसके विपरीत चीन में यह अनुपात 2.43 प्रतिशत, अमेरिका में3.46 प्रतिशत, कोरिया में 4.93प्रतिशत, इजरायल में 5.56 प्रतिशत है।

फियो ने वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग से मान्यता प्राप्त निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की विनिर्माण कंपनियों के मान्यता प्राप्त अनुसंधान एवं विकास केंद्रों को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35 (2एबी) के तहत मिलने वाले कर प्रोत्साहनों को को बढ़ाए जाने की सिफारिश की है।

फियो का कहना है कि इस धारा के तहत तहत अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के संचालन के लिए किए गए

पूंजीगत और आवर्ती व्यय पर 200प्रतिशत की दर से भारित कर कटौती बहाल की जानी चाहिए।

फियो का सुझाव है कि धारा 35(2एबी) के तहत लाभ का विस्तार सीमित देयता भागीदारी, (एलएलपी), साझेदारी फर्म और मालिकाना फर्म तक भी किया जाना चाहिए, क्योंकि एमएसएमई इकाइयां बड़े पैमाने पर इन्हीं श्रेणियों से आती हैं।फियो ने भारत की एक वैश्विक शिपिंग लाइन विकसित किए जाने की सिफारिश करते हुए कहा है कि देश ने 2021 में परिवहन सेवा शुल्क के रूप में 80 अरब डॉलर से अधिक का भुगतान किया।

सुझावों में कहा गया है कि चूंकि, देश एक लाख करोड़ डॉलर के वस्तु निर्यात लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, यह खर्च 2030 तक 200 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।

फियो अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय शिपिंग लाइन की परिवहन सेवाओं में 25प्रतिशत हिस्सेदारी से भी साल-दर-साल 50 अरब डॉलर तक की बचत की जा सकती है।

ऐसी शिपिंग लाइनें विकसित करने के लिए भारतीय निजी क्षेत्र को शामिल किया जा सकता है।फियो ने कहा है कि वैश्विक खरीदारों के सामने भारतीय उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने के लिए सशक्त निर्यात मार्केटिंग की आवश्यकता है। निर्यात को दो लाख करोड़ डालर डॉलर तक बढ़ाने के सन्दर्भ में, बाजार पहुँच पहल (एमएआई) योजना के तहत चालू वित्त वर्ष के लिए 200 करोड़ रुपये से कम के कुल आवंटन के साथ दिया गया विपणन समर्थन पूरी तरह अपर्याप्त है।

फियो का कहना है, एमएआई योजना के तहत पिछले वर्ष के निर्यात का न्यूनतम 0.5 प्रतिशत का एक कोष बनाने की आवश्यकता है। सरकार के सहयोग के साथ विपणन पर ध्यान देने से हमारे एमएसएमई निर्यातकों को काफी लाभ होगा।

फियो ने निर्यात हब (डीईएच) योजना के तहत पायलट आधार पर 50 जिलों में विशेष प्रयोग किए जाने और इसके लिए केंद्र और राज्यों के बीच हिस्सेदारी के साथ 5000 करोड़ रुपये के कोष का गठन की सिफारिश भी की है।

# काइनेटिक ग्रीन की ई-लूना की बुकिंग आज से

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी काइनेटिक ग्रीन जल्द ही बहुप्रतीक्षित और लोकप्रिय लूना को ई-लूना, एक बहु-उपयोगिता ई2डब्ल्यू के रूप में बिल्कुल नए इलेक्ट्रिक अवतार में लॉन्च करने के लिए तैयार है।

कंपनी ने आधिकारिक तौर पर आज घोषणा की कि 26 जनवरी से इसकी बुकिंग शुरू होगी। स्मार्ट, मजबूत और हेवी-ड्यूटी ई-लूना को काइनेटिक ग्रीन वेबसाइट पर 500 रुपये में प्री-बुक किया जा सकता है।

काइनेटिक ग्रीन की संस्थापक और सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने पौराणिक लूना को बिल्कुल नए इलेक्ट्रिक अवतार में फिर से पेश करने पर अपना उत्साह व्यक्त किया, 'हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि प्रतिष्ठित लूना एक बिल्कुल नए



इलेक्ट्रिक अवतार में वापसी कर रही है। आज , काइनेटिक ग्रीन स्मृति लेन की यात्रा पर निकलता है। ई-लूना को फरवरी 2024 की शुरुआत में लॉन्च किया जाएगा। हमने नागरिकों को ई-लूना पेश करने के लिए इस दिन को चुना है। भारत, क्योंकि ई-लूना न केवल पूरी तरह से मेड इन इंडिया है, बल्कि मेड फॉर इंडिया भी है। ई-लूना को एक मजबूत और टिकाऊ ईवी के रूप में डिज़ाइन किया गया है, जो न केवल मेट्रो और टियर में उपभोक्ताओं की सड़क की स्थिति और ड्राइविंग आवश्यकताओं को ध्यान में रखता है। ई-लूना इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में नवाचार का प्रतिनिधित्व करता है क्योंकि इसे व्यक्तिगत आवागमन और छोटे व्यवसायों सहित विभिन्न कार्यों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसकी उन्नत इलेक्ट्रिक तकनीक और नवीन विशेषताएं पर्यावरण के अनुकूल और कुशल सवारी अनुभव में योगदान करती हैं।

## शार्ट न्यूज

### बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष युगल के फाइनल में

मेलबर्न। भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उसके जोड़ीदार ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन गुरुवार को सेमीफाइनल मुकाबला जीतकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष युगल के फाइनल में पहुंच गये है। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना ने अपने जोड़ीदार एबडेन के साथ आज यहां करीब दो घंटे तक चले रोमांचक मुकाबले में थॉमस माचाक और झांग झिझेन की जोड़ी को 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हराया। बोपन्ना और मैथ्यू की जोड़ी ने पहला सेट 6-3 से इसे आसानी से जीता, लेकिन इसके बाद थॉमस माचाक और झांग झिझेन ने वापसी करते हुए 3-6 से दूसरा सेट जीतकर बराबरी कर ली। तीसरे सेट में हुए संघर्षपूर्ण मुकाबले में बोपन्ना की जोड़ी ने 7-6 से जीत दर्जकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ ही भारतीय टेनिस स्टार 43 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया ओपन के फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया है। वह अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब पाने से अब बस एक जीत दूर है।

### एफआईएच हॉकी5एस विश्वकप के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम ओमान रवाना

बेंगलुरु। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ओमान में होने वाले एफआईएच हॉकी5एस पुरुष विश्वकप के उद्घाटन संस्करण में भाग लेने के लिए मस्कट के लिए गुरुवार को रवाना हो गई। भारत 28 जनवरी को स्विट्जरलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा, उसके बाद उसी दिन टीम मिस्र से भिड़ेगी। भारतीय टीम का अंतिम ग्रुप मैच 29 जनवरी को जमैका के खिलाफ खेलेगा। क्वार्टरफाइनल 30 जनवरी को, सेमीफाइनल भी 30 जनवरी को होगा और फाइनल मुकाबला 31 जनवरी को खेला जायेगा। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में मिस्र, जमैका और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में है। वहीं पूल ए में नीदरलैंड, नाइजीरिया, पाकिस्तान और पोलैंड है। पूल सी में ऑस्ट्रेलिया, केन्या, न्यूजीलैंड और त्रिनिदाद और टोबैगो हैं जबकि पूल डी में फिजी, मलेशिया, ओमान और अमेरिका हैं। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अनुभवी फारवर्ड सिमरनजीत सिंह (कप्तान) और डिफेंडर मनदीप मोर (उप कप्तान) की अगुवाई वाली भारतीय टीम में गोलकीपर सूरज करकेरा और प्रशांत कुमार चौहान शामिल हैं। मंजीत के साथ मंदीप मोर रक्षापंक्ति में रहेंगे, जबकि मिडफील्ड की कमान मोहम्मद राहिल मौसीन और मनिंदर सिंह के हाथों में होगी। फॉरवर्डलाइन में पवन राजभर, गुरजोत सिंह और उत्तम सिंह हैं।

### एफआईएच हॉकी 5 एस महिला विश्व कप में भारत ने अमेरिका को हराया

मस्कट । भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी5 एस महिला विश्वकप में पूल सी के खेले गये दूसरे मुकाबले में अमेरिका पर 7-3 के बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। बुधवार खेले गये टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए पहले मुकाबले में पोलैंड को 5-4 से हराया और उसके बाद देर रात हुए दूसरे मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अमेरिका को 7-3 के बड़े अंतर से पराजित किया। भारत की ओर से महिमा चौधरी ने 17वें मिनट में गोला दागा, वहीं मारियाना कुजूर ने 20वें, 22वें मिनट, दीपिका सोरेंग ने 23वें, 25वें मिनट, मुमताज खान ने 27वें मिनट में और अजमीना कुजूर ने 29 मिनट में गोल किये। अमेरिका की ओर से मैच के दौरान जैकलीन सुमफेस्ट ने चौथे और 18वें मिनट में गोल किये और कैप्टन लिनिया गोंजालेस ने 14वें मिनट में गोल दागा। अमेरिका की ओर से जैकलीन सुमफेस्ट ने पहले हाफ के चौथे मिनट में रिवर्स शॉट को गोल में तब्दील कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद दूसरे हाफ में कैप्टन लिनिया गोंजालेस ने 14वें मिनट में गोल दाग कर अमेरिका की बढ़त को दोगुना कर दिया।

### पाकिस्तान ने नेपाल को पांच विकेट से हराया

ईस्ट लंदन। अजान अवैस की नाबाद 63 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत पाकिस्तान ने आज यहां अंडर-19 विश्वकप ग्रुप डी के मुकाबले में नेपाल को पांच विकेट से हरा दिया है। 198 रनों के लक्ष्य पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 80 रन जोड़े। सलामी बल्लेबाज शमील हुसैन और शाहजेब खान ने 37-37 रन बनाये। वहीं अराफत मिन्हास आठ रन और अहमद हसन 29 रन बनाकर आउट हुये। अजान अवैस की नाबाद 63 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान ने 47.4 ओवर में पांच विकेट पर 201 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। नेपाल की ओर से आकाश चांद ने तीन विकेट लिये। दीपेश कंडेल और आकाश त्रिपाठी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। आज यहां टॉस जीतकर नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। नेपाल ने विपिन रावल 39 रन, दीपक धुमरे 26 रन, कप्तान देव खनाल 23 रन, सुबाष भंडारी 20 रन, गुलशन झा 18 रन, दीपेश कंडेल 13रन बनाकर और आकाश चांद के नाबाद 16 रन बनाये। नेपाल की टीम ने निर्धारित 50 ओवर में 197 रन का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की ओर से अराफात मिन्हास ने तीन विकेट लिये।


### शोएब बशीर को भारत का वीजा मिला

इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को भारत का वीजा मिल चुका है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड शोएब के वीजा को यूएई में ही अप्रूव कराना चाह रहा था, लेकिन पाकिस्तानी मूल के होने के कारण ऑफ स्पिनर का पेपरवर्क कम्प्लीट होने में समय लग गया। 20 साल के शोएब फिर यूएई से इंग्लैंड लौटे। अब वह इंग्लैंड की फ्लाइट से सीधे भारत आएंगे और इसी कंडीशन पर उनका वीजा भी अप्रूव हुआ है। वह शनिवार या रविवार तक इंग्लैंड टीम के साथ हैदराबाद में जुड़ जाएंगे। इंग्लैंड की टीम 2 सप्ताह पहले से यूएई के अबू धाबी में भारत दौरे के लिए तैयारी कर रही थी। शोएब भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं, इसलिए वह भी अबू धाबी में थे। उन्हें अपनी टीम के साथ 21 जनवरी को हैदराबाद पहुंचना था। टीम के बाकी खिलाड़ी तो 21 को ही यूएई से भारत पहुंच गए, लेकिन उन्हें पाकिस्तानी मूल का होने के कारण पेपरवर्क कम्प्लीट करने में समय लग गया। शोएब फिर वापस इंग्लैंड लौटे और वहां से फिर वीजा के लिए अप्लाय किया। 24 जनवरी को उनका वीजा अप्रूव हुआ और वह 27 तक भारत पहुंचेंगे। आज यानी 25 जनवरी से पहला टेस्ट शुरू हो रहा है, इसलिए वह इंग्लैंड की प्लेइंग-11 में शामिल नहीं हो सके। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स अपने ऑफ स्पिनर के बिना टीम के साथ भारत नहीं जाना चाहते थे।

### रोजर फेडरर से मिले नीरज चोपड़ा

भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा हाल ही में स्विट्जरलैंड के पूर्व टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर से मिले हैं। भारतीय जेवलिन थ्रोअर ने इस मुलाकात को सपना सच होने जैसा बताया है। ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट और वर्ल्ड चैंपियन नीरज ने गुरुवार को फेडरर से मिलने के फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। उन्होंने फोटो के कैप्शन में उन्हें टैग करते हुए लिखा, एक स्पोर्ट्स आइकन से मिलना बेहद सम्मान की बात है, जिनका करियर लोगों के लिए इंस्पिरेशन रहा और अब भी बना हुआ है। आपसे बात करके बहुत अच्छा समय गुजरा और उम्मीद है कि हम दोबारा मिलेंगे। नीरज इन दिनों स्विट्जरलैंड में अपने आने वाले कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं। दोनों खिलाड़ियों की यह मुलाकात ज्यूरिक के ला रिजर्व ईडन औ लैक होटल में हुई। मुलाकात के बाद नीरज ने कहा, रोजर फेडरर से मिलकर मेरा सपना सच हो गया। मैंने हमेशा उनके स्किल, उनकी स्पोर्ट्स स्पिरिट और दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित करने की उनकी क्षमता की प्रशंसा की है। हालांकि, आज जिस चीज ने मुझे सबसे ज्यादा प्रेरित किया वह उनकी विनम्रता और उनका सहज प्रेसेंस था, जिसने मुझे बहुत सहज महसूस कराया। हमने फिल्ड पर और बाहर अपने-अपने जुनून और जीवन के अनुभवों के बारे में बातें साझा कीं और काफी शानदार समय बिताया। वहीं 20 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन फेडरर ने कहा, मैं इस बात से हैरान हूं कि नीरज ने अपने धैर्य और दृढ़ संकल्प से अपने देश के लिए कितना कुछ हासिल किया है।

# इंग्लैंड को 246 पर समेट, भारत के पहली पारी में एक विकेट पर 119 रन




हैदराबाद। स्पिन गेंदबाज रवीन्द्र जडेजा, आर अश्विन, अक्षर पटेल और उसके बाद बुमराह की तेज घातक गेंदबाजी ने गुरुवार को टेस्ट मैच के पहले दिन इंग्लैंड को 246 रन समेट कर भारत ने यशस्वी जायसवाल की नाबाद 76 अर्धशतकीय पारी की मदद से दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट पर 119 रन बना लिये है।

रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल की भारतीय सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 80 रनों की साझेदारी की। रोहित शर्मा को लीच ने स्टोक्स के हाथों कैच आउट कराया। रोहित ने तीन चौकों की मदद से 27 गेंदों में 24 रन बनाये। दिन का खेल समाप्त होने के समय जायसवाल ने 76 रन और शुभमन गिल 14 रन बनाकर क्रीज पर थे।

इससे पहले आज यहां राजीव गांधी अंतराष्ट्रीय स्टेडियम इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत ठीक रही और उसकी क्रॉली और डकेट की सलामी जोड़ी ने धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट लिये 55 रन जोड़े।

आर अश्विन ने 12वें ओवर की पांचवीं गेंद पर बेन डकेट को पगबाधा कर भारत को पहली सफलता दिलाई। डकेट ने 39 गेंदों 35 रन बनाए। इसके बाद जडेजा ने 15वें ओवर में ओली पोप को एक रन आउट कर पवेलियन भेज दिया। लंच के बाद अक्षर पटेल ने जॉनी बेयरस्टो को 37 रन पर बोल्ड कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। 36 ओवर में जडेजा ने जो रूट 29 रन को बुमराह के हाथों कैच आउट कराकर इंग्लैंड को पांचवां झटका दिया। अक्षर पटेल ने 43वें ओवर में बेन फोक्स चार रन को श्रीकर भरत के हाथों स्टंप कराकर आउट कर दिया। रेहान अहमद 13रन बनाकर आउट हुये। उन्हें बुमराह ने विकेटकीपर भरत के हाथों कैच आउट कराया। टॉम हार्टली 23 रन को जडेजा ने बोल्ड आउट कर पवेलियन भेजा इंग्लैंड को आठवां झटका दिया। चायकाल के बाद 55वें ओवर में अश्विन ने मार्क वुड को 11 रन पर बोल्ड आउट कर दिया।

बुमराह ने पिच पर टिककर बल्लेबाजी कर रहे कप्तान बेन स्टोक्स 70 रन पर बोल्ड कर इंग्लैंड की पहली पारी को 246 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा और रवि अश्विन ने तीन-तीन विकेट लिये। अक्षर पटेल और बुमराह ने दो-दो बल्लेबाज को आउट किया।

# भारत ने नामीबिया को 7-2 से हराया


मस्कट। भारतीय महिला टीम ने गुरुवार को एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्वकप 2024 के अपने अंतिम पूल सी मैच में नामीबिया को 7-2 से हरा दिया है। कल पूल सी के खेले गये दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने अमेरिका पर 7-3 के बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। आज नामीबिया पर मिली जीत के साथ ही भारतीय टीम ने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है जहां शुक्रवार को उसका मुकाबला पूल डी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम न्यूजीलैंड से होगा। पोलैंड और अमेरिका के खिलाफ लगातार जीत के बाद भारत अपने आत्मविश्वास के साथ नामीबिया के खिलाफ खेल में उतरी थी। खेल के पहले चार मिनट में दो गोल दागकर उसने कुछ ही समय में नामीबिया को बैकफुट पर ला दिया। पहला गोल उप कप्तान महिमा चौधरी ने तीसरे मिनट में किया जबकि इसके बाद दूसरा गोल दीपिका सोरेंग ने चौथे मिनट में दागा। पहले हाफ में भारत ने स्कोर 2-0 था। नामीबिया की ओर से पहला गोल दूसरे हाफ की शुरुआत में जिवांका क्रूगर ने 18 मिनट में किया और इसके बाद महिमा चौधरी ने 19 मिनट में अपना दूसरा गोल करके भारत की बढ़त को 3-1 कर दिया। दीपिका सोरेंग ने 26वें मिनट रुताजा दादासो पिसल ने 22 मिनट में और अक्षता अबासो ढेकाले ने 23मिनट में और अजमीना कुजूर ने 28 मिनट में गोल किया। वहीं एंथिया कोएन्जी ने 30 मिनट में नामीबिया के लिए दूसरा गोल किया और भारत ने 7-2 से मैच जीत लिया। इससे एक दिन पहले बुधवार खेले गये टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए पहले मुकाबले में भारत ने पोलैंड को 5-4 से हराया और उसके बाद देर रात हुए दूसरे मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अमेरिका को 7-3 के बड़े अंतर से पराजित किया था। भारत की ओर से महिमा चौधरी ने 17वें मिनट में गोला दागा, वहीं मारियाना कुजूर ने 20वें, 22वें मिनट, मुमताज खान ने 27वें मिनट में और अजमीना कुजूर ने 29 मिनट में गोल किये।

## कोहली वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर



दुबई। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने गुरुवार को भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को वर्ष 2023 के आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर के खिताब से नवाजा है। इस खिताब के साथ ही कोहली 10 व्यक्तिगत आईसीसी पुरस्कार जीतने वाले खिलाड़ी बन गये है। वह अब तक सबसे ज्यादा व्यक्तिगत आईसीसी खिताब जीत चुके है। कोहली ने हमवतन खिलाड़ियों मोहम्मद शमी और शुभमन गिल के साथ ही डेरिल मिचेल को पछाड़ते हुए यह पुरस्कार जीता है। विराट कोहली चौथी बार ओडीआई क्रिकेटर ऑफ द ईयर बने हैं। इससे पहले 2012, 2017 और 2018 में भी उन्हें भी इस पुरस्कार से नवाजा गया था। कोहली को वर्ष 2023 में एकदिवसीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के लिये इस पुरस्कार से नवाजा गया है।

## केआईवाईजी 2023 : बिहार के किसान की बेटी ने जीता सोना



चेन्नई। चेन्नई में जारी छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में चार मिनट 29.22 सेकंड के समय के साथ 1500 मीटर खेलों का रिकार्ड करने वाली दुर्गा सिंह बिहार के गोपालगंज जिले के अपने सुदूर गांव बेलवा ठकुराई में खेतों के आसपास खुले स्थानों में दौड़ती थीं। खेल के लिहाज से अविकसित पृष्ठभूमि वाले क्षेत्र में दुर्गा को सपोर्ट करने वाले सिर्फ उनके पिता शंभू शरण सिंह थे जो एक किसान है।

खेलों के रिकॉर्ड को तोड़ने के बाद दुर्गा ने कहा, मैंने बहुत सारी चुनौतियों का सामना किया है। मेरे पिता के अलावा मेरे परिवार में खेल के प्रति कोई उत्सुकता नहीं थी। मेरे पिता कहते हैं, 'तुम जहां जाना चाहो जाओ, जो करना चाहो करो। केवल उन्होंने मेरा समर्थन किया, यही कारण है कि मैं यहां हूं।

दसवीं कक्षा की छात्र ने पिछले साल कोयंबटूर में आयोजित 38वीं जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4 मिनट 38.29 सेकंड का समय लेकर 1500 मीटर में स्वर्ण पदक जीता था।

पांच भाई-बहनों में से चौथी, दुर्गा बचपन में कबड्डी और फुटबॉल भी खेलती थीं लेकिन उनके हीरो धावक ही थे। वह पीटी उषा और उसेन बोल्ट की इतनी प्रशंसक थीं कि उन्होंने अपने कमरे में उनकी तस्वीरें प्रिंट और फ्रेम करवा रखी थीं।

उसकी प्रतिभा को कम से कम उसके स्कूल में ही पहचान लिया गया था। दुर्गा ने कहा, मुझे मैचों के लिए वरिष्ठ छात्रों के साथ ले जाया जाता था। लोग मुझे अपनी टीम में शामिल करने के लिए लड़ते थे।

स्थानीय मुकाबलों में पदक तेजी से आते थे। लेकिन उस वक्त उन्हें उनकी कीमत का एहसास नहीं हुआ। दुर्गा ने कहा, मैं पहले या दूसरे स्थान पर आती थी। पदक घर लाती थी और उसे एक तरफ फेंक देती थी। मैं इसकी ज्यादा परवाह नहीं करती थी क्योंकि तब घर पर मेरी उपलब्धियों को कोई महत्व नहीं देता था। जो रिश्तेदार घर आते थे वे यह देखकर आश्चर्यचकित थे कि पदक यूं ही कैसे पड़े हैं।

# 70 साल में पहली बार सऊदी में शराब बिक्री

### सिर्फ गैर मुस्लिम डिप्लोमैट खरीद सकेंगे; 1951 में डिप्लोमैट की हत्या के बाद से बैन था



रियाद। सऊदी अरब में 1952 के बाद पहली बार शराब की बिक्री के लिए स्टोर खुल गया है। फिलहाल, सिर्फ गैर मुस्लिम डिप्लोमैट ही यहां से शराब, बीयर या वाइन खरीद सकेंगे। इसके लिए उन्हें आईडेंटिटी कार्ड दिखाना होगा।

1951 में सऊदी किंग अब्दुलअजीज के बेटे ने एक पार्टी के दौरान ब्रिटिश डिप्लोमैट को नशे में गोली मार दी थी। ब्रिटिश डिप्लोमैट की मौत हो गई थी। उस पर कत्ल का केस चला था। साल 2000 में उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद से शराब की बिक्री पर बैन है।

सऊदी अरब के प्रधानमंत्री और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने राजधानी के सबसे पॉश इलाके में इस स्टोर को खोलने की मंजूरी दी थी। इसकी एक वजह यह है कि क्राउन सऊदी अरब को 2030 तक बिजनेस और टूरिज्म का हब बनाना चाहते हैं और इस मामले में उनका मुकाबला पड़ोसी इस्लामिक देश यूएई से है। सितंबर 2022 में MBS ने विजन 2030 का ऑफिशियल अनाउंसमेंट किया था। हालांकि, इस पर काम कुछ वक्त पहले ही शुरू कर दिया गया था। इसके तहत कट्टर इस्लामी और शरिया कानून वाले मुल्क में कई बदलाव देखने मिल रहे हैं। शराब स्टोर को मंजूरी देना इन्हीं में से एक है।

यहां शराब खरीदने के लिए जाने वाले डिप्लोमैट्स को ऑफिशियल आईडेंटिफिकेशन कार्ड दिखाना होगा। इसके आधार पर ही उन्हें परमिट जारी होगा। कोई भी नॉन मुस्लिम डिप्लोमैट शराब नहीं खरीद सकेगा।

#### मुस्लिम देशों में अलग-अलग तरह की पाबंदियां

कुवैत : 'टाइम मैगजीन' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यहां 1965 से शराब की बिक्री पर पाबंदी है। दरअसल, इसके पहले कुवैत में कई लोगों ने शराब की जगह परफ्यूम पी लिया था। कुछ लोगों ने लैब्स में इस्तेमाल होने वाला अल्कोहल भी पिया था। कई लोगों की मौत हो गई थी और कुछ गंभीर तौर पर बीमार हो गए थे। इसके बाद यहां हर तरह की शराब बैन कर दी गई।

पाकिस्तान, ओमान और कतर : यहां गैर मुस्लिम स्टोर्स से शराब खरीद सकते हैं। इसके अलावा कुछ रेस्टोरेंट्स और होटल्स में भी शराब सर्व की जाती है। इसके लिए परमिट और लाइसेंस हासिल जारी किए जाते हैं।

सोमालिया और ब्रूनेई : यहां प्राइवेट स्पेस (मसलन घर) में शराब पी सकते हैं। हालांकि, ये मंजूरी गैर मुस्लिमों के लिए नहीं है। सोमालिया ने 2021 में शराब से जुड़े कानून काफी सख्त कर दिए हैं।

लीबिया, बांग्लादेश और ईरान : यहां शराब पर पाबंदी है, लेकिन सच्चाई ये है कि स्मगलिंग और ब्लैक मार्केटिंग के जरिए यहां काफी शराब बिकती है। इसके अलावा कई लोग तो घर में ही शराब बनाकर बेचते हैं।

सूडान : यहां 2020 तक लिकर यानी शराब पर पाबंदी थी। इसके बाद नॉन मुस्लिम्स के लिए नियम बदले गए। हालांकि, जब ये लोग शराब पी रहे हों तो वहां को मुस्लिम नहीं होना चाहिए।

#### सऊदी में शराब क्यों बैन हुई थी

किंग अब्दुलअजीज ने 1952 में शराब पीने और इसकी खरीदी-बिक्री पर रोक लगा दी थी। इसकी वजह एक घटना थी। दरअसल, उनके बेटे प्रिंस मिशारी की एक पार्टी में ब्रिटिश डिप्लोमैट सिरिल ओसमैन से बहस हो गई थी। दोनों नशे में थे। बहस झगड़े में तब्दील हुई और मिशारी ने सिरिल को गोली मार दी। उनकी मौत हो गई। प्रिंस मिशारी को कत्ल का दोषी पाया गया। लेकिन, सऊदी में 'ब्लड मनी' कानून है।

इसके तहत अगर मारे गए व्यक्ति का परिवार दोषी के परिवार या उससे समझौता कर लेता है तो उसे माफ किया जा सकता है। इसके लिए दोषी की तरफ से पीड़ित को आपसी समझौते के तहत एक तय रकम दी जाती है।

सिरिल ओसमैन की पत्नी ने 'ब्लड मनी' के तहत मोटी रकम लेकर प्रिंस मिशारी को माफ कर दिया था। हालांकि, इसके बाद मिशारी करीब-करीब गुमनामी में रहे और साल 2000 में उनकी मौत हो गई।

## जापान ने जारी की और भारी हिमपात की चेतावनी

टोक्यो। जापान ने गुरुवार को जापान सागर के सामने देश के उत्तर-से-पश्चिम क्षेत्रों में भारी हिमपात की चेतावनी जारी करते हुए निवासियों से सतर्क रहने का आग्रह किया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने बताया कि इन क्षेत्रों में सर्दी जैसा दबाव पैटर्न जोर पकड़ रहा है क्योंकि मौसम की सबसे शक्तिशाली ठंडी हवा उन क्षेत्रों में बह रही है। एजेंसी ने क्षेत्र में कई वाहनों के हिमपात में फंसने के बाद लोगों से सतर्कता बरतने का अनुरोध किया है। जेएमए के अनुसार, शुक्रवार सुबह से अगले 24 घंटे तक उत्तरपूर्वी जापान के तोहोकू क्षेत्र में 60 सेमी, देश के सबसे उत्तरी प्रांत होक्काइदो और पूर्वी क्षेत्र कांटो-कोशिन में 50 सेमी, तथा होकुरिकु, किंकी और चुगोकू क्षेत्र में 40 सेमी हिमपात होने का अनुमान है। जेएमए अधिकारियों ने लोगों से बर्फ जमा होने और बर्फीली सड़कों के कारण होने वाले यातायात व्यवधानों के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया। यह चेतावनी मध्य जापान के गिफू प्रांत में मीशिन एक्सप्रेसवे पर लगभग 800 वाहनों के फंसने के ठीक एक दिन बाद जारी की गयी है। एक्सप्रेसवे पर दो ट्रेलर के बर्फ में फंस जाने के कारण एक मार्ग के छह किलोमीटर के हिस्से में वाहनों का आवागमन अवरुद्ध हो गया। स्थानीय अग्निशमन विभाग के अनुसार, विपरीत मार्ग के पांच किलोमीटर के हिस्से में भी वाहन आगे नहीं बढ़ पा रहे थे।

## तुर्किए सुरक्षा बलों ने 28 आईएस संदिग्धों को लिया हिरासत में

अंकारा। तुर्किए पुलिस ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े 28 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एक कैबिनेट मंत्री ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने एक्स (ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा, संदिग्धों को देश के नौ प्रांतों में' ऑपरेशन हीरोज-46' के हिस्से के रूप में पकड़ा गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने एक साथ छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा और तुर्किए लीरा जब्त की। उन्होंने बताया कि ऑपरेशंस साकार्या, डेनिज़ली, अंकारा, अदाना, डुज़्से, बर्सा, गाजियांटेप, इस्तांबुल और यालोवा प्रांतों में किए गए। तुर्किए के मंत्री के एक्स अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो फुटेज में पुलिस को अपार्टमेंट और इमारतों में प्रवेश करते और संदिग्धों को वाहनों में डालते हुए दिखाया गया है। तुर्किए सरकार ने 2013 में आईएस को एक आतंकवादी संगठन के रूप में नामित किया था और 2015 के बाद से देश में घातक हमलों के लिए इसे दोषी ठहराया था। पिछले साल दिसंबर में, तुर्की खुफिया और सुरक्षा बलों ने तुर्की के दक्षिणपूर्वी प्रांत मेर्सिन में एक ऑपरेशन में समूह के वित्त के प्रभारी एक शीर्ष आईएस आतंकवादी को पकड़ लिया था। वर्ष 2011 में सीरिया में युद्ध छिड़ने के बाद से सीरिया के साथ तुर्किए की दक्षिणी सीमा सीरियाई और विदेशी लड़ाकों के लिए एक महत्वपूर्ण क्रॉसिंग पॉइंट रही है।

## जापान वसंत ऋतु से फुकुशिमा एनपीपी से छोड़ेगा 55,000 मीट्रिक टन पानी

टोक्यो। जापान के फुकुशिमा परमाणु ऊर्जा संयंत्र की संचालक, टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी वित्त वर्ष 2024-2025 में संयंत्र से लगभग 54,600 मीट्रिक टन अधिक उपचारित पानी समुद्र में छोड़ने की योजना बना रही है। जापानी समाचार एजेंसी क्योदो ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी द्वारा सात राउंड पानी समुद्र में छोड़े जाने की संभावना है। क्योदो ने बताया कि इसी समय कंपनी ने तकनीकी योजनाओं को संशोधित करने की आवश्यकता का हवाला देते हुए दुर्घटना के दौरान संयंत्र के दूसरे रिएक्टर से पिघले परमाणु ईंधन के नमूने को लेने का समय पुनर्निधारित करने का भी निर्णय लिया है। कंपनी की मार्च 2024 के अंत तक नमूने लेने की योजना थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब, विश्लेषण किसी अन्य समय पर किया जाएगा, लेकिन अक्टूबर 2024 के बाद नहीं होगा। यह तीसरी बार है जब नमूने का संग्रहण स्थगित किया गया है। प्रारंभिक योजनाओं के तहत, इसे 2021 के लिए निर्धारित किया गया था। पड़ोसी देशों और स्थानीय मछुआरों के विरोध के बावजूद, जापान ने अगस्त 2023 में फुकुशिमा संयंत्र से अनुमानित 13.4 लाख मीट्रिक टन पानी का एक हिस्सा समुद्र में छोड़ना शुरू कर दिया।

# फिल्म स्टूडियो में आग लगाने वाले जापानी आरोपी को सजा-ए-मौत

### खुद भी 90 प्रतिशत जल गया था, हादसे में 36 लोगों की जान गई थी

साल 2019 की बात है। एक शख्स जापान के फिल्म स्टूडियो में आग लगा देता है। 36 लोग जलकर मर जाते हैं। आरोपी खुद भी 90 प्रतिशत जल जाता है। उसे अस्पताल ले जाया जाता है। इलाज के बाद जब वो ठीक होता है तो पुलिस उसे गिरफ्तार कर लेती है। हादसे के 5 साल बाद यानी 25 जनवरी 2024 को कोर्ट ने आरोपी को मौत की सजा सुनाई है।

बीबीसी के मुताबिक 45 साल का आरोपी शिनजी आओबा लेखक था। उसका मानना था कि फिल्म स्टूडियो ने उसकी लिखी एक कहानी चुराई है। इस बात से नाराज होकर उसने पूरे फिल्म स्टूडियो में आग लगा दी थी। हालांकि, स्टूडियो ने कहानी चुराने की बात को खारिज कर दिया था।

ए साइलेंट वॉइस जैसी फिल्म बनाने वाले क्योटो एनिमेशन स्टूडियो में 18 जुलाई 2019 को कई आर्टिस्ट काम कर रहे थे। दोपहर करीब 1 बजे शिनजी आओबा नाम का शख्स स्टूडियो के अंदर घुसने की कोशिश करता है। इस दौरान सिक्योरिटी गार्ड्स के साथ उसकी बहस होती है। वो उसे रोकने की कोशिश करते हैं, लेकिन नाकाम हो जाते हैं।

शिनजी आओबा स्टूडियो का दरवाजा तोड़ते हुए अंदर घुस जाता है। ग्राउंड फ्लोर पर पेट्रोल छिड़कता है और फिर आग लगा देता है। आग तेजी से पहली मंजिल तक पहुंच जाती है।

## इजरायली हमले में गाजा में 20 फिलिस्तीनियों की मौत, 150 घायल

गाजा। इजरायली सेना के हमले में गुरुवार को गाजा शहर के एक प्रमुख चौराहे कुवैत स्क्वायर के पास सहायता की प्रतीक्षा कर रहे कम से कम 20 फिलिस्तीनी नागरिक मारे गये। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-किदरा ने बताया कि इजरायली हमले में करीब 20 लोग मारे गये और 150 अन्य घायल हो गये। उन्होंने बताया कि हमले में बड़ी संख्या में लोग गंभीर रूप से घायल हुए है, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायालय दिल्ली होगा

# 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम किया आयोजित

## 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम- 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट ज़रूर डालेंगे हम'

लखनऊ। (पीएमए) भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में पूर्ण भव्यता और हर्षोल्लास के साथ 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' थीम पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित व फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर प्रदेश के सभी मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दी तथा लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए आगामी होने वाले चुनावों में जनता की प्रतिभागिता एवं सहभागिता के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान करना हम सबका कर्तव्य है, जिससे कि प्रदेश का मतदान प्रतिशत इस बार अवश्य बढ़े। उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है।




इस दिन प्रत्येक नागरिक को लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग ने अब सभी को वर्ष में 04 तिथियां मतदाता बनने हेतु निर्धारित की हैं। तकनीक का प्रयोग कर आसानी से वोटर आईडी भी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जो अभी मतदाता नहीं बने उन्हें भी मतदाता बनाने का प्रयास किया जाए, जिससे कि वे अपने देश, राज्य, जिला, नगर व गांव की प्रगति व विकास में भागीदार बन सकें। साथ ही स्वयं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा व अवसर के बेहतर मौके भी मिल सके। इन सभी पर ? मार्क न लगे। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति जागरूक मतदाता बने और प्रत्येक चुनाव में मतदान भी करे। उन्होंने कहा कि अभी पिछले चुनाव में 60 प्रतिशत वोट पड़े, इसका मतलब की 40 प्रतिशत लोग वोट डालने नहीं गए। इसे हमें बढ़ाना होगा और इस बार 80 प्रतिशत तक मतदान संभव हो सके। इसका प्रयास करना होगा सभी अपने इस संवैधानिक अधिकार का पालन कर अच्छे गवर्नेंस के लिए शतप्रतिशत मतदान करें। उन्होंने कहा कि मतदाता दिवस डेमोक्रेसी का सबसे बड़ा त्योहार होता है, पहले मतदाताओं में वोटिंग को लेकर बड़ा उत्साह होता था, बैलगाड़ियों में बैठकर गीत गाते हुए लोग मतदान करने जाते थे। कहा कि विकसित देशों में भी स्वतंत्रता के समय सभी को वोटिंग का अधिकार नहीं मिला, काफी संघर्ष के बाद ही, सभी को वहां पर वोटिंग का अधिकार मिला, लेकिन हमारे देश में गणतंत्र बनने के समय से ही सभी को मतदान का अधिकार बिना संघर्ष के मिल गया।

देश में सुशासन आए, अच्छी सरकार बने, देश का विकास हो, हमारा देश विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आए, इन सभी के लिए आपका एक वोट बहुत महत्व रखता है। एक वोट से देश के विकास में फर्क पड़ सकता है। हम सभी मतदाता बने और अपने मत का प्रयोग जरूर करें, यही मेरी सभी से अपील है। उन्होंने वहां पर उपस्थित सौ वर्ष उम्र के बुजुर्गों प्रणाम किया और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना किया।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ने उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलाई कि 'हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे'।

# शार्ट न्यूज

## बच्चों की पोषण स्थित सुधार लाने के लिए हेलो डाक्टर दीदी कार्यक्रम का किया आयोजन



गौराचौकी/गोण्डा। गौरा विधान सभा क्षेत्र के बभनजोत ब्लाक अंतर्गत पिपरादाई व कस्बा ख़ास में बच्चों की पोषण स्थिति व स्वच्छता में सुधार लाने के उद्देश्य से एक पहल हेलो डॉक्टर दीदी कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। यह कार्यक्रम प्रदेश व बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के संयुक्त प्रयास व ग्रुप एम के माध्यम से कुपोषण को दूर करने में सहायक बनेगा। इसकी संकल्पना जन्म से लेकर छः वर्ष के शिशुओं, उनकी माताओं व गर्भवती महिलाओं की पोषण आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान रखने के लिए किया गया है।जिसमें साबुन से हाथ धोने, बाहर की चीजें न खाने की सलाह, बच्चों के स्वास्थ सबंधित पालन पोषण और स्वच्छता के बारे में हैलो डॉक्टर दीदी कार्यक्रम के तहत गांवों में जानकारी दी गई। टोलफ्री नम्बर 07878781003 पर एक मिस्डकॉल करा कर पंजीकरण कराया जाता है जो हर रविवार को हेलो डॉक्टर दीदी के तरफ से फोन आता है जिसमें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जा रही है। ग्रुप एम की एफडी टीम राजेन्द्र गुप्ता वा प्रतिभा और साथ में आंगनबाड़ी कार्यकत्री व आशा की मौजूदगी में कार्यक्रम किया गया।

## एक्शन- थ्रिल से भरपूर चुनौती पूर्ण भूमिकाओं की इंतजार में है मेहनाज़ मान



अभिनेत्री मेहनाज मान ने एक विशेष साक्षात्कार में फिल्म चिड़ियां दा चंबा में चिड़ी के रूप में अपनी अभूतपूर्व भूमिका के बारे में उत्साहपूर्वक चर्चा की। वह चरित्र की जटिलता के बारे में जानकारी देते हुए कहती हैं, चिडी की भूमिका एक चरित्र थी।इसमें कई शेड्स थे। यह घोषणा उनके चित्रण में निहित गहराई और पेचीदगियों को रेखांकित करती है। मेहनाज़ ने खुलासा किया कि उन्होंने इस तरह की कलात्मक रूप से समृद्ध भूमिका का धैर्यपूर्वक इंतजार किया था, उन्होंने सही शुरुआत की तलाश में कई प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया था, चाहे वह हिंदी या पंजाबी सिनेमा में हो। उनका मानना है कि चिडी अपनी भावनाओं के अनकहे पहलुओं को व्यक्त करने का माध्यम बन गई। उनके अपने शब्दों में, मुझे लगता है कि मेहनाज़ का एक अव्यक्त हिस्सा है, और जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी, तो मुझे पता था कि चिडी वह किरदार है जो मेरी दबी हुई भावनाओं को बोलेगी, यही वह सब है जो एक कलाकार चाहता है।

## बहुमुखी भूमिकाओं पर गर्व करती है मधुरिमा तुली

**अनिल बेदाग**



टीवी, ओटीटी और फिल्मों में अपने काम के लिए मशहूर और प्रतिभाशाली अभिनेत्री मधुरिमा तुली को अपनी बहुमुखी भूमिकाओं पर गर्व है। एक फिल्म जिसे वह बेहद पसंद करती हैं वह है 2015 में रिलीज हुई उनकी फिल्म %बेबी%, जिसमें उन्होंने अक्षय कुमार की प्रेमिका अंजलि राजपूत का किरदार निभाया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी और इस फिल्म में अपने रोल के लिए मधुरिमा ने काफी तारीफ़ें बटोरी थी। जैसे ही %बेबी% ने 9 सफल वर्ष पूरे किए, मधुरिमा पुरानी यादों में खो गईं और इस उन्होंने इस अवसर के लिए आभार व्यक्त किया। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने ने लिखा की, बेबी के 9 साल...इस अद्भुत अवसर के लिए आभार व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। बेहतरीन फिल्मों और प्रदर्शनों का जश्न मनाना महत्वपूर्ण है और बेबी को भारत की बेहतरीन जासूसी-थ्रिलर फिल्मों में से एक के रूप में याद किया जाता है।

## जुबिन नौटियाल के गीत मेरे घर राम आए हैं से हुआ मंदिर में भगवान श्री राम का स्वागत




अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन के ऐतिहासिक उत्सव में, राष्ट्र भगवान राम को समर्पित पवित्र धुनों से गूंज उठा था। ऐसा ही एक गीत जिसने रिकॉर्ड बनाए, वह है टी-सीरीज़ का मेरे घर राम आए हैं जो भगवान राम का स्वागत करते हुए एक खूबसूरत धुन है, जिसे जुबिन नौटियाल ने गाया है। मेरे घर राम आए हैं के मनमोहक नोट्स ने लाखों लोगों के दिलों में अपनी जगह बना ली। इतना ही नहीं, यह खूबसूरत गाना अब स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर नंबर 1 स्थान पर है और अकेले यूट्यूब पर इसे 131 मिलियन से अधिक बार देखा गया है। चाहे बच्चे हों, युवा हों या बड़े दर्शक हों, मेरे घर राम आए हैं.के शब्दों ने श्रोताओं के दिलों में सही जगह बना ली है। इस गीत को अयोध्या में मंदिर के अभिषेक से पहले अपार प्यार और सराहना मिली, जिसके कारण यह गीत चार्ट में ऊपर की ओर बढ़ गया। टी-सीरीज़ का भक्ति गीत मेरे घर राम आए हैं जुबिन नौटियाल द्वारा गाया गया है, पायल देव द्वारा संगीत दिया गया है और मनोज मुंतशिर द्वारा लिखा गया है।

# अयोध्या की तर्ज पर होगा नाथ नगरी बरेली का विकास

बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अब अयोध्या के बाद नाथ नगरी बरेली को भव्य, नव्य व दिव्य बनाने की बरेली विकास प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है।

बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने बरेली की आधुनिकता के साथ नाथ नगरी की आध्यात्मिक विरासत को समाहित करते हुए नाथ नगरी कॉरिडोर का विशेष डिजाइन तैयार किया है। बरेली के प्रमुख मार्गों पर नाथ द्वार बनाये जा रहे हैं। शिव के शुभ पवित्र प्रतीक को पत्थर के यूनिपोल पर सुशोभित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त शहर के मुख्य पांच चौराहों पर शिव के शुभ संकेत और प्रतीकों को भी स्थापित किया जाएगा। इससे पूरे शहर में शिवमय आभा प्रदर्शित होगी। डेलापीर तिराहे को त्रिवटी नाथ और डोहरा रोड पर बने द्वार को बनखंडी नाथ के नाम से विकसित किया जा रहा है। बीडीए ने टीडीआर नीति के तहत मुख्य मार्गों को विकसित करने की तैयारी शुरू कर दी है।32.5 किमी के नाथ नगरी कारिडोर के मार्गों के अतिरिक्त शहर के अन्य नाथ सर्किट से जुड़े मुख्य मार्गों को विकसित किया जा रहा है। इससे उनका व्यावसायिक उपयोग किया जा सके। इससे बीडीए और नगर निगम की आय में वृद्धि होगी साथ ही पूरी नगरी का सर्वांगीण विकास होगा। डिजिटल और आध्यात्मिक टूरिज्म को भी बढ़ावा दिया जा सके।

बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने बताया कि नाथ नगरी के सौंदर्यीकरण के साथ ही दिव्य रूप देने के लिए शिव के शुभ प्रतीकों में डमरू, त्रिशूल, नटराज, नंदी, त्रिपुंड और त्रिनेत्र तैयार किए गए हैं। डोहरा रोड और बदायूं रोड पर लाल फाटक के पास नाथ द्वार बनाया जाएगा। इसके अलावा डेलापीर तिराहा और नैनीताल रोड पर भी नाथ द्वारों का निर्माण होगा। चौकी चौराहा, सेटेलाइट, बरेली जंक्शन, इज्जतनगर रेलवे स्टेशन और प्रेमनगर चौराहे पर यूनिपोल लगाकर शिव के शुभ प्रतीक चिन्हों को सुशोभित किया जाएगा।

बरेली विकास प्राधिकरण के सचिव योगेंद्र सिंह ने बताया कि शहर में प्रवेश करते ही नाथ नगरी की आध्यात्मिक आभा आकर्षित करेगी। नाथ नगरी की आध्यात्मिक विरासत के साथ आधुनिकता और स्मार्ट सिटी का सामंजस्य देखने को मिलेगा। इसको लेकर बरेली विकास प्राधिकरण ने डोहरा रोड पर बनखंडी नाथ द्वार का निर्माण किया है।

## महिला स्पेशल कैम्पस ड्राइव में 17 महिला अभ्यर्थियों का चयन

लखनऊ। युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार के साधन उपलब्ध कराने हेतु योगी सरकार लगातार प्रयत्न का रही है। इसी क्रम में गुरुवार को लखनऊ में महिला स्पेशल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें 17 महिला अभ्यर्थियों का चयन किया गया। प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने बताया कि राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में सीखो एवं कमाओ योजना (एनएपीएस) के तहत 2 अथवा 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रोग्राम के लिए टाटा मोटर्स लि. लखनऊ के द्वारा महिला स्पेशल कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर एम ए खां ने बताया कि कैम्पस ड्राइव में कुल 54 महिला अभ्यर्थियो द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें से 17 महिला अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के उपरान्त चयन किया गया। सभी चयनित अभार्थियों के लिए 13605 रुपए प्रतिमाह वेतन एवं कैन्टीन फ्री, ट्रासपोर्ट फ्री, इन्श्योरेन्स 7 लाख, मेडिकल क्लेम 1 लाख, 3 सेट यूनीफॉर्म प्रतिवर्ष, जूते, पीपीई किट एवं कम्पनी द्वारा निर्धारित छूट्टियां तथा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

# पहले नौकरी के लिए भटकते थे युवा, आज नौकरी दे रहे हैं : स्वाती सिंह

## पूर्व मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नवमतदाताओं के साथ सुना वर्चुअली संवाद

**आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है : स्वाती सिंह**



लखनऊ ।कभी हमारे युवा नौकरी के लिए भटका करते थे। आज वही नौकरी देने के लायक बन रहे हैं। यह हमारे प्रधानमंत्री के विश्व व्यापी छवि का ही परिणाम है कि इजारयल जैसा देश हमारे देश से मजदूर मांग रहा है। उसमें यूपी के युवाओं ने बढ़-चढ़कर उत्साह दिखाया।

ये बातें उप्र सरकार की पूर्व मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता स्वाती सिंह ने कहीं। वे लखनऊ के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, इंदिरानगर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नवमाताओं से वर्चुअली संवाद कार्यक्रम में पहुंची थीं।

इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने प्रतिभाग किया और प्रधानमंत्री के बातों को सुना। इस अवसर पर स्वाती सिंह ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। इस बीच कुछ लोगों यह हजम नहीं हो पा रहा है और वे प्रधानमंत्री का विरोध करते-करते राष्ट्र का विरोध करने पर भी उतारू हो जाते हैं।

इसका कारण है कि उनको कभी राष्ट्र प्रेम नहीं रहा। वे तो हमेशा गद्दी से प्रेम करते थे। जब जनता उन्हें समझ गयी तो गद्दी से उतार दिया। इसके बावजूद आज भी वे लोग तानाशाह की तरह बात करते हैँ।

स्वाती सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा करने और समाज की मुख्य धारा से उन्हें जोड़ने के लिए दिन-रात एक कर रहे हैं।

आज हर गरीब तक मेडिकल सुविधाएं पहुंच रही हैं। इससे जीवन प्रत्याशा बढ़ी है। आयुष्मान कार्ड के कारण हर गरीब का भी उच्च स्तरीय इलाज संभव हो सका है।

यही नहीं पहले की अपेक्षा दवाएं सस्ती हुई हैं। जो स्टंट पहले चार-चार लाख खर्च करने पर लगते थे। वे आज सत्तर हजार में लग जाते हैं। इस अवसर भाजयुमो नगर अध्यक्ष वैभव सिंह, प्रधानाचार्य गोपाल राम मिश्र, अंगद गिरी, दीपक यादव, रघुनाथ राय आदि लोग उपस्थित थे।

# वन्यजीव आवासों के एकीकृत विकास पर भी योगी सरकार का फोकस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के समेकित विकास का खाका खींच रही योगी सरकार प्रदेश में वन्यजीवों के संरक्षण व उन्हें आश्रयस्थल मुहैया कराने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इस क्रम में केंद्र सरकार की इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ वाइल्डलाइफ हैबिटैट्स योजना को भी उत्तर प्रदेश में क्रियान्वित करने पर योगी सरकार का विशेष फोकस है। प्रदेश में वन्यजीवों को संरक्षित वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी व अन्य वन क्षेत्रों में संरक्षण प्रदान हो सके इसके लिए वन्यजीव आवासों के एकीकृत विकास की प्रक्रिया को भी सुचारू रखने के दृष्टिगत योगी सरकार ने प्रबंध किए हैं।

इस क्रम में योगी सरकार द्वारा पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन अनुभाग को योजना के कार्यपालन के लिए प्रावधानित 4.85 करोड़ रुपए की धनराशि वित्तीय व प्रशासकीय स्वीकृति के बाद जारी कर दी गई है। इस परियोजना के अंतर्गत होने वाले सभी निर्माण कार्यों को उत्तर प्रदेश शासन की रूलबुक के अनुसार पूर्ण किया जाएगा तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक की देखरेख में सभी निर्धारित कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक इस बात को भी सुनिश्चित करेंगे कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की कोई गुणवत्ता संबंधी शिकायत की गुंजाइश न रहे।

केंद्र सरकार की इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ वाइल्डलाइफ हैबिटैट्स अंब्रेला योजना में प्रोजेक्ट टाइगर (सीएसएस-पीटी), वन्यजीव आवासों का विकास (सीएसएस-डीडब्ल्यूएच) और हाथी परियोजना (सीएसएस-पीई) की केंद्र प्रायोजित योजना शामिल है।











